राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 06 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 97, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com


गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रहीमाबाद थाने में तैनात दरोगा पर अधिवक्ता ने लगाया धमकाने का आरोप....03

घर से निकलते ही कीचड़ में पड़ते हैं पैर, स्वच्छता मिशन की उड़ रही धज्जियां...12

# उत्तर प्रदेश में कल जारी होगा SIR का ड्राफ्ट, वेबसाइट पर भी अपलोड होगी लिस्ट

**● उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का मसौदा मंगलवार को प्रकाशित किया जाएगा. इसे मुख्य चुनाव आयोग, विभागीय चुनाव आयोग की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया जाएगा. इसके साथ ही सूची की हार्ड कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दी जाएगी।**



उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का मसौदा मंगलवार (6 जनवरी) को प्रकाशित किया जाएगा. मुख्य चुनाव आयोग-विभागीय चुनाव आयोग के अधिकारी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची के मसौदे की हार्ड कॉपी वितरित करेंगे. मतदाता सूची का मसौदा मुख्य चुनाव आयोग, विभागीय चुनाव आयोग की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया जाएगा।

इसके साथ ही अनुपस्थित/स्थानांतरित/मृत/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी मुख्य चुनाव आयोग/विभागीय चुनाव आयोग की वेबसाइटों पर अपलोड की जाएगी. अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार (5 जनवरी) को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का मसौदा मंगलवार को प्रकाशित किया जाएगा, जो राज्य की चुनावी तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी कॉपी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) की देखरेख में किए गए इस अभ्यास का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है. अधिकारियों के अनुसार, मसौदा मतदाता सूची की हार्ड कॉपी राज्य भर की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ साझा की जाएगी।

इसका मकसद पार्टी प्रतिनिधियों द्वारा जांच को सुविधाजनक बनाना और उन्हें जहां भी विसंगतियां पाई जाती हैं, वहां आपत्तियां उठाने या सुधार के सुझाव देने में सक्षम बनाना है. राजनीतिक दलों को सीधे तौर पर शामिल करके, आयोग चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता में विश्वास को मजबूत करने का प्रयास करता है।

**आधिकारिक वेबसाइटों पर अपलोड होगी**

मसौदा सूची सीईओ और संबंधित डीईओ की आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड की जाएगी. इस डिजिटल सुविधा से आम जनता के लिए मतदाता सूची आसानी से उपलब्ध होने की उम्मीद है, जिससे नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में जाए बिना अपने विवरण सत्यापित करने की सुविधा मिलेगी।

यह कदम चुनाव प्रबंधन में अधिक सुगमता और दक्षता के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के आयोग के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है. खास बात ये है कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट के रूप में चिह्नित मतदाताओं की सूचियां भी मसौदा मतदाता सूची के साथ ऑनलाइन प्रकाशित की जाएंगी. यह कदम चुनावी डेटाबेस में सटीकता बनाए रखने और दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया गया है।

**आपत्ति दर्ज करा सकेंगे**

नागरिकों और राजनीतिक दलों को इन सूचियों की समीक्षा करने और अगर उन्हें लगता है कि किसी नाम को गलत तरीके से शामिल किया गया है तो आपत्ति उठाने का अवसर मिलेगा. अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि मसौदा सूचियों का प्रकाशन अंतिम चरण नहीं है, बल्कि निरंतर संशोधन की एक व्यापक प्रक्रिया का हिस्सा है. जनता से दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी और अंतिम सूचियों के प्रकाशन से पहले आवश्यक सुधार शामिल किए जाएंगे. यह प्रक्रिया इस बात पर जोर देती है कि आयोग उत्तर प्रदेश में प्रत्येक पात्र मतदाता के विधिवत पंजीकरण को सुनिश्चित करने और मतदाता सूची को त्रुटियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मेरिट ऑवर कैटेगरी... कट-ऑफ क्लियर की तो जनरल सीटों पर भी SC/ST और OBC का अधिकार- सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के मुद्दे पर बड़ा फैसला सुनाते हुए राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें कहा गया था कि आरक्षित वर्ग के वो अभ्यर्थी जो सामान्य (जनरल/ओपन) श्रेणी की कट-ऑफ से ज्यादा अंक हासिल करते हैं, उन्हें शॉर्टलिस्टिंग के चरण में ही ओपन कैटेगरी में माना जाना चाहिए न कि केवल उनकी आरक्षित श्रेणी तक सीमित रखा जाए।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन और उसके रजिस्ट्रार द्वारा दायर अपीलों को खारिज करते हुए 18 सितंबर 2023 के डिवीजन बेंच के फैसले की पुष्टि की. यह मामला अगस्त 2022 में राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया से संबंधित है, जिसमें 2,756 पदों (जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट और क्लर्क ग्रेड-II) के लिए आवेदन मांगे गए थे।

**चयन प्रक्रिया** चयन प्रक्रिया में 300 अंकों की लिखित परीक्षा और 100 अंकों की कंप्यूटर आधारित टाइपिंग परीक्षा शामिल थी. नियम के अनुसार, हर श्रेणी में रिक्तियों के पांच गुना उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के आधार पर टाइपिंग टेस्ट के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाना था. मई 2023 में परिणाम घोषित होने के बाद यह सामने आया कि SC, OBC, MBC और EWS जैसी आरक्षित श्रेणियों की कट-ऑफ सामान्य श्रेणी से अधिक थी. इसके कारण कई ऐसे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार, जिन्होंने सामान्य श्रेणी की कट-ऑफ से अधिक अंक प्राप्त किए थे, लेकिन अपनी श्रेणी की कट-ऑफ से कम अंक होने के कारण शॉर्टलिस्ट नहीं हो पाए. इससे आहत उम्मीदवारों ने राजस्थान हाईकोर्ट का रुख किया और संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के उल्लंघन का आरोप लगाया।

**हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने क्या कहा**



राजस्थान हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने कहा कि श्रेणीवार शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया वैध है, लेकिन जो आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार बिना किसी छूट या रियायत के सामान्य श्रेणी की कट-ऑफ से अधिक अंक लाते हैं, उन्हें ओपन कैटेगरी में ही शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि पहले ओपन/जनरल कैटेगरी की मेरिट लिस्ट केवल योग्यता के आधार पर तैयार की जाए. इसके बाद आरक्षित श्रेणियों की सूचियां बनाई जाए और जो उम्मीदवार पहले ही ओपन कैटेगरी में चयनित हो चुके हों, उन्हें आरक्षित सूची से बाहर रखा जाए. इसके साथ ही हाई कोर्ट ने गलत तरीके से बाहर किए गए उम्मीदवारों को टाइपिंग टेस्ट में शामिल होने का अवसर देने का भी आदेश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने दलील को किया खारिज**

सुप्रीम कोर्ट ने अपीलकर्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि इससे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को डबल बेनिफिट मिल जाएगा. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनरल या ओपन कैटेगरी कोई आरक्षित कोटा नहीं है, यह सभी उम्मीदवारों के लिए केवल मेरिट के आधार पर खुली होती है. बेंच ने कहा कि केवल आवेदन पत्र में आरक्षित श्रेणी का उल्लेख कर देना, किसी उम्मीदवार को स्वतः आरक्षित पद पर नियुक्ति का हक नहीं देता है. उसी तरह यदि कोई आरक्षित वर्ग का उम्मीदवार बिना किसी रियायत के सामान्य वर्ग से बेहतर प्रदर्शन करता है तो उसे ओपन कैटेगरी में ही प्रतिस्पर्धा करने का अधिकार है।

**'प्रक्रिया में एस्टॉपल का सिद्धांत पूर्ण रूप से लागू नहीं होता'**

जस्टिस दीपांकर दत्ता द्वारा लिखे गए फैसले में कहा गया कि भर्ती प्रक्रिया में एस्टॉपल का सिद्धांत पूर्ण रूप से लागू नहीं होता है, खासकर तब जब प्रक्रिया में स्पष्ट अवैधता हो. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार यह कल्पना नहीं कर सकते थे कि जनरल कैटेगरी से बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें ओपन कैटेगरी से बाहर कर दिया जाएगा. ऐसे में उनकी चुनौती को एस्टॉपल के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता है।

कोर्ट ने इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ (1992) और आर.के. सभरवाल बनाम पंजाब राज्य (1995) के फैसलों का हवाला देते हुए दोहराया कि उच्च मेरिट हासिल करने वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को केवल उनकी जाति या श्रेणी के आधार पर समान अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है।

**'ओपन का मतलब ही खुला है'**

इसके साथ ही कोर्ट ने आगे कहा कि 'ओपन' का मतलब ही खुला है. ओपन या जनरल पद किसी भी जाति, वर्ग या श्रेणी के लिए आरक्षित नहीं होते होते हैं. ऐसे पदों पर नियुक्ति केवल योग्यता के आधार पर होती है. सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए सभी अपीलें खारिज कर दीं. यह फैसला भर्ती प्रक्रियाओं में मेरिट को सर्वोपरि मानने और संवैधानिक समानता के सिद्धांत को मजबूत करता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युवक ने घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़ चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**महराजगंज/रायबरेली।** घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और विरोध करने पर युवती के भाई को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पड़ोसी युवक, उसके माता-पिता और भाई सहित कुल चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 4 जनवरी रविवार रात करीब 8 बजे की है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह घर में अकेली सो रही थी, तभी पड़ोसी दिनेश यादव का पुत्र प्रियांशु छत के रास्ते जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि प्रियांशु ने युवती के साथ छेड़छाड़ की और जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। चीख-पुकार सुनकर जब उसका भाई उसे बचाने के लिए कमरे में पहुंचा, तो आरोपी प्रियांशु ने उस पर हमला कर दिया। इसी बीच आरोपी के माता-पिता और भाई भी वहां पहुंच गए और उन्होंने पीड़िता के भाई को घेर लिया। आरोपियों ने उसके सिर पर घातक प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करया तब पीड़ित भाई-बहन की जान बच सकी। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता की तहरीर पर मुख्य आरोपी प्रियांशु, उसके पिता दिनेश यादव, माता और भाई समेत चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, आवागमन मार्गों, कन्ट्रोल रूम एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत आज पुलिस आयुक्त प्रयागराज, मण्डलायुक्त प्रयागराज द्वारा माघ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, आवागमन मार्गों, कन्ट्रोल रूम एवं मेला क्षेत्र के व्यवस्थापन का निरीक्षण किया गया तथा सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त भ्रमण/निरीक्षक के दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था, जिलाधिकारी प्रयागराज एवं अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मी की आपराधिक हरकत ने खाकी की छवि को किया शर्मसार, असलहे से जान से मारने की धमकी, वीडियो आने पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के शहर कोतवाली क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी की आपराधिक हरकत ने खाकी की छवि को शर्मसार कर दिया है। एक स्थानीय दुकानदार की शिकायत पर मालखाना सिपाही श्याम शुक्ला के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि सिपाही ने शराब के नशे में धुत होकर दुकान पर गाली-गलौज, मारपीट और असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मोहल्ला नैपालापुर निवासी विवेक विश्वकर्मा पुत्र गनेशीलाल ने पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुलिस लाइन गेट के सामने स्थित जनरल स्टोर 'बाबा 99' पर 4 दिसंबर 2025 की रात करीब 9:40 बजे सिपाही श्याम शुक्ला शराब के नशे में पहुंचा आरोप है कि आते ही सिपाही ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब विवेक ने इसका विरोध किया तो सिपाही आपा खो बैठा और उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया पीड़ित ने बताया कि सिपाही ने न केवल मारपीट की कोशिश की बल्कि असलहा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया घटना ने पुलिस की कार्यशैली और अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 4 जनवरी 2026 को शहर कोतवाली में मुकदमा संख्या 0007/2026 दर्ज किया गया सिपाही श्याम शुक्ला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 131, 352, 351(2) और 296 के तहत केस पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं व्यापारियों ने आरोपी सिपाही पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है!!

# पेड़ काटने पर हिंसक झड़प दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल, अस्पताल में उपचार जारी



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मरखापुर गांव में रविवार देर शाम पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान एक पक्ष ने धारदार हथियारों और लाठियों से हमला कर दिया, जिससे दो महिलाओं समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, मरखापुर गांव में लंबे समय से पेड़ के स्वामित्व और कटान को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। सोमवार को जब एक पक्ष रामनरेश द्वारा पेड़ काटने का प्रयास किया गया तो दूसरे पक्ष अशोक ने इसका विरोध किया इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट में तब्दील हो गई। आरोप है कि पेड़ काटने पहुंचे रामनरेश, शिवराम और कमलेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर विपक्षी पक्ष पर अचानक हमला कर दिया। हमले में लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया इस हमले में पीड़ित पक्ष के अशोक, उसकी पत्नी समेत दो महिलाएं और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां सभी का उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं पीड़ित अशोक ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष ने पूर्व नियोजित तरीके से हमला किया और जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों का प्रयोग किया। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है सदरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी!!

### जानलेवा हमले का नाबालिग आरोपी गिरफ्तार




**हमीरपुर :-** बीते तीन महीने पहले कस्बे के तहसील रोड में फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के नाबालिग आरोपी को पुलिस ने कम्हरिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि मामले की तीन आरोपी आपरेशन लंगड़ा के तहत पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। बीते लगभग तीन महीने पहले मामूली बात को लेकर उपजे विवाद में चार लोगों ने बाईक मिस्त्री रागौल निवासी स्वतंत्र कुमार पुत्र रामेश्वर पर लाठी डण्डा और हाकी से मारपीट करने के बाद जान से मारने की नियत से फायरिंग कर घायल कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी आरोपियों को अलग अलग स्थानों से आपरेशन लंगड़ा के तहत गिरफ्तार कर लिया था लेकिन कम्हरिया निवासी दिलावर पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था जिसे पुलिस ने कम्हरिया में आरोपी के घर के निकट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है।

# रिश्वतखोर ए एन ए एम. पर मेहरबान सी एम ओ खीरी

**● सी एच सी सी अधीक्षक पसगवां पर लग रहे मिलीभगत होने के आरोप**

**स्वस्थ्य उपकेंद्र बचगवा की ए0 एन0 ए0एम0 नीरज पर पैसा लिए जाने का लगाया आरोप।**

**सरकारी वेतन से नहीं भर रहा पेट , गरीब मजदूर मरीजों से कर रही अवैध वसूली**

**उचौलिया खीरी।** भले ही सूबे के मुखिया भ्रष्टाचार के समूल सफाए के बड़े बड़े दावे और बादे करने के साथ साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टार्लेस नीति लागू कर रहे हो लेकिन इसका असर पसगवां सी एच सी के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य उप केंद्र बचगावां की ए एन ए एम नीरज पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। जिसके चलते यह केन्द्र ऐ एन ए एम की कमाई का जरिया बनकर रह गया है। उप केंद्र पर व्याप्त व्यापक स्तरपर मरीजों से अवैध वसूली के मामले पर सी एच सी अधीक्षक मौन साधे हुए देखे जा सकते हैं। जिसके चलते सरकार की मंशा को तो ग्रहण लग ही रहा है साथ ही साथ जिले पर बैठे महकमे के अफसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की भी साख पर बट्टा लगाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह पर हर कार्य के लिए रेट फिक्स कर रखे हैं ए एन ए एम नीरज ने बिना सुविधा शुल्क दिए कोई काम संभव ही नहीं है। यह पर गरीब मजदूरी पेशा लोगो को निःशुल्क सुविधा महज सपना बनकर रह गया है।

मामला ब्लाक पसगवां के ग्राम पंचायत बचगावां के स्वास्थ्य उपकेंद्र बचगावां में कार्यरत ए0एन0ए0एम नीरज का आलम यह है कि यदि स्वास्थ्य उपकेंद्र में कोई प्रसव कराने को मरीज आता है तो पीडत परिवार वालों से प्रसव के दौरान सुबिधा शुल्क के नाम 3500 से लेकर 4000 रुपये तक लिए जाते हैं। अगर सुबिधा शुल्क नहीं दिया जाता है तो परिवार वालों को बताया जाता है कि गर्भवती महिला की तबियत ज्यादा शिरियश प्राइवेट हॉस्पिटल को रेफर कर दिए जाने की बात कही जाती है।

प्राइवेट अस्पताल का डर दिखा सुबिधा शुल्क लिया जाता है। नाम ना बताने की शर्त पर गुप्त विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर 1000 से लेकर 1500 तक वसूल किए जाने के आरोप ए0एन0ए0एम0 नीरज पर लगाए




गए है।जो इस समय चर्चा का विषय बना हैं। शायद सरकार से मिलने वाले वेतन से मैडम का पेट ही न भरता है। जो निरीह और गरीब मजदूरी पेशा लोगो से अवैध वसूली कर सरकार की छवि धूमिल की जा रही हैं। अवैध वसूली में लिप्त ए एन ए एमस्वास्थ्य उप केंद्र बचगवा पर कार्रवाई करने से क्यों बचते नजर आ रहे सी एच सी अधीक्षक और सी एम ओ खीरी यक्ष प्रश्न बना है।

लोगो का कहना है कि आखिर कब होगी कार्रवाई और मरीजों से अवैध वसूली पर लगाई जाएगी रोक। मामले की लिखित शिकायत कर उप केंद्र पर चल रहे अवैध वसूली के खेल की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी उप केंद्र की ए एन ए एम के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग करने की बात सामने आई है। अब देखना है कि जिम्मेदार अधिकारी की कुंभकर्णी नीद टूटती हैं और होती हैं कार्रवाई या फ़िर यू ही अवैध वसूली का खेल जारी रहेगा।

# होमगार्ड की हुई भावभीनी विदाई

**● ऑफिस कार्य में कुशलता की वजह से रहता था विशेष सम्मान**

**हमीरपुर-** जनपद के बिवांर थाना में तैनात होमगार्ड जगन्नाथ प्रजापति को बुधवार के दिन सेवानिवृत्त होने पर बिवांर थाना परिसर में भावभीनी विदाई दी गई।अपने विभाग और पुलिस महकमे के बीच आचार्य जी की उपाधि से चर्चित जगन्नाथ बीते 4 मार्च 1995 में होमगार्ड बने थे ,जिनका कार्यकाल 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त हो गया।होमगार्ड जगन्नाथ को थाना के ऑफिस कार्यों में महारथ हासिल थी ,इसलिए उन्हें सभी थाना प्रभारी समेत सभी दरोगा और दीवान ,मुंशी सभी विशेष सम्मान देते थे और सभी उनसे ऑफिस का काम सीखते थे। थाना प्रभारी नन्दराम ने जगन्नाथ को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि जगन्नाथ होमगार्ड होते हुए भी किसी



कार्यकुशलता में किसी दीवान और एसआई से कम नहीं थे और इनका पूरा कार्यकाल साफसुथरा और विवादहीन रहा है।आखिर में हैड कॉन्स्टेबल सुकेंद्र चौधरी थाना की जीप से उन्हें घर तक छोड़ने गए।



## संक्षिप्त खबरें

### टेंट हाउस की दुकान में अचानक लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक




**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहरा बाजार, महाराजगंज के कमल टेंट हाउस में भोर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपए के टेंट के सामान आग की भेंट चढ़ चुके थे।हरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहरा बाजार में रविवार की भोर में कमल टेंट हाउस में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर गई। चारों ओर फैले धुएं और आग की लपटों को देखकर लोग भयभीत हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत टेंट हाउस के मालिक और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों ने कई घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक टेंट हाउस में रखा लाखों रुपए का सामान आग की भेंट चढ़ चुका था। फिलहाल इस अग्निकांड में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हुए हैं।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत उसका बाजार और उद्धारक इंटरप्राइजेज द्वारा नगर के सरदार पटेल नगर वार्ड के श्री कृष्णा द स्कूल में स्वच्छ उत्तर प्रदेश मुहिम के अंतर्गत सोमवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वृहत रूप से बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों और उससे जुड़ी हुई कूड़े के सेग्रीगेशन और साफ़ सफाई से संबंधित जानकारी दिया है। अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव ने कहा कि इस मुहिम को हम सभी साथ मिल कर आगे ले जाएंगे। इस ट्रेनिंग में ट्रेनर मधुकर ने बच्चों के साथ कूड़े के पृथक्करण को लेकर जानकारी दी और उन्होंने इसे जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। मास्टर ट्रेनर आदित्य शुक्ला ने बच्चों को गेम और टूल के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पाण्डेय, सुभाष यादव, सतेंद्र पाण्डेय, शिव कुमार ब्रिज किशोर आदि रहे।

### 197 सड़क हादसों में 139 लोगों ने गंवाई जान, 136 घायल




**बलरामपुर-** जिले में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ा है। वर्ष 2024 के मुकाबले 2025 में न सिर्फ सड़क हादसों की संख्या बढ़ी है, बल्कि मौतों का आंकड़ा भी बढ़ा है। जागरूकता कार्यक्रमों के बाद भी सड़क हादसों में कमी नहीं आई है। 2024 की अपेक्षा वर्ष 2025 में सड़क हादसों में 5.35, जबकि हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या में 12.10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं घायलों की संख्या भी 7.94 प्रतिशत बढ़ी है।वर्ष 2024 में जहां कुल 187 सड़क हादसे हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 197 पहुंच गई है। 2024 में हुए सड़क हादसों में जहां 124 लोगों ने जान गंवाई थी, वहीं वर्ष 2025 में 139 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही घायलों की संख्या भी 126 से बढ़कर 136 हो गई है। माहवार आंकड़ों पर नजर डालें तो जनवरी, फरवरी, मार्च व मई में सबसे अधिक मौतें हुई हैं। जनवरी में मौतों की संख्या 85.71 प्रतिशत बढ़ी, जबकि फरवरी व मई में यह बढ़ोतरी 100 प्रतिशत तक पहुंच गई। मार्च में भी हादसों व मौत के आंकड़ों में बढ़ोतरी हुई है। एमएलके महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. राजीव रंजन का मानना है कि तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और जागरूकता की कमी हादसों की बड़ी वजह बन रही है। जिले में शायद ही कोई दिन ऐसा हो जिस दिन हादसे में किसी ने जान न गंवाई हो। वर्ष भर जिले में जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, फिर भी हादसों में कोई कमी नहीं आई है।

# सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा लगाए गए निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर ने लोगों के दिल में फिर से जला दी उजाले की लौ

**●बेसहारों की सहारा बन रही रानी शाम्भवी सिंह, गरीबों की मसीह के रूप में कर रही कार्य**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र भेटुआ के ग्राम कमासिन, जोगनी माई धाम की धरती उस दिन कोई आम गाँव नहीं रही। उस दिन यह जगह उन सैकड़ों लोगों के लिए आस बन गई, जो बरसों से धुँधली आँखों और बेबसी के सहारे ज़िंदगी काट रहे थे। किसी को ठीक से रास्ता नहीं दिखता था, किसी को अपनों का चेहरा याद तो था, पर दिखता नहीं था। ऐसे में सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा लगाए गए निःशुल्क नेत्र जाँच एवं विभागीय शिविर ने लोगों के दिल में फिर से उजाले की लौ जला दी।इस सेवा कार्य की आयोजक एवं मुख्य अतिथि बहुरानी शाम्भवी सिंह सुबह से लेकर शाम तक शिविर में डटी रहीं। न कोई तामझाम, न कोई दूरी–वह सीधे लोगों के बीच बैठीं। किसी बुजुर्ग का हाथ थामकर उसका हाल पूछा, किसी माँ की आँखों से बहते आँसू देख खुद भी भावुक हो उठीं। कई लोगों ने भर्राई आवाज़ में बस इतना ही कहा– 'आज पहली बार लगा कि कोई सच में हमारा भी है। 'जनसंवाद के दौरान बहुरानी शाम्भवी सिंह ने कहा कि गाँव-देहात के गरीब और मजबूर लोग सालों से इलाज के बिना ही दर्द सहते आ रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि जब तक आख़िरी पंक्ति में खड़े इंसान की आँखों में रोशनी और चेहरे पर चैन नहीं आ जाता, तब तक उनकी सेवा नहीं रुकेगी। जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताक़त और ईश्वर का आशीर्वाद है। उन्होंने साफ़ शब्दों में कहा कि उनके लिए जनसेवा कोई राजनीति नहीं, बल्कि जीवन का धर्म है। अगर व्यवस्था किसी बूढ़े की आँखों का अँधेरा नहीं मिटा पाए, तो ऐसी व्यवस्था का कोई मतलब नहीं। उन्होंने संकल्प लिया कि कोई भी गरीब, बुजुर्ग या असहाय व्यक्ति केवल पैसों के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा–यह उनका पक्का वादा है।शिविर में 240 से ज़्यादा लोगों की आँखों की जाँच की गई, साथ ही शुगर जाँच की सुविधा भी दी गई। जाँच के बाद 13 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए अमेठी आई हॉस्पिटल रेफर किया गया। जब बुजुर्गों को बताया गया कि ऑपरेशन के बाद फिर से सब साफ़ दिखाई देगा, तो कई आँखों से आँसू बह निकले–ये आँसू दर्द के नहीं, उम्मीद के थे। इसके अलावा 12 परिवारों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जो उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।कार्यक्रम में पूर्व प्रधान कमलेश सिंह, ब्रजलाल कस्यप, राम सजीवन गुप्ता, रबलु सिंह, राजू तिवारी, भगौती प्रसाद यादव, विनोद कुमार शुक्ल, बद्री प्रसाद सिंह, आलोक सिंह, दिलीप राज कनौजिया, सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। माहौल ऐसा था कि साफ़ महसूस हो रहा था–आज न राजनीति बोल रही थी, न भाषण, आज सिर्फ़ इंसानियत बोल रही थी।

समापन पर डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया गया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को डाबर कंपनी द्वारा दिया गया टूथपेस्ट और जूस वितरित किया गया।

### संगीतमय कथा, जागरण का समापन

**टिकरी-** साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं जागरण कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान थाना अध्यक्ष वजीरगंज बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी को कथा व्यास डॉ. शैल बिहारी दास (लाडली आश्रम, वृंदावन) द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनकापुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजाद विक्रम सिंह, ग्राम प्रधान टिकरी संतोष सिंह, केहर सिंह, सूरज सिंह, अभिमन्यु सिंह, अंकुर सिंह, अंकित सिंह,अमित सिंह, गिरजा पांडे, बीनू सिंह,ओम प्रकाश पांडे, मन्नू पांडे, चंचल तिवारी, नारायण दत्त तिवारी, धर्मचंद पांडे, इंदर वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के यजमान सीता सिंह ने उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं आयोजक पुरुषोत्तम आनंद सिंह उर्फ आशीष सिंह (एसओजी प्रभारी, गोरखपुर) ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान बढ़ाया। रात्रि जागरण में सुल्तानपुर से आए भजन गायक धर्मेंद्र पांडे ने अपने भजनों और गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के भव्य स्वागत की तैयारी

**●भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के भव्य स्वागत की तैयारीब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार ने ग्राम प्रधानों के साथ किया तैयारी बैठक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के 5 जनवरी को गोरखपुर में प्रथम आगमन को लेकर तैयारियां लगातार जारी है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री एवं साऊघाट ब्लॉक प्रमुख अभिषेक कुमार के नेतृत्व में ब्लाक परिसर में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।भाजपा नेता अभिषेक कुमार ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ तैयारी बैठक में कहा कि कार्यकर्ता 5 जनवरी 2026 को प्रातः 8 बजे तक बस्ती टोल प्लाजा पर एकत्र होंगे। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ता एक विशाल काफिले के रूप में गोरखपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत के पश्चात सभी कार्यकर्ता गोरखपुर एयरपोर्ट होते हुए क्षेत्रीय कार्यालय रानीडीहा पहुंचेंगे, जहां प्रातः 10.30 बजे उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम आगमन पूरे पूर्वांचल के लिए ऐतिहासिक क्षण है। भाजपा संगठन पूर्ण उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाएगा। तैयारी बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय यादव, ग्राम प्रधान पवन वर्मा उर्फ पिंटू, रंजीत यादव, सूरज मिश्रा, ग्राम प्रधान दिनेश चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि आत्माराम, मुक्तेश्वर यादव, अजय सिंह गौतम, ग्राम प्रधान विजय पांडे, अनिल चौधरी, अंकुर कुमार, राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील तिलोई में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद स्मृति के कैलेंडर को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे जिला अध्यक्ष

**●आंग्ल नव वर्ष 2026 की बधाई के साथ कार्यकर्ताओं को भेंट कर रहे नववर्ष के कैलेंडर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** आंग्ल नववर्ष 2026 की बधाई के साथ अमेठी की पूर्व सांसद पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री दीदी स्मृति के कैलेंडर को लेकर संगठन के बीच मे पहुंचे भाजपा जिलाअध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने शाहगढ मण्डल से शुरुआत की। मण्डल के पदाधिकारी , सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष के सामने संगठन के आगामी कार्यकर्मो की चर्चा की दीदी के द्वारा किये गए विकास कार्यों को बताया और संगठन के सभी पदाधिकारियों को दीदी का कैलेंडर दे कर नये वर्ष की शुभकामनाये प्रेषित की। संगठन नीचे तक मजबूत हो इसके लिए कार्यकर्ताओं मे जोश भरा जिला अध्यक्ष सुधांशु सुगना ने कहा कि आगे दो तीन दिनों मे सभी जिले के सभी बूथ मे कैलेंडर पहुँचेगा। बताते चले अमेठी में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को संगठित करते हुए शिखर तक पहुंचने वाली पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने हमेशा कार्यकर्ताओं का ध्यान दिया, जहां उन्होंने एक तरफ अमेठी का सर्वांगीण विकास किया वहीं दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेशा भागीदार रही है ,चाहे नववर्ष हो, होली हो, दीपावली हो, कार्यकर्ताओं तक अमेठी के जनमानस तक उनके द्वारा भेजा गया उपहार हमेशा मिला है। यही नहीं जब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हुआ तब मंदिर का प्रसाद भी स्मृति ईरानी ने अमेठी के प्रत्येक घर में भेजने का कार्य किया था। अमेठी से उनका दिल का जुड़ाव है ,अमेठी की जनता से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं यह उनकी कार्यशैली बयां करती है, शारदीय नवरात्रि हो या फिर चैत्र नवरात्रि हमेशा अमेठी के मंदिरों में हवन, पूजन सामग्री और अमेठी वासियों के खुशहाली की कामना उन्होंने की है, उनकी कार्यशैली में कभी भी बदलाव नहीं आया क्या जीत में क्या हार में, आज वह अमेठी की संसद नहीं है उसके बाद भी अमेठी के विकास के लिए ,अमेठी वासियों की खुशहाली के लिए सतत प्रयत्नशील हैं हर पल हर घड़ी उन्हें सिर्फ और सिर्फ अमेठी की चिंता है।और इसी कड़ी में आंग्ल नव वर्ष की शुभकामनाएं देने और नव वर्ष का कैलेंडर घर-घर पहुंचने का कार्य उनके मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष सुधांशु द्वारा द्वारा कराया जा रहा है।इस कार्यक्रम मे युवा मोर्चा जिलाअध्यक्ष विशुव मिश्रा, शाहगढ मण्डल अध्यक्ष काशी प्रसाद मिश्रा, वीरेंदर दुबे, शिवम् शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# सेवा, साहित्य और संकल्प का संगमः डॉ वीके वर्मा का 60वाँ जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया

**●-गोटवा स्थित पटेल एस एम एच हॉस्पिटल में साहित्यिक गोष्ठी, डॉ वीके वर्मा को मिला साहित्य शिल्पी सम्मान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केप्रेस क्लब बस्ती के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ समाजसेवी, प्रख्यात चिकित्सक, साहित्यकार एवं डॉ वीके वर्मा एजुकेशनल ग्रुप के प्रबंधक डॉ वीके वर्मा का 60वाँ जन्मदिन गोटवा स्थित पटेल एस एम एच हॉस्पिटल में गरिमामय वातावरण में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर साहित्य, सेवा और सामाजिक सरोकारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। जन्मदिन समारोह के अवसर पर एक भव्य साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय कवि डॉ राम कृष्ण लाल 'जगमग' की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में जनपद के प्रतिष्ठित साहित्यकारों एवं कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। काव्य पाठ करने वालों में विनोद उपाध्याय, सतीश आर्य, दीपक सिंह 'प्रेमी', डॉ अफजल हुसैन 'अफजल', जगदम्बा प्रसाद 'भावुक', अर्चना श्रीवास्तव, काजी अनवार 'पारसा', सागर गोरखपुर, आदित्यराज 'आशिक' एवं हरिकेश प्रजापति प्रमुख रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया।

इस अवसर पर साहित्यिक संस्था अदबी संगम बस्ती द्वारा डॉ वीके वर्मा को उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए 'साहित्य शिल्पी सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में डॉ वीके वर्मा ने कहा कि उनके जीवन का मूल उद्देश्य मानव सेवा है। उन्होंने बताया कि उनके अस्पताल में आने वाले मरीजों से न तो कोई फीस ली जाती है और न ही बेड चार्ज। जांच भी केवल आवश्यकता पड़ने पर कराई जाती है, वह भी न्यूनतम खर्च में। उन्होंने कहा कि धन के अभाव में कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे, यही उनका संकल्प है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अफजल हुसैन 'अफजल' ने किया। डॉ वीके वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के निदेशक डॉ आलोक रंजन वर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता से निरंतर सीखने का अवसर मिल रहा है और वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगामी पाँच वर्षों में गोटवा में मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने की मंशा भी व्यक्त की। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय एवं अध्यक्षीय भाषण में डॉ राम कृष्ण लाल 'जगमग' ने डॉ वीके वर्मा के संघर्षपूर्ण जीवन, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेवी एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्वदेशी व्यापार मेले में मंच लगाकर हुआ अश्लील डांस, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के सक्सेरिया इण्टर कालेज ग्राउण्ड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ''स्वदेशी व्यापार मेले की शुरूआत हुई। बस्ती की जनता और बिगडैल लौन्डों को प्रेरित करने वाली इस प्रदर्शन का उद्घाटन भाजपा अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा ने किया। पुलिस भी मजे ले रही है। यहां याद दिलाना जरूरी है बस्ती में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अगले तीन माह तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। इसमें बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ जुटाने, हथियारों के प्रदर्शन और वर्ग विशेष के बैनर लगाने पर रोक लगाई गई है। प्रदर्शनी को सांस्कृतिक आयोजन बताकर अनुमति ली गई है या फिर नग्नता परोसने के लिये। न सुरक्षा के इंतजाम और न ही ट्राफिक मैनेजमेन्ट, प्रदर्शनी पर जिला प्रशासन क्यों इतना मेहरबान है समझ से परे है।

नग्नता, अश्लीलता, फूहडता परोस कर पैसा कमाने का नया ट्रेंड चल पड़ा है। चाहे सोशल मीडिया हो या फिर सार्वजनिक स्थानों पर नग्न प्रदर्शन, इसके जरिये लोग आसानी से फेमस हो रहे हैं और खूब पैसा कमा रहे हैं। युवा पीढ़ी इसी चक्कर में बरबाद हो रही है। बस्ती के सक्सेरिया इन्टर कालेज में लगे स्वदेशी मेले के उद्घाटन अवसर पर स्टेज शो के लिये बुलाई गई दो भोजपुरी नर्तकियों ने बस्ती के युवाओं के सामने मंच पर ऐसी नग्नता और फूहड़ता परोसी कि कभी भी बवाल हो सकता था। अश्लील इशारे देख हर किसी को डर था कि बस्ती के दिलफेंक टाइप के युवा कहीं मंच पर चढ़कर नर्तकी का हाथ न पकड़ लें। उतावलापन, अराजकता सब आसमान पर थी। वह भी तब जब सुरक्षा के इंतजाम न हों। हालांकि दर्जनों बाउंसर लगाकर प्रदर्शनी का आयोजक तमाशबीन बना रहा। लेकिन बवाल बढ़ने पर बाउंसर नर्तकियों की सुरक्षा करते न कि बस्ती की कानून व्यवस्था संभालते। बस्ती जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू होने के बाद किन सुरक्षा मानकों पर प्रदर्शनी लगाने की अनुमति दी हमे नही मालूम लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही साफ तौर पर देखी गयी।

# तेंदुए के हमले में दो साल में 7 की मौतः बलरामपुर में 6 परिवारों को मिला 30 लाख का मुआवजा, जागरूकता पर 14 लाख खर्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** जिले में सोहेलवा जंगल से सटे भारत-नेपाल सीमा के गांवों में बीते दो वर्षों से तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है। इस दौरान तेंदुए के हमलों में नेपाली महिला समेत सात लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई ग्रामीण घायल हुए हैं। लगातार घटनाओं के चलते सीमावर्ती इलाकों में डर का माहौल है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है।वन विभाग के मुताबिक, तेंदुए के हमलों में मारे गए सात लोगों में से छह मृतकों के परिजनों को शासन की ओर से कुल 30 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। हालांकि पचपेड़वा थाना क्षेत्र के परसरामपुर गांव में मारी गई नेपाली महिला का शव परिजन नेपाल ले गए थे, जिसके चलते नियमों के तहत मुआवजा नहीं मिल सका।जागरूकता और सुरक्षा उपायों पर 14 लाख खर्च

डीएफओ गौरव गर्ग ने बताया कि तेंदुए के खतरे को देखते हुए वन्यजीव आवासों का एकीकृत विकास (IDWH) योजना के तहत बीते दो वर्षों में सुरक्षा और जागरूकता के लिए खर्च किया गया है।इसके तहत लगभग 7 लाख रुपये पंफलेट वितरण, ड्रोन से निगरानी, ई-रिक्शा से प्रचार-प्रसार और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने जैसे कार्यों पर खर्च हुए। इसके अलावा करीब 7 लाख रुपये अन्य मदों में सुरक्षा और जनजागरूकता पर व्यय किए गे । खेतों और बस्तियों तक पहुंच रहा तेंदुआ। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से सटे खेतों और आबादी वाले इलाकों में तेंदुए की आवाजाही आम हो गई है। शाम ढलते ही लोग घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों और महिलाओं को अकेले बाहर निकलने से रोका जा रहा है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लगातार हमलों से डरे ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए के आतंक से निजात के लिए ठोस और स्थायी समाधान की मांग की है।

# बलरामपुर में घने कोहरे में दुर्घटना रोकने लगे रेडियम लाइटःनगर के प्रमुख मार्गों पर तिरंगा लाइट भी स्थापित, सुरक्षा बढ़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** नगर पालिका परिषद ने घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक पहल की है। नगर की सीमा से सभी प्रमुख मार्गों पर लगे बिजली के खंभों पर रेडियम और तिरंगा लाइटें लगाई गई हैं।बलरामपुर में घने कोहरे में दुर्घटना रोकने लगे रेडियम लाइटःनगर के प्रमुख मार्गों पर तिरंगा लाइट भी स्थापित । बलरामपुर नगर पालिका परिषद ने घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक पहल की है। नगर की सीमा से सभी प्रमुख मार्गों पर लगे बिजली के खंभों पर रेडियम और तिरंगा लाइटें लगाई गई हैं। यह कार्य नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देश पर तेजी से पूरा किया गया। रविवार देर शाम नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि कोहरे के कारण कम दृश्यता से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए तुलसीपुर रोड, गोंडा रोड, उतरौला रोड और बहराइच रोड सहित नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर हजारों खंभों पर रेडियम पट्टियां और तिरंगा लाइटें लगाई गई हैं।

उन्होंने आगे बताया कि इन रेडियम और लाइटों की मदद से रात में और घने कोहरे में सड़क किना रे लगे खंभे दूर से ही स्पष्ट दिखाई देंगे। इससे वाहन चालकों को मार्ग का सही अनुमान लगाने में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

नगर पालिका के इस प्रयास की आम नागरिकों और वाहन चालकों ने सराहना की है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा और सुविधा पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी आवश्यकतानुसार सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य कार्य कराए जाएंगे, ताकि नगर को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# रबी सत्र में बोई गई फसलों के डिजिटल क्राप सर्वे का हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद में रबी सत्र 2025-26 में बोई गई फसलों के डिजिटल क्रॉप सर्वे का शुभारंभ किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव एवं कृषि विभाग के सर्वेयर राहुल कुमार पटेल द्वारा सदर तहसील के गड़ई चकदेईया ग्राम में कृषक केदारनाथ एवं लालमनि के खेत में बोई गई सरसों एवं गेहूं की फसलों का मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं सर्वेक्षण किया गया। डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य कृषि एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक एवं प्राइवेट सर्वेयर द्वारा प्रत्येक भूखंड पर जाकर फोटो कैप्चर करते हुए किया जा रहा है। यह सर्वे 5 जनवरी से15 फरवरी 2026 तक जनपद के 1798 राजस्व ग्रामों में स्थित कुल 11,77,809 भूखंडों पर किया जाएगा। साथ ही 30 जनवरी 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री वृहद स्तर पर पूर्ण कराई जाएगी। समस्त कृषकों से अपील की गयी है कि वे 30 जनवरी 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, ताकि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी पुलिस भर्ती, आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस, पीएसी, सशस्त्र पुलिस, विशेष सुरक्षा बल, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर के कुल 32,679 पदों पर होने वाली सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा में एक बार 3 वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किया गया है। इस संबंध में शासनादेश 05 जनवरी 2026 को जारी किया गया है, जो 31 दिसंबर 2025 को प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में प्रभावी होगा। आयु में यह छूट सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए लागू होगी और केवल एक अवसर के लिए मान्य रहेगी। सरकार के इस निर्णय से वे अभ्यर्थी लाभान्वित होंगे, जो पूर्व में आयु सीमा के कारण भर्ती प्रक्रिया से बाहर रह गए थे। निर्णय के बाद प्रदेश भर के युवाओं में उत्साह का माहौल है।

### चोरी के शक में पुलिस ने युवकों को पीटा विधायक श्याम सुन्दर भारती ने की कार्यवाही की मांग



**महराजगंज रायबरेली।** बीते दो दिन पूर्व मिल एरिया थाना क्षेत्र में किराना व्यापारी नीरज गुप्ता की दुकान में हुई चोरी के मामले में शक के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस ने सरदार गांव निवासी तीन युवकों की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस की थर्ड डिग्री में पूरे सरदार गांव निवासी युवक रिंकू की हालत पुलिस की प्रताड़ना के बाद गंभीर हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मनमानी व बेकसूर युवकों को फंसाकर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया था। लोगों का आरोप है । घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस के प्रति खासा आक्रोश है। सोमवार को बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती ने सरदार का पुरवा पहुंच कर प्रताड़ित युवकों रिंकू पुत्र अर्जुन, श्यामू पुत्र महादेव व राजेश पुत्र हरीशंकर के घर जाकर हालचाल जाना इस दौरान उन्होंने परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी। विधायक श्यामसुंदर भारती ने बताया कि पुलिस की थर्ड डिग्री से रिंकू की हालत गंभीर बनी हुई है। एक महीने पहले गंभीर बीमारी से पीड़ित रिंकू एम्स अस्पताल से वापस आया था। उसका स्वास्थ्य सुधरता तब तक व पुलिस की थर्ड डिग्री का शिकार हो गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह से मामले की निष्पक्षता से जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### साहित्य व समाज के कर्मयोगियों को सम्मानित करेगी बैसवारा साहित्यिक संस्था




**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के निरालानगर में सोमवार को बैसवारा साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था की बैठक आयोजित हुई। बैठक में साहित्य संरक्षण और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा हुई। साथ ही साहित्यिक व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन अवनेंद्र बहादुर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बैसवारा क्षेत्र साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है। यहां बड़ी संख्या में लेखक, कवि, गीतकार, गजलकार और आलोचक हैं। इसके बावजूद साहित्य से जुड़े लोगों को अपेक्षित पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने क्षेत्र की साहित्यिक और ऐतिहासिक विभूतियों से जोड़ना जरूरी है। इससे युवाओं की बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। कहा कि संस्था लंबे समय से प्रबुद्ध वर्ग को एक मंच पर लाने का कार्य कर रही है। इस दौरान पर्यावरणविद व भूगोलवेत्ता डॉ. महादेव सिंह सहित पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली अन्य विभूतियों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया है। इस मौके पर डॉ. अविनाश सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, हरिनाम सिंह, अवनेंद्र सिंह, राहुल सिंह भदौरिया, अवनीश सिंह, राजेश सिंह, राम प्रताप सिंह, आशीष सिंह, सुरेश आचार्य, रविंद्र सिंह, बैसवारा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अरुण सिंह मुन्ना, वीरेंद्र सिंह, विवेक शर्मा, बैजनाथ विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रहीमाबाद थाने में तैनात दरोगा पर अधिवक्ता ने लगाया धमकाने का आरोप

● .....तहसील दिवस में अधिवक्ताओं ने दरोगा के विरुद्ध शिकायत कर की कार्यवाही की मांग।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** एक अधिवक्ता ने चकमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर थाना रहीमाबाद में शिकायत की तो रहीमाबाद के एक दारोगा द्वारा उसे थाने पर बुलाकर धमकाया गया और कहा गया कि इतनी धाराओं में मुकदमा लगाएंगे की सारी वकालत भूल जाओगे। नाराज अधिवक्ताओं ने सोमवार को तहसील समाधान दिवस के अवसर पर मलिहाबाद में दरोगा के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विरोध जताया और उस पर जल्द कार्यवाही की मांग की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर दरोगा पर कार्यवाही नहीं की गई तो समस्त अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। अधिकारियों ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

थाना रहीमाबाद क्षेत्र के रुसेना मजरे मोहज्जीपुर गांव निवासी विमलेश कुमार राठौर अधिवक्ता हैं।

उन्होंने बताया कि उनकी भूमि के आगे चैना बेलवार खेड़ा चौराहे पर चकमार्ग की जमीन है जहां पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने थाना रहीमाबाद पर की थी लेकिन उल्टे दरोगा उमेश यादव ने विपक्षी से कहा कि तुम्हारा कब्जा है तुम कब्जा कर सकते हो। वही आरोप है कि विमलेश राठौर व विपक्षी को बुलाकर थाने पर पीड़ित को अलग ले जाकर दरोगा उमेश यादव ने कहा कि ज्यादा वकालत झाड़ोगे तो तुम्हारे खिलाफ इतनी धाराओं में मुकदमा लिखेंगे की सारी वकालत करना भूल जाओगे। आहत अधिवक्ता ने सोशल मीडिया पर रविवार को आपबीती बताते हुए वीडियो जारी किया था।

सोमवार को तहसील समाधान दिवस में दर्जन भर अधिवक्ता मलिहाबाद तहसील पहुंचे। अधिवक्ता को धमकाने के मामले में अधिकारियों से लिखित शिकायत की और उस पर तत्काल कार्यवाही की मांग की। कार्रवाई न होने पर अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कार्यवाही न होने पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

### तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील सभागार महराजगंज में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान एडीएम ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में पुलिस की 14, राजस्व की11, विकास की 3 व अन्य की 2 सहित कुल 30 शिकायतें आई। जिनमें से मौके पर केवल 5 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है। अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़े मामलों में स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान एसडीएम गौतम सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील में संपूर्ण समाधान दिवसः वोटर लिस्ट में गड़बड़ी समेत 109 शिकायतें दर्ज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर में सोमवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशबीर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत मतदाता सूची से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। मेरुई गांव निवासी गौरव सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम सभा की पंचायत निर्वाचक मतदाता सूची में गांव के ही एक अविवाहित युवक के नाम पत्नी के रूप में एक अज्ञात महिला का नाम दर्ज है, जबकि संबंधित व्यक्ति की अब तक शादी नहीं हुई है। उन्होंने मामले की जांच कराकर वोटर लिस्ट में संशोधन कराने की मांग की।

इसी क्रम में पूरे ब्राह्मण मजरे गेगासों गांव निवासी राजकुमार पांडे ने गांव के एक व्यक्ति पर ट्यूबवेल पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर को आरोपी द्वारा ट्यूबवेल का स्टार्टर और तार उखाड़कर फेंक दिए गए। बेलहनी गांव के प्रधान अखिलेश यादव ने गांव स्थित पशु चिकित्सालय की मरम्मत कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं सरेनी क्षेत्र के सिंघौर तारा गांव निवासी अशोक सिंह ने सहन की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना है कि कुछ लोगों ने टिन शेड लगाकर जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 109 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## एडीएम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** तहसील समाधान दिवस एडीएम आपूर्ति ज्योति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान तहसील क्षेत्र से अवैध कब्जे से लेकर चोरी सहित 68 शिकायतें आयी जिसमे 7 मामले निस्तारित किये गए।सहिलामऊ निवासी तहसीन बताया उनकी दो पुत्रियों नादिया बानो व सारिया बानो का जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने हेतु लगभग दो महीने पूर्व शपथ-पत्र दाखिल किया था किन्तु अभी तक नाबालिग पुत्रियों का जन्म प्रमाण पत्र जारी नही किया गया है। जिससे प्रार्थिनी को काफी परेशानी हो रही है। जब सचिव को कॉल करती है तो सचिव कॉल नहीं उठाते है।एडीएम ने जांचकर कार्यवाही के मार्क किया।रुसेना मजरे मोहज्जीपुर के विमलेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देखकर आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 224 जो चक मार्ग में दर्ज है उसको जबरन नंदलाल, मुकेश कब्जा कर रहे हैं इसको छुड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया एसीपी ने आश्वासन दिया है कि जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।तहसील के अधिवक्ताओं ने चैंबरों में हो रही चोरी को रोक लगाने व निगरानी के लिए तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की माँग की वहीं चंदन निवासी अमानीगंज मजरा कसमंडी खुर्द ने शिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 2955 सा खातेदार है जिसका मुकदमा न्यायालय सिविल जज के यहां विचाराधीन है उसके बावजूद भी रामकुमार आदि लोग चल रहे मुकदमे वाली जमीन पर आम के पेड़ कटवा रहे रुकवाने की मांग की वहीं एडीएम ने मलिहाबाद इंस्पेक्टर को जांच कर उचित कार्रवाई करने के लिए आदेश दिया।समाधान दिवस पर एसडीएम अंकित कुमार, तहसीलदार,एसीपी और अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेलवे ओवरब्रिज मरम्मत की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने डीएम को दिया ज्ञापन

**लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बाईपास पर बने रेलवे ओवरब्रिज और सर्विस रोड की जल्द मरम्मत कराने की मांग की। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि क्षतिग्रस्त रेलवे ओवरब्रिज करीब सात साल बाद चालू हुआ था। अब यह फिर से क्षतिग्रस्त हो गया है। सुरक्षा के चलते ओवरब्रिज को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाईपास पर डलमऊ रोड से जोड़ने वाली दोनों सर्विस लेन में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं।

इससे वाहनों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है। इस संबंध में पहले भी ज्ञापन दिया गया था लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। महामंत्री अप्पू शर्मा ने कहा कि बड़े वाहनों के नगर में प्रवेश से गुरबक्शगंज चौराहे पर जाम लग रहा है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। जाम के कारण व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने बड़े वाहनों का रूट डायवर्जन कराए जाने की मांग की। इस मौके पर विशाल शर्मा, शीलू त्रिवेदी, कृष्णा गुप्ता, शिवम गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, कौशलेंद्र, कंचन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कठवा माइनर कटने से 35 बीघा फ़सल जलमग्न, गेहूं और सरसों की खड़ी खेती बर्बाद, किसानों ने की मुआवजे की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खीरी ब्रांच से निकली कठवा माइनर के रविवार दोपहर अचानक फट जाने से किसानों की गेहूं और सरसों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है माइनर के फटते ही तेज बहाव के साथ पानी आसपास के खेतों में भर गया, जिससे कुछ ही समय में सैकड़ों मीटर क्षेत्र जलमग्न हो गया। जानकारी के अनुसार फत्तेखेरवा गांव के दयाराम की तीन बीघा गेहूं की फसल, कठवा निवासी प्रदीप की नौ बीघा सरसों, कठवा के कालू की चार बीघा गेहूं, फत्तेखेरवा के लवकुश की तीन बीघा गेहूं फत्तेखेरवा के पंकज यादव की तीन बीघा गेहूं, छोटू गौतम की आठ बीघा गेहूं तथा फत्तेखेरवा के काशी की चार बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई। इस प्रकार लगभग 35 बीघा से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल लगभग तैयार अवस्था में थी, ऐसे में हुए नुकसान से उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ेगा। किसान राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कठवा माइनर की हालत काफी समय से जर्जर बनी हुई थी। माइनर की मरम्मत को लेकर कई बार सिंचाई विभाग से शिकायत की गई। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। समय रहते मरम्मत न कराए जाने का ही नतीजा है कि माइनर फट गई और किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। घटना की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग प्रखंड प्रथम के एसडीओ तरुण त्रिवेदी ने बताया कि विभागीय टीम को तत्काल मौके पर भेज दिया गया है। स्थिति का आकलन कर माइनर की मरम्मत कराई। वहीं किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की अपेक्षा जता रहे हैं!!

## तीन भाइयों ने किया हमला, महिला सहित तीन लोग घायल, जिला अस्पताल में भर्ती, ज़मीन को लेकर विवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र अंतर्गत पारा गांव में खेत पर कब्जा करने को लेकर दबंगों ने महिला सहित पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने खेत में मवेशी बांधकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और विरोध करने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित रंजीत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका खेत के पास मौजूद जमीन को गांव के ही कुछ दबंग लोग हड़पना चाहते हैं। इसी मंशा से आरोपी उसके खेत में मवेशी बांधकर कब्जा करने लगे। जब उसने और उसके परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी बौखला गए आरोप है कि तीनों भाइयों पंकज, संदीप और अंकित ने पीड़ित रंजीत की पत्नी संगीता को जबरन घर में खींच लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। बीच-बचाव करने पहुंची उसके पति रंजीत और देवर राहुल के साथ भी मारपीट की गई। हमले में परिवार के तीनों सदस्य घायल हो गए हैं। घटना के दौरान दबंगों द्वारा धारदार हथियारों का इस्तेमाल किए जाने का भी आरोप है, जिससे घायलों को गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पीड़ित रंजीत ने पुलिस पर त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। थाना प्रभारी श्यामू कन्नौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

## संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी शिकायतों की बाढ़, फरियादी से अभद्रता पर मचा हंगामा

● ...पुलिस दुर्व्यवहार के आरोप पर डीएम ने दिए जांच के आदेश, सड़क-बिजली-भूमि विवाद समेत दर्जनों मामलों की हुई सुनवाई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज (लखनऊ)।** मोहनलालगंज तहसील परिसर में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्रामीण समस्याओं की बाढ़ उमड़ पड़ी। सड़क, बिजली, अतिक्रमण, भूमि विवाद और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों से जुड़े दर्जनों प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इसी बीच बिल्डर से परेशान एक युवक के साथ कथित पुलिस अभद्रता को लेकर तहसील परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। आरोप है कि न्याय की गुहार लगाने पहुंचे युवक की बात सुनने के बजाय मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे परिसर से खदेड़ दिया। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी विशाख जी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए तहसीलदार को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी फरियादी के साथ अन्याय या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में ग्राम गोरा, गौतम खेड़ा सहित दर्जनभर गांवों के ग्रामीणों ने लखनऊ-रायबरेली मार्ग से गौरा होते हुए गौतम खेड़ा तक अधूरे डामरीकरण का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य दो वर्ष पूर्व आंशिक रूप से हुआ था, लेकिन आगे का कार्य अब तक अधूरा है, जिससे गहरे गड्ढों और जलभराव के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मार्च माह में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई। कुबहरा गांव के एक फरियादी ने भूमि विवाद में न्यायालय के आदेशों की अवहेलना और गलत पैमाइश का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की। वहीं बिजली विभाग के खिलाफ भी गंभीर शिकायत सामने आई, जिसमें एक फरियादी ने घर की दीवार से सटाकर लगाए गए बिजली पोल से जानमाल के खतरे की बात कही। ग्राम



पंचायत सुलसा मऊ हिल्गी के ग्रामीणों ने सामूहिक प्रार्थना पत्र देकर बिल्डरों व सोसाइटी पर तालाब, नाले और सार्वजनिक रास्तों सहित ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया और अतिक्रमण हटवाने की मांग की। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा आख्या समय से प्रस्तुत की जाए। हालांकि बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज होने के बावजूद कई फरियादियों ने पूर्व की शिकायतों के लंबित रहने पर असंतोष जताया, जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## फाउंडेशन के सदस्यों ने दरगाह पर श्रद्धापूर्वक चादर अर्पित कर देश में शांति और सौहार्द की करी कामना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुरः** शैखुल औलिया हजरत गुलज़ार शाह रह0 अलैह के उर्स एवं वार्षिक मेले के अवसर पर गरीब नवाज़ रिलीफ फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने दरगाह पर श्रद्धापूर्वक चादर अर्पित कर देश में शांति और सौहार्द की कामना की। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की ओर से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त बस स्टॉप और रेलवे स्टेशन पर भी जाकर लगभग पचास जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिली। इस अवसर पर मौलाना फैजान हुसैन कादरी ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानवता है। कंबल वितरण जैसे कार्य समाज के कमजोर वर्ग के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। वहीं मौलाना तौकीर रज़ा खैराबादी ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा सर्दी के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को कंबल देना करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है।कार्यक्रम में मेले की सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले मेला प्रभारी उपनिरीक्षक मंजीत खरवार, दारा सिंह, कांस्टेबल विवेक यादव एवं आकाश सिंह को दस्तार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेला सेक्रेटरी सय्यद हुसैन कादरी, फैजानुल हक, असरारुल हक, महफूज़, हाफिज़ शुऐब, तुफैल, अब्दुर्रहमान, इमतियाज रज़ा, शेखु अहमद हुसैन, रेहान कादरी, लियाकत, हसीब सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कस्बा मिश्रिख में ओपेन जिम का हुआ शुभारम्भ,आम जनता को मिलेगा लाभ



**मिश्रिख (सीतापुर)** महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि पर कस्बा मिश्रिख के मोहल्ला चंदूपुर में आज ओपन जिम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी व उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र व्दारा फीता काट कर किया गया । मिश्रिख नगर के मोहल्ला चंदूपुर में स्थित नव-निर्मित पानी की टंकी परिसर में नगरवासियों की सेहत और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए ओपन जिम की स्थापना की गई है। यह ओपन जिम नववर्ष के अवसर पर भाजपा मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत की ओर से नगरवासियों को उपहार स्वरूप प्रदान किया गया है । इस अवसर पर नगरवासियों ने सांसद अशोक कुमार रावत के प्रति का आभार व्यक्त किया।

## बिजली टीम पर हमला करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, बकाया बिल काटने गई थी, जेई समेत हुए थे घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के रामकोट थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है मामला बिजली विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गांव में लगाए गए कैंप के दौरान हुआ, जहां सरकारी कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों से मारपीट का आरोप है। जानकारी के अनुसार, शासन के निर्देश पर बिजली विभाग की ओर से प्रत्येक गांव में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को परसेहरा गांव में कैंप लगाया गया था। कैंप के दौरान बिजली विभाग की टीम में तकनीशियन जितेंद्र यादव, मीटर रीडर राकेश यादव और लाइनमैन अखिलेश कुमार शामिल थे। टीम का कार्य अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटना भी था। इसी दौरान ग्राम परसेहरा निवासी पवन पुत्र त्रिभुवन अपने दो अन्य भाइयों के साथ हाथों में डंडा और लोहे की रॉड लेकर मौके पर पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अनावश्यक विवाद शुरू कर दिया और बिजली विभाग की टीम पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया हमले में जेई अतुल कुमार के अलावा तकनीशियन जितेंद्र यादव और लाइनमैन अखिलेश कुमार को चोटें आई। बीच-बचाव करने आए अन्य कर्मचारी भी चोटिल हो गए। घटना के बाद घायल कर्मचारियों का उपचार कराया गया। रविवार को संयुक्त टीम के सदस्यों की तहरीर पर रामकोट पुलिस ने पवन और उसके दो अन्य भाइयों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी घटना के बाद से गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है!!

## तेल, ताकत और तख्तापलटः लोकतंत्र की स्थापना या अमेरिका की नव-औपनिवेशिक चाल

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के विरुद्ध अपनाई गई नीतियों और कार्रवाइयों को यदि समग्र वैश्विक राजनीति के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि यह केवल किसी एक देश के साथ द्विपक्षीय टकराव का मामला नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसे अनेक विद्वान और विश्लेषक नव-औपनिवेशिक युग का नया रूप मानते हैं। इस नए दौर में प्रत्यक्ष उपनिवेशवाद के स्थान पर आर्थिक दबाव, राजनीतिक हस्तक्षेप, सैन्य धमकियाँ, सूचना युद्ध और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की चयनात्मक अवहेलना के माध्यम से प्रभुत्व स्थापित किया जाता है। वेनेजुएला के संदर्भ में अमेरिका पर यह आरोप लंबे समय से लगता रहा है कि उसने वहाँ की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के साधनों का उपयोग किया। इसमें कठोर आर्थिक प्रतिबंध, राजनयिक अलगाव, विपक्षी गुटों को अंतरराष्ट्रीय वैधता प्रदान करना और सत्ता परिवर्तन को खुले अथवा छिपे रूप में प्रोत्साहित करना शामिल है। कुछ मीडिया रिपोर्टों और राजनीतिक विश्लेषणों में यह दावा भी सामने आया कि अमेरिका समर्थित अभियानों का उद्देश्य राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना या उन्हें अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने के लिए मजबूर करना था, जिसे वेनेजुएला की सरकार ने राष्ट्रीय संप्रभुता पर सीधा हमला बताया। आलोचकों का तर्क है कि यह व्यवहार उस औपनिवेशिक मानसिकता की आधुनिक अभिव्यक्ति है, जिसमें शक्तिशाली देश यह मान लेते हैं कि उन्हें यह अधिकार है कि वे यह तय करें कि किस देश में कौन शासन करेगा और किस प्रकार की राजनीतिक व्यवस्था 'वैध' मानी जाएगी। यह दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून की उस मूल भावना के विपरीत है, जो किसी भी संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को अस्वीकार्य मानती है। वेनेजुएला पर लगाए गए एकतरफा अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर भी यही प्रश्न उठता है, क्योंकि ये प्रतिबंध संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की औपचारिक स्वीकृति के बिना लागू किए गए। इसके बाद वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिका के प्रभाव का उपयोग कर अन्य देशों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर भी इन्हें मानने का दबाव डाला गया। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि अंतरराष्ट्रीय नियमों का सम्मान तभी आवश्यक समझा जाता है, जब वे अमेरिका के रणनीतिक और आर्थिक हितों के अनुकूल हों। आलोचकों के अनुसार इन प्रतिबंधों का सबसे गहरा प्रभाव वेनेजुएला की राजनीतिक सत्ता पर नहीं, बल्कि वहाँ की आम जनता पर पड़ा। तेल निर्यात, बैंकिंग लेनदेन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने से वेनेजुएला में आर्थिक और मानवीय संकट और अधिक गहरा गया। यह स्थिति उस दावे के बिल्कुल विपरीत प्रतीत होती है कि प्रतिबंधों का उद्देश्य केवल लोकतंत्र की बहाली या मानवाधिकारों की रक्षा करना था। इस पूरे परिदृश्य में अमेरिका की भूमिका इसलिए भी विवादास्पद हो जाती है, क्योंकि वह स्वयं को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का संरक्षक बताता है, किंतु व्यवहार में वह उन्हीं नियमों को तोड़ता हुआ दिखाई देता है।



यही दोहरा मानदंड वैश्विक दक्षिण के देशों में गहरे असंतोष और अविश्वास को जन्म देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, जिसे वैश्विक शांति और सुरक्षा का सर्वोच्च मंच माना जाता है, वेनेजुएला जैसे मामलों में हाशिये पर धकेल दी जाती है। अमेरिका अपने वीटो-आधारित प्रभाव, सैन्य शक्ति और आर्थिक दबाव के माध्यम से यह दिखाता है कि वास्तविक शक्ति संस्थागत सहमति में नहीं, बल्कि बल और प्रभाव में निहित है। आलोचक यह भी कहते हैं कि वेनेजुएला को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया, ताकि अन्य देशों को यह संदेश दिया जा सके कि यदि उन्होंने अमेरिकी नीतिगत ढाँचे से अलग रास्ता अपनाया, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। यह रणनीति औपनिवेशिक युग की दंडात्मक कार्रवाइयों की आधुनिक पुनरावृत्ति जैसी प्रतीत होती है। वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार और उसकी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यह आरोप और मजबूत हो जाता है कि अमेरिका की वास्तविक रुचि लोकतंत्र या मानवाधिकारों से अधिक संसाधनों और क्षेत्रीय प्रभुत्व में रही है। इतिहास यह भी दिखाता है कि अमेरिका अपने रणनीतिक सहयोगियों के मानवाधिकार उल्लंघनों पर अक्सर चुप्पी साध लेता है, जबकि विरोधी या स्वतंत्र नीति अपनाने वाले देशों के मामलों में वही मुद्दे आक्रामक हस्तक्षेप का आधार बन जाते हैं। यही चयनात्मक नैतिकता अमेरिका की वैश्विक विश्वसनीयता को कमजोर करती है। वेनेजुएला के प्रकरण ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छवि को भी गहरा आघात पहुँचाया है। शीत युद्ध के बाद जिस अमेरिका ने स्वयं को लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक और वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया था, वह अब अनेक देशों की दृष्टि में एक ऐसी शक्ति बनता जा रहा है जो अपने घटते प्रभाव और उभरते बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के भय से प्रेरित होकर अधिक आक्रामक और हस्तक्षेपवादी नीति अपना रही है। रूस, चीन और अन्य उभरती शक्तियों के बढ़ते प्रभाव ने अमेरिका के लंबे समय से चले आ रहे एकध्रुवीय वर्चस्व को चुनौती दी है। वेनेजुएला जैसे मामलों में कठोर रुख अपनाकर अमेरिका यह दिखाने का प्रयास करता है कि वह अब भी वैश्विक नियम तय करने की क्षमता रखता है। इस प्रक्रिया में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की प्रासंगिकता और वैधता को नुकसान पहुँचता है। जब सबसे शक्तिशाली देश स्वयं संयुक्त राष्ट्र के ढाँचे को नजरअंदाज करता है, तो अन्य देशों के लिए भी अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन एक वैकल्पिक विकल्प बन जाता है, न कि बाध्यकारी दायित्व। वेनेजुएला में कथित सत्ता परिवर्तन अभियानों और दबाव की राजनीति ने वहाँ के आंतरिक संकट को सुलझाने के बजाय और अधिक जटिल बना दिया। बाहरी हस्तक्षेप ने राजनीतिक संवाद और राष्ट्रीय सुलह की संभावनाओं को कमजोर किया और समाज को गहरे ध्रुवीकरण की ओर धकेल दिया। यदि अमेरिका वास्तव में अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों के प्रति ईमानदार होता, तो वह एकतरफा कार्रवाई के बजाय संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से बहुपक्षीय समाधान और निष्पक्ष मध्यस्थता को प्राथमिकता देता। ऐसा न करके उसने यह स्पष्ट कर दिया कि वैश्विक संस्थान उसके लिए साधन हैं, लक्ष्य नहीं।

वेनेजुएला का मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक दक्षिण के उन ऐतिहासिक अनुभवों से मेल खाता है, जहाँ औपनिवेशिक शक्तियों ने अपने हितों के लिए स्थानीय शासन, अर्थव्यवस्था और समाज को नियंत्रित किया। आज वही नियंत्रण नए रूपों में, जैसे प्रतिबंध, ऋण, राजनीतिक दबाव और सूचना युद्ध के माध्यम से दोहराया जा रहा है। इसी कारण अमेरिका की नीतियों को नव-औपनिवेशिक विश्व व्यवस्था के विस्तार के रूप में देखा जाता है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना केवल अमेरिका-विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस बुनियादी प्रश्न से जुड़ी है कि क्या आज की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था वास्तव में समानता, संप्रभुता और कानून के सिद्धांतों पर आधारित है, या फिर यह अब भी शक्ति, दबाव और चयनात्मक नैतिकता से संचालित होती है। जब तक इस असंतुलन को दूर नहीं किया जाता, तब तक वेनेजुएला जैसे उदाहरण वैश्विक राजनीति में बार-बार उभरते रहेंगे और विश्व व्यवस्था की वैधता पर गंभीर प्रश्न खड़े करते रहेंगे और विश्व व्यवस्था में जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली स्थिति बनी रहेगी।

**आदित्य वर्मा, शोधार्थी**

## आमजन में उम्मीद की लौ जलाने में कामयाब रही मोदी सरकार

आजादी के 77 साल में यदि भारत के विकास क्रम की समीक्षा की जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल यकीनन पिछले साढ़े छह दशक पर भारी है। मोदी सरकार ने देश के विकास की एक नयी लकीर खींची है। नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिये समर्पित रहा है। यह समय अनूठा, अद्भुत और अकल्पनीय है। इस यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व में मान, सम्मान और श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा देश की बहुआयामी प्रगति, समृद्धि और सम्मान की यात्रा है। इसमें एक ओर भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है, देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है और भारत अब डिफेंस इम्पोर्टर से एक्सपोर्टर बन गया है। वहीं 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान का मंत्र दिया। उन्होंने इन्हीं चार स्तंभों के समग्र विकास से वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का मार्ग बताया।



प्रधानमंत्री जी की नीतियों और निर्णयों ने नये आत्मनिर्भर भारत निर्माण को गति दी है। 11 वर्ष पूर्व पूर्व पीएम मोदी ने संसद की सीढ़ियों को नमन करके जो संकल्प व्यक्त किये थे, उनमें उनकी भावी यात्रा के साथ नये भारत निर्माण के संकेत भी थे। उन्होंने निरंतर अपने संकल्पों की सिद्धि के साथ देश को आगे बढ़ाया है और राष्ट्र तथा समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिये हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, भारत में नागरिकता कानून (सीएए) बनाने, तीन तलाक जैसे अमानवीय कानून को समाप्त करने, वक्फ संपत्ति का मुस्लिम समाज के कल्याण में उपयोग के लिए वक्फ संशोधन विधेयक कानून लाने जैसे निर्णय प्रधानमंत्री जी की संकल्प शक्ति से ही संभव हुए हैं। उनका दृढ़ संकल्प सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक में भी दिखाई दिया। बालाकोट के बाद ऑपरेशन सिंदूर से भारत के सामर्थ्य को पूरी दुनिया ने देखा है। पहलगाम में बहनों के सामने आर्तंकयों ने उनका सिंदूर मिटाया था, प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित कर दिया कि यह नया भारत है जो राष्ट्र के सम्मान, नागरिकों की सुरक्षा और मानवता के लिए घर में घुसकर भी मारना जानता है।

पीएम मोदी के कार्यकाल की यह समृद्ध यात्रा राष्ट्र की उमति, आधारभूत समस्याओं के निराकरण और वैश्विक छवि के उत्थान की रही है। देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क अम्र, 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पका घर, हर घर में शौचालय, 15.6 करोड़ से अधिक भरों में नल से जल, 10 करोड़ से अधिक मरों में उज्वला योजना से गैस कनेक्शन और गांवों को रोशन किया है। उनके स्वच्छ भारत अभियान के आह्वान पर पूरा देश स्वच्छता एवं साफ सफाई में जुट गया। प्रधानमंत्री जी ने 'सबका साथ, सचका विकास और सबका विश्वास' का उद्घोष किया। उनकी नीतियों में अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की अवधारणा है। सबके स्वस्थ और सुखमय जीवन के लिए 'आयुष्मान भारत' अभियान चलाया। इसमें 9 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त उपचार हुआ है।

सत्तर वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को भी निःशुल्क उपचार मिला है। 16 हजार से अधिक जन औषधि केन्द्रों से सस्ती और अच्छी दवाएं उपलब्ध करवाई है। कोरोना काल में देशवासियों को आपदा में अवसर का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत निर्माण का संकल्प दिया और देशवासियों को स्वदेशी निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाई। इस भारतीय वैक्सीन को दुनिया के कई देशों ने भी स्वीकारा। उन्होंने श्रृंखलाबद्ध लोक एवं जन कल्याण कारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के समग्र विकास की समुचित व्यवस्था की। जनधन योजना से 55 करोड़ से अधिक लोगों को वित्तीय धारा से जोड़ा गया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से गरीबों को 44 लाख करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त हुआ है। पीएम स्वनिधि और स्ट्रीट वेंडर से रेहड़ी-पटरी के व्यवसायियों को आधार दिया और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी, युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए, नई शिक्षा नीति के साथ 1.6 करोड़ से अधिक युवाओं का कौशल विकास और 1.6 लाख से अधिक स्टार्टअप्स शुरू कर युवाओं को विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिये भागीदार बनाया है। मध्यप्रदेश ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति को अमल में लाया और युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर रोजगार तथा स्व-रोजगार के लिये अनंत संभावनाए विकसित की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 7.7 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड तथा फसल बीमा से अप्रदाताओं को संबल मिला है। महिलाओं की सुरक्षा के उपाय, आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक उत्थान और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है। देशभर में लगभग 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। देश में 90 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। वर्ष 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी।

प्रधानमंत्री जी की आर्थिक नीतियों, विशेषकर नोटबंदी जिससे कदाचार पर नियंत्रण हुआ, डिजिटलाइजेशन और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से ऑनलाइन लेनदेन का चलन बढ़ा। इन सभी नीतियों ने आर्थिक विकास के निर्णयों को सबल किया और भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया। प्रधानमंत्री जी ने विकास के साथ विरासत का आह्वान किया है। विरासत को सहेजने के लिए उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास और पुनर्प्रतिष्ठा का कार्य आरम्भ किया तथा इसे धार्मिक पर्यटन से जोड़ा। लोगों का अपनी विरासत के प्रति सम्मान बड़ने के साथ पर्यटकों की संख्या भी बड़ी है। नमामि गंगे योजना से पवित्र नदियों की सफाई अभियान के साथ जल संरक्षण की परम्परा विकसित हो रही है। उन्होंने स्वदेशी तकनीक विकसित करने का आह्वान किया था जिसने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। प्रधानमंत्री जी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) के वैज्ञानिकों से स्वयं चर्चा की और आवश्यक बजट तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाई। इसका परिणाम यह है कि भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान तकनीक विश्व में अग्रणी बनी और चंद्रमा के दक्षिणी व पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया। कनेक्टिविटी से विकास को गति प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री जी ने सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार किया।

23 शहरों में मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति, बंदरगाह, हवाई मार्ग, हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण के लक्ष्य को स्वरूप प्रदान किया है। अटल टनल और दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज चेनाब आकार ले चुका है। पीएम मोदी का संकल्प है कि स्वतंत्रता के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना है।

इस संकल्प की पूर्ति में सभी प्रदेश सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। देश तमाम दुनिया के बदलते समीकरणों के बीच भी अधिक स्वायत्तवता और सम्मान के साथ अंतराष्ट्रीय जगत में अपनी गरिमा को बनाए रखने में कामयाब रहा है ।वहीं आम आदमी में सरकार उम्मीद की एक लौ जगाने में भी कामयाब रही है यह स्वयं मे बड़ी बात है क्योंकि 140 करोड़ भारतीयों की संकल्प शक्ति ही सरकार की ताकत है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## बीएमसी चुनाव से पहले ठाकरे बंधुओं की साझा हुंकार,सत्ता, लोकतंत्र और महाराष्ट्र की अस्मिता की जंग



बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के आगामी चुनावों से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय बाद ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने न सिर्फ सियासी हलकों बल्कि आम जनता का भी ध्यान खींचा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे एक साथ मंच पर दिखे और संयुक्त प्रेस वार्ता के जरिए सत्ताधारी गठबंधन, चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। यह केवल दो नेताओं की साझा उपस्थिति भर नहीं थी, बल्कि यह संकेत था कि महाराष्ट्र की राजनीति में एक नई धुरी आकार ले सकती है, खासकर उस समय जब बीएमसी जैसे देश के सबसे समृद्ध नगर निकाय का चुनाव नजदीक है।

उद्धव ठाकरे ने अपने भाषण में जिस तरह 'लोकतंत्र से झुंडशाही' की ओर देश के बढ़ने का आरोप लगाया, वह बयानबाजी से कहीं आगे की बात थी। उन्होंने कहा कि पहले वोट चोरी होते थे, अब उम्मीदवार चुराए जा रहे हैं। यह टिप्पणी सीधे-सीधे दलबदल, दबाव की राजनीति और सत्ता के दुरुपयोग की ओर इशारा करती है। उद्धव ठाकरे का यह आरोप कि रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती, लोकतंत्र की बुनियादी संस्थाओं पर गहरे सवाल खड़े करता है। उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किया गया तंज और चुनाव आयोग को दी गई खुली चुनौती, यह दर्शाती है कि विपक्ष अब रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक मुद्रा में है।

राज ठाकरे ने अपने अंदाज में भाजपा पर पलटवार करते हुए दोहरे मापदंडों का आरोप लगाया। उन्होंने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों के खिलाफ भाजपा सुप्रीम कोर्ट तक गई थी, लेकिन महाराष्ट्र में इसी तरह की परिस्थितियों पर वही पार्टी चुप है। राज ठाकरे का यह सवाल सिर्फ भाजपा के लिए नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में सिद्धांत और सुविधा के बीच बढ़ती खाई को भी उजागर करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी सत्ता स्थायी नहीं होती और जो यह मान बैठे हैं कि वे हमेशा सत्ता में रहेंगे, उन्हें इतिहास से सबक लेना चाहिए।

राज ठाकरे का यह कहना कि महाराष्ट्र को उत्तर प्रदेश और बिहार की राह पर ले जाया जा रहा है, भावनात्मक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर अहम है। महाराष्ट्र हमेशा से सामाजिक सुधार, औद्योगिक विकास और प्रगतिशील राजनीति का केंद्र रहा है। यदि यहां की राजनीति में भय, दमन और अवसरवाद हावी होता है, तो यह केवल राज्य ही नहीं, पूरे देश के लिए नकारात्मक संकेत होगा। राज ठाकरे ने विचारधाराओं के बार-बार बदलने को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया, और यह टिप्पणी मौजूदा दौर के राजनीतिक पलायन पर सटीक बैठती है।

उद्धव ठाकरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर भी तीखा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि समुद्र में पूजा करने और पौराणिक उपलब्धियों से खुद को जोड़ने के बावजूद आज तक शिवाजी महाराज की प्रतिमा सामने नहीं आई। यह बयान प्रतीकात्मक राजनीति और वास्तविक कामकाज के अंतर को उजागर करता है। शिवाजी महाराज महाराष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक हैं और उनके नाम पर राजनीति करना आसान है, लेकिन उनके आदर्शों के अनुरूप शासन करना कहीं अधिक कठिन। चुनाव आयोग और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर उद्धव ठाकरे के आरोप इस पूरी प्रेस वार्ता का सबसे गंभीर हिस्सा रहे। रिटर्निंग अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग और विधानसभा अध्यक्ष पर उम्मीदवारों व मतदाताओं को धमकाने का आरोप, संवैधानिक मर्यादाओं को लेकर गहरी चिंता पैदा करता है। यदि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग निष्पक्षता छोड़कर सत्ता पक्ष के हित में काम करने लगें, तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर होना स्वाभाविक है। उद्धव ठाकरे का यह कहना कि विधानसभा अध्यक्ष को निलंबित किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए, राजनीति में जवाबदेही की मांग को सामने लाता है।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प और महत्वपूर्ण प्रश्न महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे की भूमिका और कर्तव्य को लेकर उठता है। राज ठाकरे की पार्टी लंबे समय से मराठी अस्मिता, स्थानीय रोजगार और मुंबई की पहचान के मुद्दों पर मुखर रही है। बीएमसी चुनाव में मनसे की भूमिका केवल सीटों की गणित तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यदि ठाकरे बंधुओं की यह साझा हुंकार महज सत्ता विरोधी बयानबाजी बनकर रह जाती है, तो इसका असर सीमित होगा। लेकिन यदि मनसे अपने मूल एजेंडे को लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और स्थानीय स्वशासन की मजबूती से जोड़ती है, तो यह गठजोड़ महाराष्ट्र की राजनीति में सार्थक बदलाव ला सकता है।

मनसे का कर्तव्य है कि वह भावनात्मक मुद्दों के साथ-साथ प्रशासनिक और शहरी समस्याओं पर भी ठोस दृष्टिकोण रखे। मुंबई आज बुनियादी ढांचे, आवास, परिवहन, पर्यावरण और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। बीएमसी चुनाव केवल सत्ता का नहीं, बल्कि शहर के भविष्य का चुनाव है। मनसे यदि उद्धव ठाकरे के साथ मिलकर एक ऐसा संयुक्त घोषणापत्र पेश करती है, जो केवल विरोध नहीं बल्कि समाधान भी दे, तो यह मतदाताओं के बीच भरोसा पैदा कर सकता है। ठाकरे बंधुओं की यह साझा उपस्थिति अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़ने का संकेत भी देती है। कभी एक ही राजनीतिक विरासत से निकले ये दोनों नेता वर्षों तक एक-दूसरे के कट्टर विरोधी रहे। ऐसे में उनका एक मंच पर आना यह दर्शाता है कि परिस्थितियां किस तरह राजनीति को नए समीकरण गढ़ने पर मजबूर करती हैं। सवाल यह है कि क्या यह एक स्थायी राजनीतिक समझ की शुरुआत है या केवल चुनावी मजबूरी का परिणाम।

बीएमसी चुनाव से पहले उठी यह सियासी हलचल साफ संकेत देती है कि आने वाले दिन महाराष्ट्र की राजनीति के लिए निर्णायक होंगे। सत्ता पक्ष पर लगे आरोप, लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल और विपक्ष की एकजुटता की कोशिश, यह सब मिलकर चुनाव को बेहद रोचक और तनावपूर्ण बना रहे हैं। ठाकरे बंधुओं की साझा हुंकार केवल एक प्रेस वार्ता नहीं, बल्कि यह संदेश है कि महाराष्ट्र की राजनीति में असंतोष गहराता जा रहा है। अंततः यह फैसला जनता के हाथ में होगा कि वह इस साझा हुंकार को परिवर्तन की उम्मीद के रूप में देखती है या इसे एक और राजनीतिक प्रयोग मानकर खारिज कर देती है। लेकिन इतना तय है कि बीएमसी चुनाव अब सिर्फ नगर निकाय का चुनाव नहीं रह गया है, बल्कि यह लोकतंत्र, संस्थाओं की साख और महाराष्ट्र की राजनीतिक दिशा तय करने की लड़ाई बन चुका है।

**कांतिलाल मांडोत**

## सौंदर्य की नई भाषाः जब महिलाएं बोलती हैं,'मेरा शरीर, मेरे नियम'

**असली सुंदरताः नाप, रंग या सांचे में नहीं, आत्म-स्वीकृति में**

**असली सुंदरता की नई भाषाः आत्म-विश्वास और सशक्त पहचान**

एक लड़की आईने के सामने खड़ी है। समाज कहता है- पतली हो जाओ, गोरी बनो, परफेक्ट बनो। लेकिन वह मुस्कुराती है और कहती है, 'मेरा शरीर, मेरे नियम!' यह नारा आज लाखों महिलाओं की आवाज बन चुका है। बॉडी पॉजिटिविटी आंदोलन ने महिलाओं को सिखाया है कि सुंदरता का मतलब सिर्फ एक सांचे में फिट होना नहीं। यह आंदोलन आत्म-सम्मान, स्वीकृति और स्वतंत्रता का प्रतीक है। बॉलीवुड की चकाचौंध से लेकर सोशल मीडिया की दुनिया तक, महिलाएं अब अपने शरीर को शर्म की बजाय गर्व का विषय बना रही हैं। भारत में यह आंदोलन तेजी से फैल रहा है, जहां सदियों से महिलाओं के शरीर पर नियंत्रण की कोशिशें हुई हैं। अब समय आ गया है कि हम इस बदलाव को समझें और अपनाएं।

बॉडी पॉजिटिविटी का मूल अर्थ है हर प्रकार के शरीर को बिना शर्त स्वीकार करना - चाहे वह दुबला हो, स्थूल, गोरा, सांवला या कोई भी आकार-प्रकार। यह आंदोलन 1960 के दशक में अमेरिका में फैट एक्सेप्टेंस मूवमेंट से शुरू हुआ, और सोशल मीडिया ने इसे वैश्विक बनाया। भारत में लंबे समय तक बॉलीवुड और विज्ञापनों ने 'जीरो फिगर' को आदर्श बनाया, जिससे अनगिनत महिलाएं बॉडी इमेज इश्यूज और ईटिंग डिसॉर्डर की शिकार हुईं। लेकिन अब महिलाएं कह रही हैं कि उनका शरीर उनका निजी क्षेत्र है, कोई और तय नहीं करेगा कि वह कैसी दिखेंगी। सोशल मीडिया पर प्लस-साइज इन्फ्लुएंसर्स अपनी अनफिल्टर्ड तस्वीरें शेयर कर रही हैं, और लाखों महिलाएं इससे प्रेरित होकर खुद को प्यार करना सीख रही हैं। यह बदलाव सिर्फ दिखावे का नहीं, बल्कि गहरे मानसिक परिवर्तन का है।

भारत में बॉडी पॉजिटिविटी को नई दिशा और मजबूती देने में सोशल मीडिया की भूमिका बेहद अहम रही है। अनेक महिलाएं अपने डिजिटल मंचों पर बिना झिझक अपनी निजी कहानियां साझा कर रही हैं। वे खुलकर बताती हैं कि बचपन में 'मोटी' या 'काली' जैसे शब्दों से मिले तानों ने उनके मन पर कितने गहरे घाव छोड़े, और उस पीड़ा से निकलकर आत्मविश्वास तक पहुंचना कितना कठिन रहा। इसी ईमानदारी ने लाखों महिलाओं को खुद को स्वीकार करने की हिम्मत दी है। फैशन इंडस्ट्री में भी यह बदलाव साफ दिखाई देता है, जहां अब रैंप पर विविध शरीर आकारों की मौजूदगी बढ़ी है। कपड़ों के बाजार में भी सोच बदली है और विस्तृत साइज विकल्प सामने आ रहे हैं। महिलाएं अब साफ शब्दों में कह रही हैं कि वे अपने शरीर के अनुसार कपड़े चाहती हैं, न कि कपड़ों के अनुसार खुद को बदलना। यही सोच उन्हें मानसिक स्वतंत्रता दे रही है, जहां बॉडी शेमिंग का डर धीरे धीरे कमजोर पड़ रहा है। 'मेरा शरीर, मेरे नियम' का नारा केवल वजन या शरीर के आकार तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि यह महिलाओं के समग्र अधिकारों की मुखर अभिव्यक्ति बन चुका है। इसमें अपने कपड़े खुद चुनने की आज़ादी है, अपने शरीर से जुड़े निर्णय स्वयं लेने का साहस है और प्रजनन से जुड़े फैसलों पर अधिकार की स्पष्ट मांग भी शामिल है। भारतीय समाज में, जहां परिवार और रिश्तेदार अक्सर महिलाओं के शरीर पर टिप्पणी करने या उसे नियंत्रित करने का अधिकार अपने हाथ में समझ लेते हैं, यह नारा एक सशक्त प्रतिरोध की तरह उभरता है। महिलाएं अब ऑनलाइन आलोचनाओं और ट्रोलिंग को चुपचाप सहने के बजाय आत्मविश्वास से जवाब दे रही हैं। डिजिटल मंचों पर शरीर के प्राकृतिक पहलुओं को सामान्य बताने की कोशिशें तेज़ हुई हैं। मध्य आयु की महिलाएं भी इस सोच से जुड़ रही हैं, जो लंबे समय तक चुप्पी ओढ़े रहीं। इससे नई पीढ़ी तक यह संदेश पहुंच रहा है कि सुंदरता किसी एक ढांचे में नहीं, बल्कि विविधता में अपनी असली पहचान पाती है।

इस आंदोलन के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। कई बार बॉडी पॉजिटिविटी को व्यावसायिक ब्रांड केवल प्रचार का साधन बना लेते हैं, जहां असली सामाजिक बदलाव पीछे छूट जाता है। कुछ महिलाएं जब अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करती हैं, तो उन्हें ही यह कहकर निशाना बनाया जाता है कि वे आंदोलन की भावना के खिलाफ जा रही हैं। भारत में गोरेपन की क्रीमों, स्लिमिंग उत्पादों और डाइट उद्योग का प्रभाव आज भी गहरा और व्यापक है। इसके बावजूद सकारात्मक परिवर्तन इन बाधाओं से कहीं अधिक मजबूत बनकर उभरा है। स्कूलों और कॉलेजों में अब इस विषय पर खुली चर्चाएं होने लगी हैं। माताएं अपनी बेटियों को यह सिखा रही हैं कि हर शरीर अलग, अनोखा और सुंदर होता है। यह आंदोलन नारीवादी सोच का अहम हिस्सा बन चुका है, जहां महिलाएं अपने शरीर की वास्तविक स्वामिनी बन रही हैं। इसका असर उनके करियर, रिश्तों और पूरे जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखाई दे रहा है।

बॉडी पॉजिटिविटी को जीवन में अपनाने के लिए बड़े प्रयास नहीं, बल्कि छोटे और सच्चे कदम ही पर्याप्त होते हैं। हर सुबह आईने में खुद को देखकर प्रशंसा करना आत्मस्वीकृति की शुरुआत हो सकती है। सोशल मीडिया पर उन्हीं मंचों से जुड़ना जरूरी है जो सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। व्यायाम को सजा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और खुशी का माध्यम बनाना चाहिए। दोस्तों और परिवार के साथ शरीर को लेकर खुलकर बातचीत करना भी बेहद जरूरी है। भारत में यह आंदोलन अब महानगरों से निकलकर गांवों तक पहुंच चुका है, जहां महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में भी पूरा आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से यह सोच और मजबूत हो रही है। महिलाएं यह समझने लगी हैं कि उनका शरीर सम्मान और स्नेह का पात्र है, आलोचना का नहीं। यह परिवर्तन समाज को अधिक समावेशी, संवेदनशील और मानवीय बना रहा है।

'मेरा शरीर, मेरे नियम' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि यह एक पूर्ण क्रांति बन चुका है। यह महिलाओं को सदियों से उनके ऊपर थोपे गए शर्म और सामाजिक दबाव से मुक्त कर रहा है। भारतीय समाज में, जहां सौंदर्य के मानक हमेशा सख्त और कठोर रहे हैं, यह आंदोलन अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली साबित हो रहा है। हर महिला को यह याद रखना चाहिए कि वास्तविक सुंदरता बाहरी रूप में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान और आत्म-स्वीकृति में निहित होती है। समाज बदल रहा है, लेकिन हमें भी इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अगली बार जब कोई आपके शरीर पर टिप्पणी करे, तो गर्व के साथ कहें - मेरा शरीर, मेरे नियम! यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक हर महिला खुद को पूरी तरह अपनाने और सम्मान देने के लिए स्वतंत्र न हो जाए। इसमें शामिल होकर, खुद से प्रेम करना और दूसरों को प्रेरित करना न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव की भी जीत है।

**कृति आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने नालों से गुजर रही पेयजल पाइप लाइनों को तत्काल सुरक्षित कराने के दिए निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ओवरब्रिज के निकट एसएसबीएल इंटर कॉलेज के निकट निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ स्थानों पर पेयजल पाइप लाइनें नालों के बीच से होकर गुजर रही हैं, जो जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत गंभीर विषय है। इस पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद देवरिया एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी स्थलों को तत्काल चिन्हित कर पेयजल पाइप लाइनों पर उपयुक्त सुरक्षा कवरिंग कराई जाए, ताकि किसी भी स्थिति में नाले का पानी पाइप लाइन के संपर्क में न आ सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और सभी आवश्यक सुरक्षा के उपाय बरतने के निर्देश दिए, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बरहज तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर भूमि विवाद से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण मौके पर संभव नहीं हो पाया है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर पात्र आवेदकों को मौके पर ही राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए, जबकि एक आवेदक को खतौनी दुरुस्तीकरण के माध्यम से त्वरित राहत प्रदान की गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 78 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 11 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समायोजन नियमों के उल्लंघन का आरोप, शिक्षक संघ ने BSA से की शिकायत

**गोंडा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) गोंडा से मुलाकात कर शिक्षक समायोजन में हुई अनियमितताओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय तथा प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी एवं समायोजन से प्रभावित सैकड़ों शिक्षक BSA कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि स्थापित नियमों के विरुद्ध समायोजन किया गया है। जिन शिक्षकों को समायोजन-1 और समायोजन-2 के अंतर्गत पदस्थापित किया गया था, उन्हें समायोजन-3 में पुनः सरप्लस घोषित कर हटा दिया गया, जो पूरी व्यवस्था का मजाक है। पदाधिकारियों ने बताया कि पीड़ित शिक्षकों द्वारा अपने प्रत्यावेदन कार्यालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं, इसके बावजूद यदि जबरन कार्रवाई की गई तो संगठन माननीय न्यायालय की शरण लेने को बाध्य होगा। वार्ता के उपरांत संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपकर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में राजेश शुक्ला, नरेंद्र सिंह, अखिलेश शुक्ला, संतोष पांडेय, बलवंत सिंह, रघुनाथ पांडेय, यशवंत पांडेय, सुशील कुमार, कुलदीप पाठक, देव प्रभाकर पांडेय, अमित पांडेय, राजेश तिवारी, दीनानाथ यादव, विपिन सिंह, इरफान मोइन, मंजूर इलाही, सुजीत त्रिपाठी, देवकी नंदन, मो. अनीस, संत बक्श सिंह, अनिल श्रीवास्तव, प्राची शुक्ला, मोनिका अवस्थी, अंकिता श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 50 हजार का इनामिया हत्यारोपी प्रदुम्मन गौड़ गिरफ्तार, 8 साल पुराने अपहरण-हत्या कांड का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत गगहा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। हत्या के एक जघन्य मामले में पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त प्रदुम्मन गौड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही वर्ष 2017 के अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले का एक अहम अध्याय समाप्त हो गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नायर के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गगहा अंजुल कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। पुलिस ने थाना



गगहा पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 288/2017, धारा 147, 364, 302 व 201 भारतीय दंड संहिता से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रदुम्मन गौड़ पुत्र संजय गौड़, निवासी परसिया, थाना गोला, जनपद गोरखपुर को दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2017 में वादी ने थाना गगहा पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश के चलते अभियुक्तों ने उसके पुत्र का अपहरण कर लिया है। शुरुआती जांच में मामला अपहरण का प्रतीत हुआ, लेकिन विवेचना आगे बढ़ने पर यह स्पष्ट हुआ कि अपहरण की घटना हत्या की साजिश के तहत की गई थी। इसके बाद मुकदमे में धारा 302 (हत्या) और 201 (साक्ष्य मिटाना) की बढ़ोत्तरी की गई। घटना के बाद से ही मुख्य अभियुक्त प्रदुम्मन गौड़ फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी गंभीर रहा है। उस पर वर्ष 2017 का अपहरण-हत्या का मामला दर्ज है, वहीं वर्ष 2023 में न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में उसके खिलाफ धारा 174ए के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया था। लंबे समय से फरारी के कारण वह पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक अंकुर कुमार, उपनिरीक्षक आनंद कुमार, कांस्टेबल आलोक कुमार सिंह और कांस्टेबल आनंद प्रधान शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार बाईक के ठोकर से साइकिल सवार घायल, रेफर

● घटना में घायल राजू यादव का एक पैर फैक्चर, नौगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित बार्डर डेवलपमेंट रोड पर तेज रफ्तार नेपाली पल्सर बाइक के चपेट में आने से सेवतरी निवासी साइकिल सवार युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची सेवतरी चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजन जिला अस्पताल के बजाय घायल को नौगढ़



स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी निवासी राजू यादव पुत्र नाथू (38) सोमवार की सुबह करीब दस बजे अपनी साइकिल से डेवलपमेंट रोड से एसएसबी कैंप के तरफ जा रहा था कि बार्डर डेवलपमेंट रोड पर स्थित नेपाल के बोदवार रास्ते के ठीक सामने गांव पालिका नेहरा थाना लुंबिनी जिला रूपनदेही राष्ट्र निवासी दिपेंद्र यादव पुत्र गंगा यादव अपनी पत्नी अमरावती के साथ नेपाली प्लेट पल्सर बाइक लू. 58 प 4422 से नेपाल के रगरगंज स्थित मंदिर में किसी कार्यक्रम को लेकर शामिल होने जा रहा था कि डेवलपमेंट रोड पर नेपाल के बोदवार के तरफ जा रही रास्ते के ठीक सामने दोनों की भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार राजू यादव बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सेवतरी चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस के मदद से घायल को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक घायल राजू यादव का एक पैर फैक्चर बताया गया है। वहीं परिजन जिला अस्पताल के बजाय घायल को नौगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाए जहां इलाज चल रहा है। वहीं चौकी पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि घटना में घायल युवक को एम्बुलेंस के मदद से रतनपुर सीएचसी भेजा गया है। ऐसे में बाइक को कब्जे में लिया गया है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, 10 दिन में हर हाल में निस्तारण के निर्देश - एडीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां, गोरखपुर-** तहसील सहजनवां में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहदेव मिश्र ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण अधिकतम 10 दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मामलों के लंबित रहने से आईजीआरएस पोर्टल पर लगातार कटौती होती है, जिससे तहसील की रैंकिंग प्रभावित होती है और शासन स्तर पर खराब संदेश जाता है।

एडीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आम जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और मौके पर समाधान देने का महत्वपूर्ण मंच है। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई, औपचारिकता या टालमटोल स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने



अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर स्थलीय जांच और ठोस कार्रवाई के आधार पर किया जाए, ताकि फरियादियों को वास्तविक राहत मिल सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 7 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। प्राप्त मामलों में सर्वाधिक 24 प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जबकि पुलिस विभाग के 10, विकास विभाग के 4, चकबंदी का 1 तथा अन्य श्रेणी के 1 मामला शामिल रहा। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। राजस्व संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए एडीएम ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष राजस्व टीम गठित कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। वहीं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि एक ही शिकायत बार-बार दर्ज न हो।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को फरियादियों से संवेदनशीलता और शालीनता के साथ पेश आने की भी हिदायत दी गई। एडीएम ने कहा कि जनता का विश्वास तभी मजबूत होगा, जब अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समय पर समाधान देंगे।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, खंड विकास अधिकारी सत्यकाम तोमर, अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और प्रशासन से न्याय व त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### बहुजन वैचारिकी के कीमती हीरा रहे सुखलाल

**देवरिया।** सतना के पूर्व सांसद एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रहे स्मृतिशेष सुखलाल कुशवाहा बहुजन वैचारिकी के सशक्त स्तंभ थे। यह विचार उनकी जयंती के अवसर पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 1964 को मध्य प्रदेश के सतना जिले में जन्मे सुखलाल कुशवाहा सामाजिक विषमताओं के उन्मूलन और समाज के पिछड़े व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। वे एक जुझारू, संघर्षशील और मिशनरी नेता थे। चंद्रभूषण सिंह यादव ने बताया कि वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव में सुखलाल कुशवाहा ने सतना सीट से कांग्रेस व भाजपा के दिग्गज नेताओं को पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने उनकी क्षमता को देखते हुए उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति और मध्य प्रदेश चुनाव अभियान समिति का सदस्य बनाया था। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बार और बेंच में सामंजस्य जरूरी-मनोज




● -बार संघ का शपथ ग्रहण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन रुद्रपुर के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज का आईना होता है और ऐसी दशा में बार और बेंच का सामंजस्य बेहद जरूरी होता है। अधिवक्ता समाज के लिए अधिकारियों और न्यायाधीशों से अपनी बात कह कर लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करता है। मुख्य अतिथि ने सबसे पहले नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष सत्यानंद पांडे, महामंत्री विनोद कुमार पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेश्वर मणि, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज शुक्ला, कनिष्ठ मंत्री कृष्णमूर्ति मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष शशि भूषण मिश्रा और मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश गुप्ता को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलायी। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता राजशरण सिंह उर्फ भोला सिंह, परशुराम मिश्र, राजेश्वरी मिश्रा, सुधांशु मौलि ओझा, सुरेंद्र देव मिश्रा, अशफाक अहमद, बीना शर्मा, कमलेश सिंह और देवरिया बार एसोसिएशन से आए हुए ऋषि राज मिश्रा, वरुण तिवारी, शिवकुमार मणि, अभिषेक मिश्रा और उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अनुशासन समिति के सदस्य विनय कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष और सुलह अधिकारी फणीन्द्र नाथ पांडे, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने रुद्रपुर में मुंशफ न्यायालय अथवा ग्राम न्यायालय की स्थापना तथा अधिवक्ताओं के लिए एक लाइब्रेरी की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष विश्व विजय कुमार मल्ल ने किया और अंत में अध्यक्षीय संबोधन नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यानंद पांडे ने किया और अधिवक्ता हितों पर बल दिया।

## मनरेगा योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, जिम्मेदार मौन

● नौतनवा ब्लाक क्षेत्र में मनरेगा योजना बना कामधेनु, फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर किया जा रहा धन निकासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र में विभागीय मेहरबानी के कारण मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार का मामला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में मनरेगा योजना नौतनवां ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए किसी कामधेनु से कम नहीं है। विभागीय मिलीभगत के कारण नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में मनरेगा योजना लूट-खसोट का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है




लेकिन परसेंटेज के खेल में जिम्मेदार इसकी सुधि नहीं ले रहे हैं। यही कारण है कि मनरेगा योजना में व्यापक तौर पर फर्जीवाड़ा का खेल फल-फूल रहा है। इस। योजना में फर्जी तरीके से कुछ चेहरों का बार-बार उपयोग करके तमाम श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़हरा में रामचंद्र के खेत से अहिरौली सीवान तक कुला खुदाई कार्य करवाया जा रहा है। एक सप्ताह से यह कार्य महज एनएमएमएस पोर्टल पर ही चल रहा है बाकी धरातल पर एक सप्ताह से कार्य बंद है। ऐसे में एक सप्ताह बाद भी सोमवार तक फर्जी तरीके से 71 मनरेगा श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाकर उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए धन निकासी किया जा रहा है। उक्त कार्य में मस्टरोल संख्या 6150 से 6157 तक कुल 71 मनरेगा श्रमिकों को कार्यदाई स्थल पर फर्जी तरीके से कार्य करते दिखाया जा रहा है। ब्लाक के जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए भी अपनी आंखें बंद कर धृतराष्ट्र बने हुए हैं। कुछ मनरेगा मजदूरों के मुताबिक यह कार्य पूर्ण हुए करीब एक सप्ताह हो गए हैं बावजूद इसके लगातार फर्जी तरीके से मनरेगा श्रमिकों की हाजिरी लगाकर धन निकासी किया जा रहा है।

## शौच के लिए गए अधेड़ की पोखरे में डूबकर दर्दनाक मौत, 24 घंटे बाद मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार -गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेहरीभार अंतर्गत राजस्व गांव कुसहा में शनिवार शाम एक हृदयविदारक हादसा हो गया। गांव निवासी शिवप्रसाद (50 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामलाल की पोखरे में डूबकर मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई जब वह रोज़मर्रा की तरह शौच के लिए गांव के उत्तर-पूर्व कोने पर स्थित चनऊ पोखरे की ओर गए थे। हादसे के करीब चौबीस घंटे बाद रविवार की शाम उनका शव पोखरे से बरामद हुआ, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सायं लगभग पांच बजे शिवप्रसाद शौच के लिए चनऊ पोखरे गए थे।

पोखरे में इस समय सिंघाड़े की खेती चल रही है, जिससे किनारे फिसलन बनी हुई थी। शौच के बाद जब वह घाट की ओर बढ़े, तभी उनका पैर फिसल गया और वह



संतुलन खोकर पोखरे में जा गिरे। गहराई और पानी में फैले सिंघाड़े के कारण वह बाहर नहीं निकल सके और डूब गए।

मृतक की पत्नी ने बताया कि शाम तक जब शिवप्रसाद घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रात भर गांव और आसपास खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के बीच परिजन पूरी रात बेचैनी में गुजारते रहे। रविवार की शाम उस समय घटना का खुलासा हुआ, जब कुछ बच्चे पोखरे में सिंघाड़ा निकालने गए। इस दौरान उन्हें पानी में एक चप्पल तैरती हुई दिखाई दी। चप्पल की पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने लग्गी (बांस) की मदद से पोखरे में टटोलना शुरू किया, तभी मृतक का स्वेटर लग्गी में फंस गया और कुछ ही देर में शव पानी के ऊपर आ गया। इस दर्दनाक दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई।

घटना की सूचना मृतक के पुत्र वीरेंद्र ने गोला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। मृतक शिवप्रसाद मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनका एक पुत्र वीरेंद्र, जो सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है, और दो अविवाहित पुत्रियां नेहा व नीतू हैं। शिवप्रसाद की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरयू में ज़हर घोलता नगर पंचायत गोला! शौचालय की गंदगी सीधे नदी में उड़ेली, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार गोरखपुर -** जनपद गोरखपुर के दक्षिणांचल क्षेत्र में स्थित नगर पंचायत गोला बाजार से एक बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 18 में नगर पंचायत द्वारा संचालित शौचालय सफाई वाहन से सरयू नदी में खुलेआम गंदगी और मलजल गिराए जाने का आरोप स्थानीय नागरिकों ने लगाया है। इस कृत्य से न केवल सरयू नदी का जल प्रदूषित हो रहा है, बल्कि शासन की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की मंशा को भी खुलेआम चुनौती दी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की गाड़ी नियमित रूप से शौचालय की गंदगी को सीधे सरयू नदी में उड़ेल रही है। यह कार्य किसी छिपे तरीके से नहीं, बल्कि दिनदहाड़े किया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि पूरा मामला नगर पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जानकारी में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं



की गई। नागरिकों का आरोप है कि अधिशासी अधिकारी सहित जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर पर्यावरणीय अपराध पर आंख मूंदे बैठे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर योजनाएं चलाई जा रही हैं। नमामि गंगे जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के बावजूद नगर पंचायत गोला द्वारा सरयू नदी में गंदगी गिराना शासन की मंशा के विपरीत है। यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पूर्व भी नदी में कूड़ा फेंकने और उसमें आग लगाए जाने की घटनाओं पर स्थानीय लोगों ने विरोध दर्ज कराया था, लेकिन हर बार जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे रहे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के स्पष्ट आदेश हैं कि किसी भी नदी, तालाब या जलस्रोत में ठोस कचरा, सीवेज या शौचालय की गंदगी डालना कानूनन अपराध है। यह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 का सीधा उल्लंघन है। एनजीटी के तहत ऐसे मामलों में संबंधित नगर निकाय पर भारी जुर्माना, पर्यावरणीय क्षति की भरपाई और जिम्मेदार अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाती है। सरयू नदी में लगातार हो रहे प्रदूषण से क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर पंचायत से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो जनआक्रोश सड़कों पर फूट पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 83 शिकायतें प्राप्त, 05 का मौके पर निस्तारण

●सीडीओ व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएँ, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

अवैध कब्जा व चकमार्ग मामलों पर सख्ती, संयुक्त कार्रवाई के निर्देश

शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाईः सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएँ




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील सदर गोण्डा में आयोजित समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने उपस्थित फरियादियों की समस्याएँ सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित कर आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु विभागीय टीमों का गठन किया जाए तथा टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से अवैध अतिक्रमण, चकमार्ग, तालाब भूमि, नाली, पैमाइश एवं अवैध कब्जे से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर उसकी उपस्थिति में कार्रवाई की जाए तथा निस्तारण प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कर अभिलेख सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंत में उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल, उपजिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार सदर मनीष कुमार, नायब तहसीलदार सहित जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एक्सईएन आरईडी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग तथा विभिन्न विकास खण्डों के अधिकारीगण सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध असलहा सहित दो लोग गिरफ्तार




**मितौली खीरी** कोतवाली मितौली जनपद खीरी। कोतवाली मितौली पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तो को दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा महोदय के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी महोदय के संनिकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मितौली महोदय के कुशल मार्ग दर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मितौली श्री महेश पाठक के नेतृत्व में कोतवाली मितौली खीरी की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. हर्षित शुक्ला पुत्र राजीव शुक्ला उम्र करीब 26 वर्ष निवासी मोहल्ला उत्तरी कस्बा मितौली थाना मितौली जनपद खीरी 2. रोहित गुप्ता पुत्र पप्पू सेठ उर्फ राधेश्याम गुप्ता उम्र करीब 42 वर्ष निवासी कस्बा मितौली मंगल बाजार थाना मितौली जनपद खीरी को दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया जिस सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0-10/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 11/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः**-1. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह,2. हे0का0 अमरेश चौधरी, 3.हे0का0 करुणेश वर्मा, 4.हे0का0 होरीलाल, 5.हे0 का0सन्तराम, 6.का0 राजीव सिंह,7. का0 सुगम कुमार,8. का0 ऋषभ सिंह आदि शामिल रहे।

### पुण्यतिथि पर याद किये गए पं0 सियाराम मिश्र




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** साहित्यकार पंडित सियाराम मिश्र को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। नगर पालिका परिषद में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात पालिका सभागार में उनके जीवनवृत्त पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा,'पंडित सियाराम मिश्र दूरदर्शी, सादगी पसंद साहित्यकार थे। उनका जीवन संघर्ष पूर्ण रहा, उनके साहित्य के क्षेत्र में देश विदेश में सम्मान मिला। केके शुक्ला, रामकुमार गुप्ता, अवधेश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित,मधुकर सैदाई ने शब्दांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पं0 सियाराम मिश्र के पुत्र राजन मिश्र,पूर्व प्राचार्य गांधी उ0 मा0विद्यालय विश्वनाथ सिंह,प्रधानाचार्य आर्यसमाज अवधेश मिश्रा, पूर्व सभासद पियूष मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पूर्व प्राचार्य एल बी एस सुरेश चन्द्र शुक्ला, पूर्व सभासद/जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल अरुण अवस्थी, राम कुमार अवस्थी, मीडिया प्रभारी विजय प्रकाश मिश्रा,नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, संजीव दीक्षित, हरद्वारी लाल राजपूत, लवकुश अवस्थी, सुरेन्द्र वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### एसडीम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस अल्पकालीन समय को पहुंचे अपर जिलाधिकारी वित्त



**बरेली/नवाबगंज** तहसील सभागार में एसडीम नवाबगंज उदित सिंह पवार की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया यहां पर कुछ समय के लिए आए



एडीएम वित्त और समय से पूर्व ही उठकर चले गए यहां पर 95 शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें से छह का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 89 शिकायतों को निस्तारण करने हेतु संबंधित विभागों को भेज दिया गया यहीं पर भारी अव्यवस्था के तहत तहसील प्रांगण में जाम लग रहा जिसे देखने के लिए पुलिस प्रशासन के पास समय नहीं था जिसके कारण तहसील के मुख्य द्वार पर जाम लग रहा। जिसके चलते लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा तहसील दिवस में उपस्थित एसडीम उदित सिंह पवार नायब तहसीलदार शोभित सिंह क्षेत्राधिकार शैलेश पांडे खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह पटेल महेश चंद्र कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक क्यों लड़िया वेद सिंह नवाबगंज अरुण श्रीवास्तव हाफिजगंज सोलंकी समेत अनेकों विभागों के लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर खेल मैदान खाली कराए जाने की मांग

● गोला गोकर्ण नाथ तहसील के जटपुरा गांव में खेल मैदान की सरकारी की जमीन पर अवैध कब्जा भूमाफियाओं का आतंक

**ग्राम प्रधान, लेखपाल, और भू माफियाओ की मिलीभगत से खेल मैदान की सरकारी आरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा कर खड़ी हो गई पक्की इमारतें।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्ण नाथ तहसील क्षेत्र के जटपुरा गांव में खेल मैदान की आरक्षित भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि राजस्व विभाग की मिलीभगत से ग्राम सभा में खेल मैदान की जमीन पर लगातार अवैध कब्जा और निर्माण कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जटपुरा गांव के गाटा संख्या ...1105/.. 0.2500हे 0 पर बने प्राइमरी पाठशाला के. सामने स्थित गाटा संख्या ....1192/0.1500हे0मि..भूमि जो कि ग्राम सभाके सरकारी स्कूल के अंतर्गत खेल मैदान की भूमि है, उस पर भूमाफियाओं द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है।

आरोप है कि भूमाफियाओं ने राजस्व विभाग की कथित मिलीभगत से बाउंड्री वॉल व पक्के मकान का निर्माण कर बच्चों के खेलने कूदने की जगह पर पूरी तरह कब्जा कर इमारतें खड़ी कर दी है।, जिससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को खेलने के लिए जगह न होने से बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही शिकायत कर्ता पक्ष को लगातार प्रताड़ित किए जाने की भी शिकायत सामने आई है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति लागू की गई है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि अवैध कब्जा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बावजूद इसके, खुलेआम हो रहे अवैध कब्जों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक सख्त कार्रवाई करता है और देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को न्याय कब मिलता है। और खेल मैदान की आरक्षित सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाकर खेल मैदान को विकसित करवाए जाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। यह तो समय ही बताएगा कि बच्चों को उनका खेल मैदान कब तक नसीब हो पाएगा। लोगो ने बताया कि उपरोक्त मामले में एक दर्जन से ज्यादा एप्लीकेशन दी गई सभी मे तत्कालीन लेखपाल द्वारा फर्जी आख्या लगाकर निस्तारण कराया जाता रहा। और भू माफियाओ को पक्का निर्माण करवाया जाता रहा। सूत्र बताते हैं इस खेल मैदान पर अवैध कब्जा करवाने के एवज में प्रधान और लेखपाल द्वारा लाखों की अवैध कमाई की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि 15दिनों के अंदर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो उच्च न्यायालय में याचिका योजित कर अवैध कब्जा हटवाए जाने और प्रधान सहित तहसील प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने तथा उच्य न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले तथा भू माफियाओ को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार राजस्व अधिकारी गणों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की भी मांग की जाएगी। मामले की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर शिकायत कर्ता राजेंद्र कुमार ने खेल मैदान को कब्जा मुक्त करवाए जाने की मांग कीहै।

## कांग्रेस भवन पर कांग्रेस पदाधिकारियो की मासिक बैठक संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर, खीरी** दिनांक 5 जनवरी को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं व नगर, ब्लॉक, मंडल अध्यक्षों की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रहलाद पटेल ने जिले में संगठनात्मक कामकाज और जमीनी स्तर पर चल रहे संगठन सृजन अभियान की गहन समीक्षा की द्य उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों, अभियानों जनहित कार्यक्रमों एवं जमीनी स्तर पर भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है इसकी भी समीक्षा की द्य साथ ही आगामी रणनीतियां संगठन को और अधिक सशक्त करने तथा लोगों को जोड़ने पर सार्थक प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया द्य आगामी पंचायत चुनाव को लेकर हम सभी लोगों को अभी से तैयारी में जुटना होगा। उक्त महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष, महासचिव, पीसीसी सदस्य गणों ने सहभागिता की और संगठनात्मक मजबूती, जनसरोकारों तथा युवाओं की सक्रिय भूमिका को लेकर अपने अपने विचार साझा किए। कांग्रेस पार्टी की नीतियों व विचार धारा से प्रभावित होकर वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शुक्ला व बहुजन समाज पार्टी के



बनवारी लाल गौतम,, अंकित गौतम, चांदनी गौतम अरविंद गौतम, अमन गौतम आदि लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

उक्त बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रशासन मोहन चंद्र उप्रेती ने किया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित दीपक बाजपेई,, कैप्टन मोनिस अली नकवी, अन्नू मिश्रा, पंकज शुक्ला, रामजीवन राज, विपुल गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सत्ती सरन गौतम, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, यूसुफ खान सुशील शुक्ला, महेंद्र गौतम श्याम मोहन मिशा, वकार अहमद, रईस उस्मानी, आफताब अहमद, कल्लन खान, चंद्र प्रभा अवस्थी, कोमल सिंह, जमाल अहमद, किरण पटेल तरुण शालू, अब्दुल कयूम, हर गोविंद, संजय गोस्वामी, सुनील कुमार, सरोजनी अवस्थी, रामप्रताप विश्वकर्मा, उद्देश्य गिरी, नन्द किशोर, जय प्रकाश, आदि सैकड़ो कांग्रेस जन।

## आपसी विवाद में मारपीट, 4 गिरफ्तार




**गोला गोकर्णनाथ खीरीः** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरगदिया गांव में आपसी विवाद में आमने-सामने की मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक पुत्र रामपाल, अभिषेक पुत्र रामपाल, रामपाल पुत्र टेकनलाल और मुकेश कुमार पुत्र घनश्याम शामिल हैं। इनके खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हेमन्त कटियार, कांस्टेबल संजीव कुमार और महिला कास्टेबल पूजा शामिल थे। आरोपियों को विधिक कार्यवाही के लिए मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया है।

# खनन को लेकर धरने पर बैठे लोगों को राजनीतिक पार्टियां और किसान नेताओं का मिला समर्थन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र के मांझा गांव के पास बह रहे जौरहा नाले पर खनन विभाग द्वारा खनन के ठेकदार को खनन पट्टा आवंटित किए जाने के विरोध में किसान और सिख संगठन के लोग भीषण सर्दी में नाले के किनारे तीसरे दिन भी टेंट लगाकर धरने पर बैठे हुए हैं , किसान खनन पट्टा निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। रविवार को धरना के समर्थन में पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा सहित भाकियू के किसान नेता गुरमीत सिंह रंधावा, प्रगट सिंह,सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।लोगों ने खनन अधिकारी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

इलाके से गुजरी जौरहा नदी अभिलेखों में नाला दर्ज है। इसमें खनन वभाग ने कुछ महीने पहले ठेकेदारों को खनन पट्टा जारी कर दिया है। ठेकेदार ने रत निकाल कर लंबा चक्कर लगाने की बजाए छोटे रास्ते से नाले के भीतर होम पाइप डालकर अस्थाई पुल बना दिया है। इसका इलाके के किसान और सिख संगठन के लोग विरोध कर रहे हैं। लगातार विरोध के बाद तीसरे दिन भी ठंड में टेंट लगाकर धरने पर बैठे है और वहीं पर लंगर भी लगा रहे हैं।

धरने में शामिल होने पहुंचे सपा के पूर्व विधायक आर कुशवाहा और समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पूर्व रेंजर अशोक कश्यप पहुंचे, पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती पर किसान भीषण सर्दी में खनन पट्टा आवंटन रद्द करने की मांग पर तीन दिनों से धरने पर बैठे हुए है,लेकिन किसानों की बात कोई भी सुनने को तैयार नहीं है।जौरहा नाले पर खनन पट्टा आवंटन तत्काल निरस्त किया जाए,अगर किसानों की मांगे पूरी नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।वहीं भाकियू नेता गुरमीत सिंह रंधावा ने कहा कि यहां जो खनन पट्टा आवंटित किया गया है उस नाले की चौड़ाई एक जरीब है वहां पर अगर खनन होगा तो नाले का स्वरूप बदल जाएगा और कई गांवों के किसानो की जमीनें कट जाएंगी, अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने अभी तक सुध नहीं ली है अगर किसानो की मांग नहीं मानी जाती है तो बड़ा आंदोलन कर चक्का जाम किया जाएगा , कोई नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।भाकियू टिकैत के विधानसभा अध्यक्ष प्रगट सिंह ने बताया कि अगर किसानों की मांगे नहीं मानी जाती है तो बड़े किसान नेता यहां पर उतरेंगे,और चक्का जाम किया जाएगा।

धरना स्थल पर परमजीत सिंह पम्मी, सुच्चा सिंह, पाल सिंह, कुलविंदर सिंह,अमन सिंह, काला सिंह, जसवीर सिंह बाजवा, वीरेंद्र सिंह,संतोष कुमार, सुरेंद्र उर्फ भंडारी यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## धौरहरा (खीरी): तहसील तिराहे के पास मैन रोड पर अवैध कब्जे से लोगों में आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**धौरहरा** कस्बे में तहसील तिराहे के पास मैन रोड की जमीन पर गिट्टी डालकर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सरिया, सीमेंट व गिट्टी की दुकान के मालिक द्वारा सड़क की भूमि पर गिट्टी फैलाकर रास्ता संकरा कर दिया गया है, जिससे आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी नसीम का कहना है कि जब उन्होंने रोड पर गिट्टी डालने से मना किया तो दुकान मालिक भड़क उठा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि दुकान मालिक न केवल बड़ों के साथ अभद्र व्यवहार करता है, बल्कि आने-जाने वाले बच्चों को भी गंदी-भद्दी गालियां देता है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

पड़ोसियों का कहना है कि मैन रोड पर इस तरह कब्जा किए जाने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि यह मार्ग पहले से ही व्यस्त रहता है। जब इस अवैध कब्जे का विरोध किया जाता है तो दुकान मालिक दबंगई दिखाते हुए कहता है कि 'जो करना हो कर लो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।'




स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर मैन रोड से अवैध कब्जा हटवाया जाए, ताकि आम जनता और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## फरधान रेपकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर



**लखीमपुरखीरी**, फरधान थाना क्षेत्र के लीलाकुआं इलाके में कोचिंग जा रही छात्रा से रेप करने के मुख्य आरोपी तालिब उर्फ आजम खान को पुलिस ने सोमवार की सुबह सुल्तानपुर जिले में घेरा। पुलिस को देखकर तालिब ने गोली चलाई। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। गोली लगने से तालिब घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। तालिब पर एक लाख रुपए का इनाम था। उसका पुराना आपराधिक इतिहास भी है।

वह पहले पहले भी जेल गया था। बता दे कि लीलाकुआं इलाके में दो छात्राएं अल सुबह कोचिंग जा रही थी। लखीमपुर बेहजम हाईवे से खींचकर गन्ने के खेत में तालिब ने अपने साथी के साथ उसके साथ रेप किया था। उसके साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मुठभेड़ की जानकारी सुल्तानपुर पुलिस ने साझा की है।

# टूण्डला सुभाष चौराहा पर ऑटो चालकों का कब्जा, जाम से लोग परेशान



● सुभाष चौराहा बना जाम का केंद्र,ऑटो चालकों पर कार्रवाई नहीं, ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, पुलिस बनी मूकदर्शक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला**- नगर के व्यस्तम चौराहा सुभाष चौराहा पर ऑटो चालकों द्वारा सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से ऑटो खड़े किए जाने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम राहगीरों स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो चालक सवारी भरने के चक्कर में सड़क के बीचोंबीच ऑटो खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पुलिस और यातायात विभाग की मौजूदगी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल मूकदर्शक बनी हुई है, जिससे ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं। ऑटो चालक मनमाने तरीके से जहां चाहें वहां से ऑटो को आड़ा तिरछा कर सवारियां चढ़ा उतार रहे है।

वहीं चौराहा पर स्थित पुलिस भी इनसे परेशान है, वहां तैनात पुलिस का कहना है कि अगर इन ऑटो चालकों से ज्यादा कुछ कहते है तो ये एकत्रित होकर पुलिस पर ही हावी हो जाते है, वहीं स्थानीय सत्ताधारी नेताओं के फोन आना शुरू हो जाता है, जिससे चाहकर भी इनपर कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सुभाष चौराहा पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए,ऑटो स्टैंड के लिए निर्धारित स्थान तय किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि जनता को जाम की समस्या से राहत मिल सके। वहीं इंस्पेक्टर थाना टूंडला अनिल कुमार ने बताया कि शीघ्र ही नगर पालिका से वार्तालाप कर ऑटो चालकों का समाधान किया जाएगा।

# यूरिया खाद वितरण में पक्षपात और धांधली के आरोप

● समिति अध्यक्ष के रिश्तेदार को 40 बोरी खाद, किसान लग रहे लाइन में

**मामला मौजमाबाद किसान सहकारी समिति सुन्दरवल का है। जहां एक ही किसान को 40 बोरी खाद देकर अन्य किसानों के हकों पर डाका डालने का मामला चर्चा का विषय बना है।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** सहकारिता विभाग में जब तक समिति के सचिव अध्यक्ष में नहीं बनती रही तब तक तो आपस में गाली गलौज भी करते दिखाई पड़ते हैं। लेकिन जब सचिव अध्यक्ष के आपस में बनने लगती है तो सचिव 40 बोरी यूरिया खाद एक ही व्यक्ति को देकर किसानों का गला घोटने के समाचार मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक फूलबेहड़ के मौजमाबाद किसान सेवा सहकारी समिति सुंदरवल में बीते दिवस खाद बांटी जा रही थी तभी पूजा गांव मुड़िया निवासी एक व्यक्ति जो ब्लॉक बिजुआ के रहने वाले हैं। को समिति के सचिव परमानंद तिवारी ने अवैध तरीके से 40 बोरी यूरिया खाद ?270 में दे दिया जबकि क्षेत्रीय किसान खाद के लिए सुबह से लाइन में लगे हुए थे और उन किसानों को बड़ी मुश्किलों से एक या दो बोरी खाद दी जा रही थी। बताया जाता है की एक साथ 40 बोरी लेने वाले किसान दिनेश मिश्र समिति के अध्यक्ष के रिश्तेदार हैं और उनका गांव मुड़िया ब्लॉक बिजुआ की समिति क्षेत्र में लगता है। इस संबंध में एडीओ सहकारिता पवन पटेल से जानकारी लेने पर बताया कि मैं इस प्रकरण की जांच करके उचित कार्यवाही करूंगा यह बात अलग है कि पवन पटेल इस समिति की जांच कई बार कर चुके हैं लेकिन सचिव परमानंद तिवारी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिस कारण क्षेत्रीय किसान इनके कारनामों से परेशान हैं। इतना ही नहीं इससे पूर्व में सचिव परमानंद तिवारी पर खाद की कालाबाजारी के भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। और यह मामला काफी अखबारी सुर्खियां बना था। लेकिन पता नहीं क्यों इन सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। फिलहाल सचिव साहब अपने कारनामों के लिए क्षेत्र में काफी चर्चा बटोर रहे हैं। आखिर दूसरी समिति क्षेत्र में लगने वाले किसान को सुन्दरवाल समित से किस नियम और कानून के तहत दी गई है। ब्लॉक बिजुआ में रहने वाले किसान को आख़िर क्यों दी गई 40बोरी यूरिया खाद की बोरी। क्या यह समिति सचिव का विशेषाधिकार है कि वह जिसे चाहे जितनी बोरी खाद दे दे, या फिर इसे खाद की काला बाजारी समझा जाय।

# आखिर तहसीलदार की कड़ी मेहनत के बाद शुरू हुआ एक करोड़ की लागत से बनने वाला रोड जरपा

● तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह की मेहनत रंग लाई आखिर शुरू करवा दिया सड़क निर्माण का कार्य

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

विश्व देव राठौर



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा जनपद बरेली का सीमावर्ती ग्राम जरपा मोहनपुर बरसात के समय में टापू बन जाता था इसके अलावा गांव के लिए कोई भी रास्ता नहीं था इस गांव के आने जाने के लिए बरसात में भारी संकट का सामना करना पड़ता था। जिसके तहत वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव यहां पर सपा के भगवत शरण गंगवार एवं भाजपा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के मध्य चुनाव हुआ था इस चुनाव में सपा के प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार ने नवाबगंज विकासखंड में भाजपा को करारी टक्कर देते हुए पीछे कर दिया था परंतु विकासखंड भदपुरा की जनता ने विधायक डॉक्टर आर्य को नवाबगंज में हुए नुकसान की भरपाई करने के बाद अच्छे मतों से जीत दिलाई थी।

इसी विकासखंड के सीमावर्ती ग्राम जरपा मोहनपुर के ग्रामीणों को आने-जाने के लिए कोई भी रास्ता न होने पर विधायक ने कडा परिश्रम करके एक करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत कराई थी जिसको लेकर ग्रामीण उत्साहित थे तो यही का एक व्यक्ति ने गांव में विवाद उत्पन्न करवा कर सड़क को नहीं पढ़ने दे रहा था जिसके चलते ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का भी बहिष्कार किया था।

तब भी भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार विधायक डॉक्टर आर्य ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया परंतु एक व्यक्ति के द्वारा गांव में की जा रही राजनीति के चलते मतदान नहीं हो सका इस सड़क को बनवाने के लिए तहसीलदार नवाबगंज दुष्यंत प्रताप सिंह ने मोर्चा खोला कई बार गांव में जाकर लोगों से सामंजस्य बिठाने का प्रयास किया गया।

परंतु वही एक व्यक्ति कार्य को सफल नहीं होने दे रहा था इसके बाद तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यवाही का फरमान जारी किया जिससे खुराफात कर रहे व्यक्ति के पैरों तले की जमीन खिसक गई और उसने अपने हाथ समेत लिए जिसके चलते डेढ़ वर्ष से अधिक से लंबित पड़े सड़क निर्माण कार्य का कार्य प्रारंभ हो गया है।

यह गांव पीलीभीत की सीमा तट पर बह रही देवहा नदी के किनारे बसा हुआ है इसलिए बरसात में इस गांव का आवागमन टूट जाता है इस गांव के दो तरफ नदी बह रही है एक तरफ देवहा नदी दूसरी तरफ नौवला नदी दोनों में सैलाब आने के बाद यह गांव टापू बन जाता था जिसके कारण यहां आने जाने के सभी साधन बंद हो जाते थे इस सड़क का निर्माण होने से इस गांव की जनता को भी आजादी का स्वाद चखने को मिल जाएगा। जो अभी तक वंचित था सूत्रों की माने तो खुराफात करने वाला व्यक्ति गांव में अपना वर्चस्व कायम कर प्रधान बनने के सपने देख रहा था परंतु सड़क का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है आखिर अब उनको भी पक्की सड़क पर दौड़ने का अवसर प्रदान हो जाएगा इसके लिए तहसीलदार नवाबगंज की अहम भूमिका सराहनीय रही है वह बधाई के पात्र हैं।

## महाराज पुर में दिनदहाड़े दुकान से 35 हजार की चोरी

**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े एक दुकान से 35 हजार रुपए की चोरी हो गई,दो बाइक सवार बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है,यह घटना सरसौल कस्बे में कानपुर प्रयागराज नेशनल हाईवे किनारे स्थित नन्देश्वर ट्रेडिंग कंपनी नामक चूनी चोकर की दुकान पर हुई, दुकान के मालिक राकेश कुमार गुप्ता महाराज पुर थाना क्षेत्र के सरसौल निवासी हैं, पीड़ित राकेश गुप्ता ने बताया कि दो युवक एक सफेद बाईक पर उसकी दुकान पर आए थे,वे चूनी चोकर के दाम पूंछ रहें थें, इसी दौरान दुकान पर चूनी चोकर लेकर एक टृक आ गया , दुकान के आगे बिजली के तार पड़े थे,जो कि।टृक में फंस गए थे, राकेश गुप्ता ने बांस लेकर तारों को हटाने के लिए दुकान से बाहर गए,इसी दौरान बदमाशों ने दुकान की गोलक से 35 हजार रुपए चुरा लिए, चोरी करने के बाद दोनों बदमाश अपनी बाइक की गति तेज कर फतेहपुर की ओर भाग गए, पीड़ित ने तत्काल इस मामले की जानकारी पुलिस को दी, महाराज पुर पुलिस आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, पीड़ित की तहरीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कारवाई की जाएगी, उन्होंने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### नंदिनी ने पंजाब में आयोजित नेशनल डांस प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**चुनार, मीरजापुर।** डांस स्पोर्ट कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा पंजाब के जालंधर में आयोजित डांस स्पोर्ट्स काउंसिल आफ 2025 -26 में शनिवार व रविवार को 12 वीं नेशनल। सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंटल, पेंटिंग, मॉडलिंग, डांस एंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नंदनी सेन ने अंडर-19 एबब में सेमी क्लासिकल एवं क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए सेमी क्लासिकल डांस में प्रथम स्थान एवं क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व भी नंदिनी ने शिमला,नैनीताल,मुरादाबाद, नेपाल में आयोजित डांस प्रतियोगिताओं में भाग लिया और प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जितने में सफल रही। ज्ञात हो की नंदिनी सेन पूर्व प्रभारी निरीक्षक चुनार त्रिवेणी लाल सेन की सुपुत्री हैं । जो वर्तमान में प्रभारी निरीक्षक धानापुर जनपद चंदौली में कार्यरत है। नंदिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को दिया है। नंदिनी में बताया कि मेरी मां मीनाक्षी सेन मेरे लिए सदैव प्रेरणादायक रही। नंदिनी की सफलता पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मीरजापुर ने झारखंड को हराया

**सीखड़, मीरजापुर ।** आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीखड़ के तत्वावधान में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन कुल चार टीमों के बीच मैच खेला गया।पहला मैच आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीखड़ तथा मेड़िया के बीच खेला गया। आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीखड़ ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी की। बल्लेबाजी करने उतरी मेड़िया की टीम ने निर्धारित 20ओवर में 165रन का लक्ष्य रखा। जबाब में उतरी आजाद स्पोर्टिंग क्लब ने निर्धारित 20ओवर में 138रन ही बना पाई। प्रतियोगिता का दुसरा मुकाबला झारखंड और मीरजापुर के बीच खेला गया, जिसमें टास जीतकर मीरजापुर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20ओवर में 217रन का लक्ष्य झारखंड के सामने खड़ा किया। मीरजापुर टीम की तरफ से अभिषेक यादव ने शतकीय पारी खेली। जबाब में उतरी झारखंड की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 176रन ही बना पाई। सच्चिदानंद मिश्र गोली और अजय यादव प्रधान ने अभिषेक यादव को पुरस्कृत किया। उक्त अवसर पर बीनू यादव, नरेश यादव,पवन पांडेय, विनीत यादव सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

### चाइल्ड लाइन आस्था महिला एवं बाल विकास संस्था की टीम ने बाल विवाह को रोका



**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार कोतवाली अंतर्गत बगहां गांव में एक नाबालिग लड़की का शादी उसके परिजनों द्वारा तय कर दी गई थी, और शादी की तैयारी चल रही थी। सोमवार को आस्था महिला के वालिंटियर ने इसकी सूचना जिला चाइल्ड लाइन आस्था महिला एवं बाल विकास संस्था को दी। सूचना पर पहुंची टीम ने बाल विवाह होने से रोका और नाबालिग लड़की को अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार चुनार थाना क्षेत्र के बगहां गांव निवासी धर्मेंद्र अपनी नाबालिग लड़की प्रियंका की शादी कही तय कर दिया था,जिसकी तैयारी चल रही थी ।इसका पता लगने पर आस्था महिला संस्था के वालिंटियर ने इसकी सूचना संस्था के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची टीम ने बाल विवाह को रोका और नाबालिग लड़की को अपने साथ ले गई।

### गलत खाते में गई 9,994 रुपये की रकम साइबर सेल ने कराई वापस

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना ज्ञानपुर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए त्रुटिवश गलत खाते में स्थानांतरित हुई 9,994 रुपये की धनराशि को पीड़ित के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दिया। थाना ज्ञानपुर निवासी सत्येन्द्र श्रीवास्तव द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि नंबर त्रुटि के कारण उनके खाते से धनराशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए साइबर हेल्प डेस्क द्वारा संबंधित पक्ष से तत्काल समन्वय स्थापित किया गया, जिसके बाद पूरी धनराशि सुरक्षित रूप से वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने भदोही पुलिस एवं साइबर टीम की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## भीषण शीतलहरी से गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के बचाव हेतु डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण

### ●अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल चीनीमिल औराई के निरीक्षण में डीएम ने गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** जनपद में शीत ऋतु के दृष्टिगत संरक्षित गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु किए गए समुचित प्रबंध का जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल चीनी मिल औराई का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी गो आश्रय संचालकों को निर्देश दिया कि? निराषित गोचर को ठंड से बचाने हेतु पर्यात मात्रा में पौष्टिक आहार (भूसा,पराली,हरा चारा, दाना, गुड इत्यादि) जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बोहाईड्रेट उपलब्ध हो एवं स्वच्छ पेयजल की उपलव्धता सुनिश्चित की जाए। गोवशं को ठंड में बचाव हेतु गो आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने के लिए त्रिपाल, बोरा इत्यादि का प्रयोग किया जाए तथा वृद्ध, आशक्त व नवजात गोवंश के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक गो आश्रय स्थलों पर निरंतर प्रभावी निगरानी करते हुए शेड को विधिवत कवर कराया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर जनपद स्तर पर विभिन्न संस्थाओं के पास उपलव्ध अनुपयोगी बोरा, टाट आदि को गो आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराकर प्रयोग में लिया जाए।

गो आश्रय स्थलों की समुचित साफ़ सफाई सुनिश्चित कराई जाए।आश्रय स्थलों में पानी,गोबर, गोमूत्र आदि की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए और विछावन के रूप में पराली का उपयोग किया जाए तथा समय समय पर बिछावन को बदला जाना अति आवश्यक है। किसी भी स्थिति में रात्रि के समय गोवंश खुले स्थान पर न रहे और दिन में गोवंश को पर्याप्त धूप में रखा जाए। गो आश्रय स्थलों से संबद्ध/चिन्हित कब्जा मुक्त सिंचित चारागाह की भूमि पर हरा चारा उत्पादन की व्यवस्था किया जाए। उपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ ए के सचान ने बताया कि इस गो आश्रय स्थल में 517 गोवंश है जिनके देख रेख हेतु 11 केयर टेकर रखे गए हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि छोटे व कमजोर पशुओं के लिए अलग टीनशेड की व्यवस्था किया जाए तथा सभी पशुओं का शत प्रतिशत ईयर टैकिंग सुनिश्चित हो। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल,उप जिलाधिकारी औराई श्याम मणि त्रिपाठी, बीडीओ दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय सचिव डॉ सुमित नागर जी ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मंडी धनौरा:-** सोनभद्र जनपद में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के तत्वावधान में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम पन्ना औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं सोनभद्र क्षेत्र के किसानों की चकबंदी, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, बिजली और प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आयोजित हुआ।

राष्ट्रीय सचिव सुमित कुमार नगर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन धनौरा उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा।

किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में यह लंबे समय से औद्योगिक परियोजनाओं के कारण किसानों का शोषण हो रहा है, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं—**

यमुना एक्सप्रेस-वे एवं औद्योगिक परियोजनाओं में अधिग्रहीत भूमि का शेष एवं अतिरिक्त मुआवजा तत्काल वितरित किया जाए।

नए भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों के अनुसार प्रभावित किसानों को 20 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।

गौतम बुद्ध नगर सहित अन्य जिलों की तरह सोनभद्र जिले में भी सर्किल रेट बढ़ाया जाए।

जिन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें वर्तमान दरों पर मुआवजा दिया जाए तथा महंगाई के अनुसार मुआवजा राशि में वृद्धि की जाए।

जिन क्षेत्रों में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है, वहां पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

चकबंदी के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा की गई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

बिजली उपभोक्ताओं की सहमति के बिना जबरन स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं।

बिजली का निजीकरण बंद किया जाए।

बिजली कटौती पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए।

औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित क्रशर प्लांट एवं फैक्ट्रियों से हो रहे प्रदूषण से किसानों व आम जनता को राहत दिलाई जाए।

मानकों के विपरीत चल रहे क्रशर प्लांट व फैक्ट्रियों को तत्काल बंद कर उनके मालिकों एवं संरक्षण देने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

अवैध रूप से संचालित प्लांटों की जांच कर उन्हें सील किया जाए।

किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगा।इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव डॉ सुमित कुमार नागर, जयसिंह, जयविंद सिंह, आनंद कुमार, अनुराग, गौरव कुमार,दीपू चौहान, सतनाम सरदार, संतोष देवी, सुभाष चंद्र यादव, डॉ यतन सिंह, जितेंद्र सिंह, अमन, रवि कुमार, हिमांशु, जितेंद्र,नीरज कुमार , वंश, अर्जुन ,जितेंद्र ,भूपेंद्र सिंह, कोशिंदर सिंह, सोनू ,अशोककुमार, अभय कुमार चौहान, नीरज यादव आदि मौजूद रहे।

## तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सपा की मासिक बैठकें संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** समाजवादी पार्टी जनपद भदोही के जिला कार्यालय ज्ञानपुर के तत्वावधान में जनपद की तीनों विधानसभा भदोही, ज्ञानपुर एवं औराई में मासिक बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुई। भदोही विधानसभा की बैठक पचभैया में विधानसभा अध्यक्ष संतोष यादव की अध्यक्षता में,ज्ञानपुर विधानसभा की बैठक गोसाई बाजार में लालचंद बिंद की अध्यक्षता में तथा औराई विधानसभा की बैठक लक्ष्मणिया में विधानसभा अध्यक्ष केशनारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठकों में आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा के साथ-साथ मतदाता सूची में नाम जोड़ने और जनसंपर्क को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि भदोही विधायक जाहिद बेग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज तक प्रेम, दया और अपनापन लेकर पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनता अपमान और पीड़ा झेल रही है, ऐसे में समाजवादी कार्यकर्ताओं को सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। विधायक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके नाम अनिवार्य रूप से जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश ने विकास की नई दिशा देखी थी और अब एक बार फिर उसी ताकत को संगठित करने का समय है।

बैठक में भदोही विधानसभा से दीपनारायण भारती, हृदय नारायण प्रजापति, उमाशंकर पटेल, सोहन पाल, विजय सोनकर, अलीशेर, सुरेश साहू, परमानंद मौर्य, अच्छे सरोज, प्रमोद, सुरेश, मिल्लू, सुनील, सौरभ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञानपुर विधानसभा से मुन्ना खां, जमील अंसारी, कमलाशंकर महतो तथा औराई विधानसभा से केशनारायण यादव, सलाउद्दीन अंसारी, राजन यादव, हिमांशु यादव और जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र 'पप्पू' सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने का संकल्प लिया गया।

## डीएम व एसपी ने घोसिया धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण, किसानों से की बातचीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को घोसिया स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र वि-पैक्स तथा घोसिया किसान सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और धान क्रय प्रक्रिया की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मौके पर धान विक्रय करने आए दो किसानों से बातचीत करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सभी पात्र किसानों को मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केंद्रों पर ही विक्रय करें, जिससे उन्हें 2369 रुपये प्रति कुंतल की दर से समर्थन मूल्य का पूरा लाभ प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी शिशिर कुमार ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद में कुल 30 धान क्रय केंद्र संचालित हैं, जिनमें 15 खाद्य विपणन विभाग, 14 पीसीएफ तथा एक भारतीय खाद्य निगम का केंद्र शामिल है। जनपद का धान क्रय लक्ष्य 35 हजार मीट्रिक टन निर्धारित है। वहीं क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि घोसिया केंद्र पर अब तक 2046 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। केंद्र पर यूरिया, डीएपी, एनपीएस व पोटाश उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान क्रय नीति का पूर्ण पालन किया जाए और किसी भी स्थिति में किसानों को क्रय केंद्र से वापस न किया जाए। बिचौलियों के माध्यम से खरीद की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में तेजी लाने और सभी क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी औराई श्याममणि त्रिपाठी, एआर कोऑपरेटिव रामप्रकाश, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तहसील औराई में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शासन के निर्देशानुसार जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से नववर्ष 2026 का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी औराई श्याममणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील औराई में कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए गए। अधिकांश शिकायतें भूमि पैमाइश व राजस्व विवाद से संबंधित रहीं। डीएम ने निर्देशित किया कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। तीसरा पैराः जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने राजस्व से जुड़े मामलों में एक सप्ताह के भीतर संयुक्त टीम द्वारा जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए।

## द प्रीलूड ग्रोथ ऑफ ए पोट्स माइंड विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में दिनांक 04.01.2026 को अंग्रेजी विभाग,राजकीय महाविद्यालय , चुनार एवं अंग्रेजी विभाग , मानव रचना यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद, आई0 क्यू0 ए0 सी0 एवं वर्ड विवर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'द प्रीलुड ग्रोथ ऑफ ए पोट्स माइंड' विषय पर ऑनलाइन प्रसार व्याख्यान का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस सत्र के मुख्य व्यक्ता डॉ अखिलेश कुमार द्विवेदी एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग मानव रचना यूनिवर्सिटी ने अपने संवादयुक्त व्याख्यान में छात्र छात्राओं को बताया कि विलियम वर्ड्सवर्थ की 'दी प्रेलुड '14 पुस्तकों में रचित एक महान आत्मकथात्मक कविता है जो कवि के साहित्यिक/मानसिक विकास ,प्रकृति के साथ आध्यात्मिक (पांथेइसम) चेतना, जिसमें कवि,कविता और प्रकृति के बीच त्रिकोण की व्याख्या की। मुख्य वक्ता ने प्रेलुड बुक 1 के बारे में विस्तार से बताया कि प्रकृति की कई व्याख्याएँ हैं, जैसे आध्यात्मिक, अवलोकनशील, प्रतिक्रियाशील,बचपन के कार्यों के नैतिक निहितार्थ, नैतिक जागृति, चेतना।उन्होंने प्रेलुड में पारिस्थितिकी आलोचना, स्वछंदतावाद, साहित्यिक एवं कलात्मक आंदोलन,भाषा और शैली, प्रकृति की कल्पना,प्रतीकवाद की व्याख्या के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया। महाविद्यालय की विदुषी प्राचार्या, प्रो माधवी शुक्ला ने अपनेअध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि विलियम वर्ड्सवर्थ को प्रकृति का पुजारी कहा जाता है। वे प्रकृति को एक सजीव,नैतिक मार्गदर्शक,मित्र और ईश्वर के रूप में देखते थे, जो मानवीय भावनाओं को शांत करती है और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सफलता के लिए कड़ी मेहनत, और दृढ़ संकल्प के साथ प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान महाविद्यालय के डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ विद्या सिंह , डॉ शिव कुमार,डॉ नलिनी सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह सहित समस्त प्राध्यापक,कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन, व्याख्यान की संयोजक डॉ रीता मिश्रा ने एवं तकनीकी सहायता, सहयोगी संयोजक डॉ अदिति सिंह ने किया।

## श्री विंध्य धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गरीबों को कंबल वितरण किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**विंध्याचल, मीरजापुर ।** ठंड के मौसम में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए श्री विंध्य धाम चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ट्रस्ट द्वारा सैकड़ों कंबल गरीबों और असहाय लोगों को वितरित किए गए। यह कार्यक्रम विंध्याचल क्षेत्र में ठंड से पीड़ित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी देखी गई। ट्रस्ट के ट्रस्टी पंडित शेखर सरण उपाध्याय जी और पंडित राघवेंद्र उपाध्याय जी की उपस्थिति में यह कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। ट्रस्टीगण ने स्वयं गरीबों के बीच जाकर कंबल सौंपे और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस अवसर पर ट्रस्टी पंडित शेखर सरण उपाध्याय जी ने कहा कि मां विंध्यवासिनी की कृपा से ट्रस्ट निरंतर समाज सेवा में लगा हुआ है। सेवा ही जीवन का सच्चा धर्म है और ठंड में कंबल वितरण से गरीबों को कुछ राहत मिलती है।

पंडित राघवेंद्र उपाध्याय, मां विंध्यवासिनी धाम के श्रृंगारिया प्रधान पुजारी ने कहा कि 'श्री विंध्य धाम चैरिटेबल ट्रस्ट' पिछले लगभग दस वर्षों से निरंतर भक्तों की सेवा में लगा हुआ है। यह ट्रस्ट स्थानीय जरूरतमंदों, गरीबों तथा असहाय लोगों की सहायता करता आ रहा है। ट्रस्ट के माध्यम से नेत्र परीक्षण, चश्मा, दवा वितरण के साथ साथ प्रचंड गर्मी में भक्तों के गले को ठंडक पहुंचाने के लिए शरबत वितरण करना, विभिन्न सामाजिक कार्य जैसे सहायता वितरण, सेवा कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे पुण्य कार्य अनवरत जारी रहेंगे, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को लाभ मिलता रहेगा। यह प्रयास मां विंध्यवासिनी की कृपा से संभव हो रहा है। विंध्य धाम के सुरक्षा प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विंध्य धाम में इस प्रकार के पुनीत कार्य करने से सभी पवित्र कर्मों का पूर्ण लाभ मिलता है। इससे भक्तों की श्रद्धा बढ़ती है और धाम की पवित्रता बनी रहती है। उन्होंने अपील की कि ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्य सभी संगठनों, संस्थानों तथा व्यक्तियों को मिलकर करने चाहिए, ताकि समाज में सेवा भावना और एकता मजबूत हो। श्री विंध्य धाम चैरिटेबल ट्रस्ट समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य करता रहा है। ट्रस्ट द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को मुफ्त चश्मे और दवाएं वितरित की जाती हैं। इसके अलावा गर्मी के मौसम में भक्तों और राहगीरों के लिए शर्बत वितरण का कार्यक्रम भी नियमित रूप से चलाया जाता है। इन प्रयासों से ट्रस्ट ने क्षेत्र में गरीबों और जरूरतमंदों के बीच एक विश्वसनीय स्थान बनाया है। ट्रस्ट की यह पहल न केवल ठंड से राहत प्रदान करती है बल्कि समाज में सेवा भावना को भी प्रोत्साहित करती है। स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट के इस कार्य की सराहना की और मां विंध्यवासिनी से ट्रस्ट के लिए आशीर्वाद मांगा। ऐसे सामाजिक कार्यों से विंध्याचल धाम की पवित्रता और भी बढ़ जाती है। इस दौरान धाम सुरक्षा प्रभारी उदय प्रताप सिंह भी अपने कर कमलों द्वारा पुनीत कार्य में लगे थे।

## विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग की सघन कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही -** शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी शैलेष कुमार के आदेश के क्रम में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी अरुण कुमार शुक्ल के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 रजनीश कुमार पाण्डेय,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोहित कुमार व आबकारी निरीक्षक औराई अनिल कुमार सूर्यभान द्वारा मय स्टाफ द्वारा औराई व केवटाही स्थित विभिन्न ईट-भट्ठों पर सघन दबिश दी गई। दबिश के दौरान अवैध मदिरा के निर्माण अथवा संग्रहण से संबंधित गतिविधियों की गहन जांच की गई। निरीक्षण में कोई अवैध गतिविधि नहीं पाई गई, तथापि संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त न होने की कड़ी चेतावनी दी गई। इसके उपरांत लालानगर टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन तलाशी ली गई। इस दौरान वाहनों की चेकिंग कर मदिरा के अवैध परिवहन की संभावना को परखा गया। तलाशी अभियान के दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

इसके अतिरिक्त कंपोजिट शॉप उगापुर, देसी शराब दुकान भरतपुर (औराई) व केवटाही का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से स्कैनिंग कर बिक्री व्यवस्था की जांच की गई। उपलब्ध मदिरा स्टॉक का मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया तथा क्यूआर कोड के माध्यम से स्टॉक का मिलान किया गया, जो नियमानुसार सही पाया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेता को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुरूप ही दुकान संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनपद में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार सख्ती के साथ जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आमजन से भी अपील की गई है कि अवैध मदिरा से संबंधित किसी भी सूचना को तत्काल प्रशासन अथवा आबकारी विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## बीडा प्राधिकरण ने सरोंई में अवैध लेआउट पर की ध्वस्तीकरण कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** बीडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र अंतर्गत मौजा सरौई, तहसील व जिला भदोही में अनधिकृत रूप से विकसित किए गए भू-विन्यास (लेआउट) के खिलाफ सोमवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिलाधिकारी भदोही एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीडा के आदेश पर नामित मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी (न्यायिक), भदोही के नेतृत्व में की गई। प्राधिकरण के अनुसार गाटा संख्या 281 में लगभग 3600 वर्गमीटर क्षेत्र में मो. शादाब व अबुकैफ पुत्रगण इस्तियाक अहमद, गाटा संख्या 162 में लगभग 2100 वर्गमीटर क्षेत्र में शमशेर अली, नसीम अहमद, मुबारक अली व मासूम अली पुत्रगण वजीर तथा गाटा संख्या 148 में लगभग 3500 वर्गमीटर क्षेत्र में कमलधर व सुंदरलाल द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र के अवैध लेआउट विकसित किया गया था। बीडा द्वारा उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा 9 व 10 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोकने का आदेश दिया गया था, साथ ही सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया, लेकिन इसके बावजूद लेआउट को प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं कराया गया।

इसके बाद प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। बीडा ने आमजन से अपील की है कि प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किसी प्रकार का निर्माण न करें और किसी भी भूखंड की खरीद से पूर्व संबंधित लेआउट की स्वीकृति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत भदोही की तीनों तहसीलों में जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** महिला कल्याण विभाग द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री शत्रुघ्न कनोजिया के मार्गदर्शन में सोमवार को तहसील भदोही, औराई व ज्ञानपुर में बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रभावी संदेश दिया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास को बाधित करता है और उनका भविष्य अंधकारमय बना देता है। बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर एक लाख रुपये तक जुर्माना अथवा दो वर्ष तक का कठोर कारावास या दोनों का प्रावधान है। टीम ने स्पष्ट किया कि विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, संबंधित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्वेलरी शोरूम में चोरी की बड़ी वारदात

**प्रयागराज** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चार महिलाओं ने महज 14 मिनट के भीतर करीब 14 लाख रुपये के सोने के गहने चोरी कर लिए। चौंकाने वाली बात यह रही कि महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ शोरूम पहुंची थीं, ताकि किसी को उन पर शक न हो। जानकारी के अनुसार, एक महिला ने गहने खरीदने के बहाने सेल्समैन को बातचीत में उलझाए रखा, जबकि बाकी महिलाएं पास के काउंटर पर कुर्सियों पर बैठ गईं। मौका मिलते ही एक महिला ने सोने की ईयर-रिंग से भरा डिस्प्ले पैड उठा लिया। इसके बाद उसने वह पैड अपनी साथी महिला को सौंप दिया, जिसने उसे अपने शॉल में छिपा लिया। पूरी घटना शोरूम में लगे CCTV कैमरों में कैद हो गई। यह वारदात 31 दिसंबर की बताई जा रही है। मामले में शोरूम मैनेजर की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर आरोपित महिलाओं की तलाश में जुटी है।

### राम नाम के सुमिरन से मनुष्य के जीवन में खुशियां आती हैं



**नैनी प्रयागराज।** मेला क्षेत्र में महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में चल रही राम कथा में दूसरे दिन कथा व्यास भूपेंद्र महाराज जी ने कहा की राम नाम के सुमिरन से मनुष्य के जीवन में खुशियां आती हैं। सभी बधाएं दूर होती हैं। महर्षी आश्रम के अध्यक्ष महर्षि महेश योगी जी के परम शिष्य वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी के आदेश अनुसार 9 जनवरी तक राम कथा का आयोजन आश्रम परिसर में हो रहा है। भक्तों को कथा सुनाते हुए श्री कथावाचक भूपेंद्र महाराज ने कहा राम जी पुरुषोत्तम कहलाए राम नाम के सुमिरन से मनुष्य के जीवन में खुशियां आ सकती है।अंत समय में भी लोग राम नाम का जाप करते हैं। जिससे किए हुए कर्मों से छुटकारा राम नाम का जाप ही दिला सकता है। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, आश्रम प्रभारी बसंत दास , ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, सोनू पांडे, जितेंद्र दास, रोहित तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### सावित्रीबाई फुले की जन्मदिन पर पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा बाटे गये निःशुल्क पेन कॉपी



**ब्यूरो प्रयागराज।** शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा उतराव क्षेत्र के निमिथरिया गांव मे स्थित के. डी. पब्लिक इंटर कालेज मे शनिवार कों बहुत ही हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गयी।जयंती कार्यक्रम मे पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष व समाजसेवी अशोक कुमार पुष्कर व उपस्थित सभी लोग सावित्रीबाई फुले की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये दीपप्रज्वलित कर सभी लोग नमन किया। पुष्कर सेवा संस्थान द्वारा लगभग पांच सौ छात्र छात्राओं कों निःशुल्क पेन कॉपी और मिष्ठान वितरण किया। समाजसेवी पुष्कर ने कहा सावित्रीबाई फुले कों शिक्षा की नीव बनी शिक्षा से उन्हें बहुत लगाव था। समाज कों शिक्षित बनाने के लिए उन्हें बहुत परिश्रम करना पड़ा। महिलाओं के लिए औपचारिक शिक्षा शुरू करने के ऐतिहासिक भूमिका निभाई। अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर पुणे मे लड़कियों के लिए स्कूल खोला। आज पूरा देश उन्हें यादकर नमन कर रहा है।समाजसेवी ने कहा पुष्कर सेवा संस्थान का उद्देश्य गरीब असहाय छात्र छात्राओं कों पढ़ाई मे सहयोग करना है। शिक्षा के प्रति जागरूक करना ताकि कोई भी छात्र छात्रा शिक्षा से वंचित न हो।शिक्षा से ही परिवार गाँव मे एकता और भाईचारा बढ़ता है। समाजसेवी द्वारा के. डी. कालेज के अध्यापक व अध्यापिका कों पेन व उपहार देकर सम्मानित किया। पेन कॉपी व मिष्ठान पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गयी। वही अध्यापक व अध्यापिका द्वारा पुष्कर सेवा संस्थान की प्रशंसा की। कहा की शिक्षा प्राप्त करना सभी कों जरूरी है। शिक्षा के प्रति सहयोग करने वाला सच्चा और ईमानदार समाजसेवी होता है। कार्यक्रम मे, आनन्द कुमार पुष्कर, आरिदम पुष्कर, देवीशंकर पुष्कर, रवि, लालजी, फूलचंद, अंकित कुमार, आचार्य रजनीश तिवारी, समाजसेवी अभिषेक पुष्कर, आदि उपस्थित रहें। कालेज के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह, व प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह द्वारा पुष्कर सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी अशोक कुमार व आये हुऐ सभी लोगों स्वागत कर आभार प्रकट किया।

# स्वरूप रानी अस्पताल में डॉक्टरों और तीमारदारों में जमकर मारपीट

● **रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में बीती देर रात जमकर हंगामा हुआ। मामूली कहासुनी के बाद मरीज के तीमारदारों और हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टर्स के बीच जमकर मारपीट हुई है। रेजिडेंट डॉक्टर्स ने मरीज के तीमारदारों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए सभी विभागों में कार्य का बहिष्कार कर दिया।

रेजिडेंट डॉक्टर्स के कार्य बहिष्कार के बाद मौके पर हंगामे और बवाल की आशंका को देखते हुए स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। जिसके बाद पुलिस और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ वीके पाण्डेय ने मारपीट करने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर नाराज रेजिडेंट डॉक्टर्स को शांत कराया। जिसके बाद रात करीब दो बजे रेजिडेंट डॉक्टर्स कार्य पर वापस लौटे।

वहीं मरीज के तीमारदारों ने भी स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टर्स पर भी बदसलूकी और मारपीट का आरोप लगाया है। मरीज के तीमारदारों के मुताबिक रेजिडेंट डॉक्टर्स बदसलूकी कर रहे थे, टोकने पर रेजिडेंट डॉक्टर्स मारपीट पर उतारू हो गए। एसीपी कोतवाली रवि कुमार का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। रेजिडेंट डॉक्टर्स ने मारपीट का आरोप लगाकर स्ट्राइक किया था। कार्रवाई के आश्वासन बाद स्ट्राइक खत्म कर दिया है। मरीज के तीमारदारों ने भी डॉक्टरों पर बबदसलूकी और मारपीट का आरोप लगाया है। लेकिन किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। डॉक्टरों ने तहरीर देने की बात कही है। जैसे ही तहरीर मिलती है उसी के आधार पर मामले में पुलिस कार्रवाई करेगी।

# पद्म भूषण कल्याण सिंह का, कॉपी-पेंसिल वितरित कर जन्मदिन मनाया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी प्रयागराज।** महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी,पद्म भूषण कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल का जन्मदिन संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में मनाया गयाद्य पद्म भूषण कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री,राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल को कोटि-कोटि नमन किया गया साथ ही प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी का जन्मदिन मनाया गयाद्य इस अवसर पर बच्चों को कॉपी-पेंसिल वितरित करके बच्चों को शिक्षित होने की अपील की गई। सजय श्रीवास्तव ने कहा कि कल्याण सिंह का सपना था कि बच्चे शिक्षित होंगे तभी देश का विकास होगा उसी तरह हमारे महापौर की भी इच्छा रहती है कि बच्चे जब शिक्षित होंगे तभी जिले का विकास होगा देश का विकास होगा संपूर्ण क्षेत्र का विकास होगाद्यभारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुकाख्यमंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित, प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण के लिए सत्ता का त्याग करने वाले, प्रभु श्री राम जी के परम उपासक कल्याण सिंह 'बाबूजी' की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते है राष्ट्र प्रथम के मार्ग पर चलते हुए, जनसेवा और लोककल्याण के जो प्रतिमान स्थापित किए है, हम सभी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा के अक्षय स्त्रोत हैं।

ह्यदोनो का संयुक्त रूप से महापौर गणेश केसरवानी और पद्म भूषण कल्याण सिंह बाबूजी का जन्मदिन मनाया गया।इस अवसर पर बच्चों को पेंशन- काफी वितरित कर नंदन तालाब मे मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह,कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव सहित कई दर्जनों बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया।

### दो मोटरसाइकिलों में आमने-सामने का टक्कर एक की मौत, दूसरा घायल

**सिद्धार्थनगर:** जिले के बांसी कोतवाली क्षेत्र के देबियापुर-बांसी-नरकटहा मार्ग पर रविवार देर शाम एक सड़क हादसा हो गया। आमने-सामने से आ रही दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान विशाल निषाद पुत्र गंगाराम (28) निवासी हरिद्वार, कोतवाली बांसी के रूप में हुई है। मृतक विशाल सिद्धार्थनगर में एक प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत था और रविवार शाम काम निपटाकर बाइक से घर जा रहा था। अभी वह नरकटहा पहुंच ही था कि इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक से दोनों मोटरसाइकिलों में आमने-सामने का टक्कर हो गया, जिससे गंभीर रूप से घायल विशाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार हिमांशु को गंभीर चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल है, इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने बताया की पुलिस शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच की जा रही है।

# प्रमुख चौराहों पर चला नगर निगम दस्ता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार को नैनी के प्रमुख चौराहों पर नगर निगम के अधिकारियों ने नैनी पुलिस के साथ पहुंचकर सड़क के किनारे लगी दुकानों को हटवा।जिन दुकानों में ताला बंद था उन्हें नोटिस देने के साथ-साथ करवाई करने का भी निर्देश दिया है। नगर निगम दस्ता नैनी के फूल मंडी, एग्रीकल्चर, खान चौराहा समेत कई मुख्य स्थान पर पहुंचकर दुकानों को हटाने की कार्रवाई की।आगामी पर्व से पहले सड़कों से हटेगा अतिक्रमण नगर निगम ने माघ मेले में आने वाले आगामी पर्व से पहले अतिक्रमण अभियान चलाना शुरु कर दिया है। नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ नैनी पहुंचकर सड़कों को खाली करने की तैयारी शुरू कर दी है।अधिकारियों का कल निर्देश है कि सड़कों के किनारे कोई भी दुकान नहीं लगेगी जिससे मेले में आने वाली भीड़ को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़े चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क की पटरी पर दुकान नहीं लगेगी।

दुकान को लगाना है तो पटरी के पीछे लगे जिससे सड़क पर जाम की स्थिति न उत्पन्न हो सके। फूल मंडी पर लगने वाली फूलों की दुकान, यीशु दरबार के पास लगने वाले फल मंडी और खान चौराहे के समीप लगने वाली तमाम दुकानों को नगर निगम के अधिकारियों ने हटवा दिया है।नैनी पुलिस ने भी इस आक्रमण अभियान में पूरी तरह से नगर निगम का सहयोग करते हुए दुकानदारों को कल निर्देश दिया है कि अगर दोबारा सड़क की पटरी पर दुकान लगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगर निगम के अधिकारी और नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम उपस्थित रहे।

# अंकिता भण्डारी को न्याय दो! वीआईपी' को सज़ा दो

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** स्त्री मुक्ति लीग और दिशा छात्र संगठन की ओर से उत्तराखण्ड के अंकिता भण्डारी हत्या काण्ड मामले के खिलाफ और अपराधियों को बदस्तूर जारी सरकारी संरक्षण के खिलाफ़ महिला छात्रावास गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया और माँग की गई कि मामले में शामिल सभी अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाय और तथाकथित 'वीआईपी' को गिरफ्तार किया जाय।

प्रदर्शन में बात रखते हुये स्त्री मुक्ति लीग की चंचल ने कहा कि तीन साल पहले सितंबर 2022 में अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड ने उत्तराखण्ड समेत देश के सभी इंसाफपसन्द नागरिक को झकझोर दिया है। अंकिता भण्डारी मामले ने एक बार फिर शुचिता, नारी सम्मान आदि के खोखलेपन को फिर से उजागर कर दिया है।

इस बर्बर हत्याकाण्ड में प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी से जुड़े नेता विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य और उसके दो साथियों को उम्र कैद की सजा हुई है।? लेकिन जिस वीआईपी के लिए अंकिता पर 'अतिरिक्त सेवा' देने का दबाव बनाया गया उसे ना तो गिरफ्तार किया गया है और न ही उसपर कोई कर्रवाई की गयी है उलटे उसे राजनितिक संरक्षण प्राप्त है।

जाँच में सामने आया कि रिजॉर्ट मालिक पुलकित आर्य अंकिता पर किसी वीआईपी को स्पेशल सर्विस देने का दबाव बना रहा था. यह खुलासा अंकिता की मोबाइल चैट से हुआ, जिसने पूरे मामले को और संवेदनशील बना दिया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलकित आर्य, अंकित गुप्ता और सौरभ भास्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लंबी सुनवाई के बाद मई 2025 में कोटद्वार जिला एवं सत्र न्यायालय ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

बीजेपी हाईप्रोफाइल नेताओं को बचाने के लिए सीबीआई जाँच से बच रही है। साथ ही वनंतरा रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने की घटना इसको इसको और पुख्ता करता है। दिशा छात्र संगठन की निधि ने कहा कि अंकिता भंडारी का मसला एक बर्बर स्त्री-उत्पीड़न का मसला है। ये एक स्त्री-अधिकार ,जनवादी-अधिकार और नागरिक आज़ादी का मसला है और एक सत्तारूढ़ पार्टी के चरम भ्रष्ट होने का नमूना है। प्रदर्शन में पूजा, आरती, सौम्या, रचिता, पूनम, प्रियांशु, संजय, जय, हर्ष, अंजलि, चन्द्रप्रकाश, संजय, उत्कर्ष, शम्स आदि शामिल रहे।

### बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा का निधन, शिक्षकों में शोक की लहर



**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ब्रजनंदन शर्मा के असामयिक निधन से प्रदेश भर के शिक्षकों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार की राज्य एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने दिवंगत नेता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से शोक व्यक्त करते हुए कहा कि 'ब्रजनंदन शर्मा जी आजीवन शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और हितों के लिए संघर्षरत रहे। उनका जाना शिक्षक आंदोलन के लिए एक गहरी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष (शारीरिक शिक्षक प्रकोष्ठ) अशोक कुमार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने अपने शोक संदेश में कहा कि 'स्व. ब्रजनंदन शर्मा जी एक सरल, संघर्षशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ शिक्षकों की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुँचाया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। 'परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की है।

# अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी का माघ मेला भ्रमण एवं निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** पीएसी श्री डॉ. रामकृष्ण स्वर्णकार (आईपीएस) का चतुर्थ वाहिनी पीएसी, प्रयागराज में आगमन हुआ। उनके आगमन पर सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र (आईपीएस) व सेनानायक राजेश श्रीवास्तव(आईपीएस) द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

क्षेत्र में बाढ़ राहत कार्यों में तैनात पीएसी बल की ड्यूटी का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ राहत दलों की तैनाती, राहत एवं बचाव कार्यों में प्रयुक्त उपकरणों, नावों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति तथा संचालन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही पीएसी द्वारा किए जा रहे राहत, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी कार्यों की समुचित समीक्षा की द्वारा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की सतर्कता, तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसके उपरांत आईसीसीसी, संगम सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयुक्त(प्रयागराज मंडल) श्रीमती सौम्या अग्रवाल(आईएएस), पुलिस आयुक्त (प्रयागराज) श्री जोगिंदर कुमार (आईपीएस), कानपुर अनुभाग पीएसी उप-महानिरीक्षक श्री अतुल शर्मा (आईपीएस), माघमेला पीएसी नोडल अधिकारी श्री सर्वेश कुमार मिश्र(आईपीएस) व बैठक में माघ मेला क्षेत्र में ड्यूटीरत समस्त क्षेत्राधिकारी, यातायात पुलिस एवं जल पुलिस के अधिकारी तथा सभी वाहिनियों के दलनायक सहित माघ मेला से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान माघ मेला, बाढ़ राहत, पीएसी ड्यूटी, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित दायित्वों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को आपसी समन्वय, अनुशासन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### ऑटो और कार की टक्कर में वाहन क्षतिग्रस्त



**नैनी, प्रयागराज।**औद्योगिक थाना क्षेत्र के सड़वा चौकी के समीप एक कार और ऑटो की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।मिली जानकारी के मुताबिक , प्रयागराज से करछना की ओर जा रही एक कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी । पीछे से आ रहे एक ऑटो ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो का अगला हिस्सा और कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।हादसे के बाद कार चालक और ऑटो चालक के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। मौके पर भीड़ जुटने लगी, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर दोनों चालकों को समझाया और मामला शांत कराया।यह मामला देर रात का है।

# असम जीताने की जिम्मेदारी अब प्रियंका के पास, चुनाव में बांटेंगी टिकट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** केरल की वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को कांग्रेस में एक के बाद एक बड़ी जिम्मेदारी मिलती जा रही है। पार्टी ने उन्हें आगामी असम विधानसभा चुनाव का जिम्मा सौंपा है। कांग्रेस ने अप्रेल-मई में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के लिए स्क्रीनिंग कमेटियां गठित की हैं जिसमें प्रियंका को असम की स्क्रीनिंग कमेटी का प्रमुख बनाया गया है।

स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिश पर ही पार्टी की चुनाव समिति टिकट तय करती है जिससे अब परोक्ष रूप से प्रियंका ही असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट बांटेंगी। प्रियंका को पहली बार किसी राज्य की स्क्रीनिंग कमेटी का प्रमुख बनाया गया है।

पार्टी के लिए 10 साल बाद असम में सत्ता वापसी की बड़ी चुनौती है जिससे पार पाने में उनकी प्रमुख भूमिका रहेगी। उनके साथ सांसद इमरान मसूद, एसएस उलाका और श्रीवेल्ला प्रसाद को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

प्रियंका के अलावा मधुसूदन मिस्त्री को केरल, टीएस सिंहदेव को तमिलनाडु और पुडुचेरी तथा बीके हरिप्रसाद को पश्चिम बंगाल की स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। केरल की कमेटी में राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी को सदस्य बनाया गया है।


पार्टी के अंदर ऐसा मानना है कि प्रियंका गांधी संग कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सांसद गौरव गोगोई संग रिश्ते बेहतर है। दोनों में सामंजस्य होने का फायदा भी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में मिलेगा। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने असम के जोरहाट में पार्टी उम्मीदवार गौरव गोगोई के समर्थन में प्रचार अभियान भी किया था। सदन में भी दोनों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिले।

कुछ दिनों पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि हम 126 में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। 26 सीटें गठबंधन के सहयोगियों के लिए छोड़ेंगे। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस, एआईयूडीएफ के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को सांप्रदायिक पार्टी करार दिया है।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई बन सकता है खतरनाक उदाहरण

● **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपात बैठक।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में की गई कार्रवाई पर सोमवार को आपात बैठक करेगी। यह जानकारी सुरक्षा परिषद की प्रेसिडेंसी की ओर से दी गई।संयुक्त राष्ट्र में सोमालिया के स्थायी मिशन की प्रवक्ता खदीजा अहमद ने कहा, 'यह आपात बैठक सोमवार सुबह 10 बजे होगी।' समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सोमालिया जनवरी महीने के लिए सुरक्षा परिषद की रोटेटिंग प्रेसीडेंसी संभाल रहा है। अमेरिका ने शनिवार को वेनेजुएला में एक सैन्य अभियान चलाया। इस दौरान राजधानी काराकास से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की यह कार्रवाई बेहद खतरनाक उदाहरण बन सकती है।

महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गुटेरेस को आशंका है कि इस सैन्य कदम के पूरे क्षेत्र पर गंभीर असर पड़ सकता है। उनका कहना है कि वेनेजुएला की स्थिति चाहे जैसी भी हो, ऐसी घटनाएं अंतरराष्ट्रीय कानून के लिए खतरनाक मिसाल हैं।

उन्होंने कहा, 'महासचिव सभी के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह से सम्मान करने के महत्व पर जोर देते रहते हैं। इसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है। वह इस बात से बहुत चिंतित हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है।'

गुटेरेस ने वेनेजुएला में मानवाधिकारों और कानून के शासन का सम्मान करते हुए सभी पक्षों के बीच संवाद की जरूरत पर जोर दिया है। अमेरिका के अनुसार, तड़के किए गए इस अभियान में अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने वेनेजुएला के एक सैन्य अड्डे पर हमला किया और महीनों की सैन्य तैयारी का नतीजा था। इसके बाद राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लिया।अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि दोनों को युद्धपोत के जरिए न्यूयॉर्क ले जाया गया, जहां उन पर संघीय अदालत में 'नारको-टेररिज्म' के आरोप दायर किए गए हैं।

# सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के अंतर गत संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश के कला संगम सांस्कृतिक पंडाल सेक्टर 3, किला- मिन्टो पार्क रोड, परेड ग्राउंड, प्रयागराज में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसका भव्य उद्घाटन महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी की गरिमामयी उपस्थित में पद्मश्री मालिनी अवस्थी तथा अपर निदेशक संस्कृति डॉक्टर सृष्टि धवन ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया।

सर्वप्रथम उदयचंद परदेसी, प्रयागराज ने देवी गीत लोकगायन से प्रारम्भ किया। शोभित नाहर निदेशक संगीत नाट्य समिति उप्र एवं गुलाम सरवर जी ने उदय चंदर परदेशी को सम्मानित किया। द्वितीय प्रस्तुति वरुण मिश्रा प्रयागराज एवं टीम ने 'चलो मन गंगा यमुना तीरे' का मनमोहक गायन पेश किया।तीसरी प्रस्तुति कृति श्रीवास्तव प्रयागराज ने लोक नृत्य ढेड़िया का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

चतुर्थ प्रस्तुति पदम् श्री मालिनी अवस्थी द्वारा 'चलो री गुइंया, गंगा नहाये लें' लोकगीत प्रस्तूत किया जिसने उपस्थित सभी श्रोतागणों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वाराणसी से आये राम जनम ने लम्बे समय तक शंख वादन कर सभी को आश्चर्यचकित किया।

लोकगीत संगीता मिश्रा प्रयागराज, शास्त्रीय संगीत वरुण मिश्रा लखनऊ, के कार्यक्रमों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। नीता जोशी लखनऊ से कत्थक की प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर श्री उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी जी का सम्मान अपर निदेशक संस्कृति डॉ सृष्टि धवन ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुक्ष भेंट कर किया एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी जी का सम्मान महापौर प्रयागराज द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम के अंत में पद्मश्री मालिनी अवस्थी जी का सम्मान प्रयागराज मंडल के मंडल आयुक्त सौम्या अग्रवाल द्वारा किया गया।

सभी उपस्थित अतिथियों एवं कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त... इस सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर आभा माधुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर निदेशक सृष्टि धवन, संस्कृत निदेशालय लखनऊ, उप्र नाट्य समिति के निदेशक शोभित नाहर जी नोडल अधिकारी श्री सुभाष यादव एवं गुलाम सरवर जी, जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा जी, पी डी साहब भूपेंद्र सिंह संस्कृति विभाग से राकेश कुमार वर्मा, हरिश्चंद्र दुबे, रोशन कुमार, अजय मौर्या, शुभम, सत्यम, निर्भय, राजू यादव एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। दिनांक 5 जनवरी के कार्यक्रमो के मुख्य आकर्षण- शास्त्रीय संगीत ध्रुपद पंडित विनोद द्विवेदी कानपूर। लोकगीत हरप्रीत कौर वाराणसी। श्री मनोज जोशी चंडीगढ़, गायन। शास्त्रीय नृत्य नाटिका, शुभम तिवारी लखनऊ। लोक नृत्य दिवारी परी नाटिका विपिन यादव महोबा। की-बोर्ड वादन विजय चन्द्रा प्रयागराज का होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 1986 बैच के मैट्रिक सहपाठियों का वन भोज सह मित्र मिलन कार्यक्रम संपन्न



**करौं, देवघर, झारखंडः-** सोमवार को 1986 साल में मैट्रिक उत्तीर्ण सहपाठीयों द्वारा एक वन भोज सह मित्र मिलन कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी नये साल के उपलक्ष्य में सिटिया बराज के समीप किया। जिसमें दर्जनों पूर्व के छात्रों ने सम्मिलित होकर एक दूसरे का हाल-चाल लिया। इस अवसर लोगों ने दुख- सुख एक दूसरे से बाँटने का संकल्प लिया। मौके पर सुमन सिंह, प्रवीर दे, आनन्द, अरदेन्दु सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 जनवरी को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजित स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा के अलावा टीबी, मलेरिया, कालाजार, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड तथा दिव्यांग जांच सेवाएं प्रदान की जाएंगी। 5 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मंजर आलम ने उक्त जानकारी दी। डॉक्टर मंजर ने बताया कि आयोजित मेला प्रांगण में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ पांच रुपये में भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने पाकुड़िया प्रखंड के सभी नागरिकों से अपील करते हुए 10 जनवरी को आयोजित स्वास्थ्य मेला में भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के शैलेन्द्र सोरेन, प्रधान लिपिक नित्य कुमार पाल, प्रभात दास, योगेश प्रसाद एवं स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### अरायन उरांव अब 'आर्यन उरांव' के नाम से पहचाना जाएगा



**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूसार, पोस्ट-कामता निवासी अरायन उरांव, पिता तेज कुमार पन्ना, का नाम परिवर्तन कर अब 'आर्यन उरांव (ARYAN ORAON)' के नाम से जाना जाएगा। इस संबंध में औपचारिक रूप से आज दिनांक 05 जनवरी 2026 को घोषणा की गई। जानकारी के अनुसार आर्यन उरांव का जन्म 27 सितंबर 2012 को हुआ था। अब वह सभी शैक्षणिक, सामाजिक एवं अन्य सरकारी अभिलेखों में आर्यन उरांव के नाम से पहचाना जाएगा। परिवार द्वारा बताया गया कि यह नाम परिवर्तन पूरी तरह पारिवारिक एवं सामाजिक सहमति से किया गया है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पहचान संबंधी असुविधा न हो।

### अनियंत्रित होकर ट्रक दुकान में घुसा

**ललितपुर।** ललितपुर जिले के तालबेहट में सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक मेडिकल स्टोर और किराने की दुकान के टीन शेड में जा घुसा। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना का कारण ट्रक चालक को मिर्गी का दौरा पड़ना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11.15 बजे के दरम्यान हुई। तालबेहट से माताटीला की ओर जा रहा ट्रक तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के माताटीला मार्ग पर तहसील के निकट अनियंत्रित हो गया। ट्रक तहसील के सामने विधा मेडिकल कॉलेज और कमल जैन की किराने की दुकान के आगे लगे टीन शेड में घुस गया। ट्रक को अनियंत्रित होता देख वहां मौजूद लोगों ने दौड़कर अपनी जान बचाई। दुर्घटना के बाद जब चालक को ट्रक से नीचे उतारा गया, तो पता चला कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## रेलवे लाइन बनी भंडारगढ़ा गांव के लिए 'जीवन-मृत्यु की दीवार', बीमारों को खटिया पर ढोकर लाइन पार कराने को मजबूर ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** रेलवे लाइन पार बसे भंडारगढ़ा गांव के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधा अंडरपास से वंचित हैं। इस कारण गांव के बीमारों को अस्पताल तक पहुंचाना किसी संघर्ष से कम नहीं है। आपात स्थिति में भी एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती, मजबूरी में ग्रामीण बीमार मरीजों को खटिया-डोली पर लादकर रेलवे लाइन पार कराते हैं। यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक रेलवे विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। सोमवार को इस समस्या का एक बार फिर दर्दनाक उदाहरण सामने आया। ग्राम भुसाढ़ के भंडारगढ़ा गांव निवासी गोइंदा गंझु की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया, लेकिन संपर्क रास्ता नहीं होने के कारण एम्बुलेंस रेलवे लाइन के इस पार टोरी जंक्शन के पूर्वी छोर पर, टोरी-महुआमिलान स्टेशन के बीच, रेलवे पोल संख्या 182/28 और 182/29 के समीप ही खड़ी रह गई। इसके बाद ग्रामीणों ने खटिया पर मरीज को सुलाया और जान जोखिम में डालते हुए रेलवे लाइन पार कराकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया, तब जाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा सका।

ग्रामीणों का कहना है कि भंडारगढ़ा गांव चारों ओर से रेलवे लाइन से घिरा हुआ है। गांव का कोई सुरक्षित वैकल्पिक रास्ता नहीं है। रोजमर्रा की आवाजाही के साथ-साथ बीमार, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बच्चे सभी रेलवे लाइन पार करने को मजबूर हैं। इससे हर समय जान-माल का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब गांव एक तरह से टापू में तब्दील हो जाता है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बताया कि रेलवे लाइन विस्तार के समय ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अंडरपास या अंडरब्रिज का निर्माण होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। परसाही-भंडारगढ़ा के बीच यह एकमात्र रास्ता है, जिसका उपयोग वर्षों से आसपास के कई गांवों के सैकड़ों लोग पैदल आवागमन के लिए करते आ रहे हैं। आजादी से पहले से यही मार्ग स्कूल, कॉलेज, बाजार और आसपास के क्षेत्रों से जुड़ने का साधन रहा है। अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं और अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा गया है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने रेलवे के जीएम और धनबाद डीआरएम से इस स्थान पर शीघ्र अंडरपास निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बाबा बासुकीनाथ धाम में की सपरिवार पूजा-अर्चना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बासुकीनाथ, दुमका, झारखंडः-** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार सहित विधि-विधान से बाबा फौजदारी नाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिर में उनकी सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा गया और कड़ी सुरक्षा के बीच पूजा संपन्न कराई गई। पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'सौभाग्य की बात है कि भोलेनाथ के बुलावे पर हम बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम में सपरिवार अच्छी तरह से पूजा-अर्चना कर पाए। हमने भोलेनाथ से प्रार्थना की कि दुमका, झारखंड सहित पूरे देशवासियों का वर्तमान एवं भविष्य उज्ज्वल हो। '

ज्ञानेश कुमार ने आगे बताया कि वे वापस देवघर के तपोवन स्थित प्लस टू स्कूल जाएंगे, जहां बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही, झारखंड में होने वाली स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा करेंगे। इस दौरान घर-घर सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने जैसे मुद्दों की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त वन विभाग के विश्रामगृह में कुछ देर विश्राम किया, जहां दुमका जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा सहित दुमका और देवघर जिला प्रशासन की पूरी टीम उपस्थित रही। ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची की समीक्षा और चुनावी तैयारियों का जायजा लेना है।

## ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता दिवस का सीएमओ ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड उतरौला के प्राथमिक विद्यालय कूपा देवर में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता दिवस (वीएचएसएनडी) कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएनएम रेनू पाण्डेय द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच की गई, जबकि 21 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही तीन किशोरियों को स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में विटामिन 'ए' सम्पूरण अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने एएनएम को निर्देशित किया कि नौ माह से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से विटामिन 'ए' की खुराक देकर अभियान से शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो सके। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश, आशा कार्यकत्री रंजना देवी, आशुतोष उपाध्याय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## सुखपुरा के बुढ़वा शिव मंदिर से चांदी जड़ा शिवलिंग चोरी, आक्रोशित श्रद्धालु; 51 हजार इनाम की घोषणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जनपद के सुखपुरा कस्बा स्थित प्रसिद्ध और प्राचीन बुढ़वा शिव मंदिर से चांदी के आवरण से सुसज्जित शिवलिंग चोरी हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह जब श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चन के लिए मंदिर पहुंचे तो गर्भगृह से शिवलिंग गायब देख सभी स्तब्ध रह गए। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग को उखाड़ लिया और साथ ही दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी भी चुरा ली। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई और लोगों में रोष व्याप्त हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

मंदिर में वर्षों से पूजा कर रहे बुजुर्ग श्रद्धालु रविन्द्र नाथ उपाध्याय ने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 1968 से प्रतिदिन यहां पूजा करते आ रहे हैं और इस तरह की घटना से श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि उमेश सिंह ने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 51 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मामले का खुलासा नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है और जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया गया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्या, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश

### ●बाल विवाह ना हो ,मैरिज हाल मालिकों से शपथ पत्र लेना सर्किल अधिकारियों को निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**महराजगंज ।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा तहसील नौतनवा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनशिकायतों की सुनवाई की गयी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 117 मामले आये, जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 23 प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर निस्तारित कर दिया गया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए और शिकायत का निस्तारण एसओपी के अनुसार सुनिश्चित कराएं। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवस के प्रकरण और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में अधिकारी समय और गुणवत्ता का ध्यान रखें। अधिकारी शिकायतों का निस्तारण अपने पर्यवेक्षण में सुनिश्चित कराएं। शिकायतों के निस्तारण की निगरानी स्वयं करें। अधिकारी अंतिम आख्या से पूर्व शिकायतकर्ता से बात अवश्य करें। इस हेतु आख्या के साथ स्पॉट मेमो भी लगाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। ठंड के दृष्टिगत डीपीआरओ और समस्त ईओ को अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि रैन बसेरों में भी मुकम्मल इंतजाम सुनिश्चित कराएं। कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। जिलाधिकारी ने कहा कि एसडीएम और सीओ सुनिश्चित करें कि किसी भी मैरेज हॉल आदि में बाल विवाह न होने पाए और इसके लिए संबंधित मैरेज हॉल मालिक से इस संदर्भ में शपथ पत्र प्राप्त कर लें। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, डीएफओ निरंजन सुर्वे, एसडीएम नवीन प्रसाद, परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी, तहसीलदार नौतनवा कर्ण सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, सहायक आयुक्त व निबंधक सहकारिता सुनील गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया फुटबाल विजेता टीम व खिलाड़ियों को पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** बीते दिन को महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी पाकुड़िया प्रखंड के गणपुरा पंचायत अंतर्गत बड़ा सपादहा ग्राम में नया साल के सुअवसर पर, चाँद भैरव क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी सहित अन्य अतिथियों को पारंपरिक आदिवासी रितिरिवाज से भव्य स्वागत आयोजकों द्वारा किया गया। वहीं फाइनल मैच शिसिर बयार और अवंतिका दल टीमों के बीच खेला गया। विधायक ने टॉस के उपरांत फुटबाल को किक मार कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। वहीं दोनो ही टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी विधायक प्रो. मरांडी ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए, खिलाड़ियों के प्रति हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर भी खिलाड़ियों के प्रति, कई महत्वाकांक्षी योजनाएँ है। जिसका लाभ खिलाड़ियों को सरकार दे रही है। विधायक ने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी जरूरी है। साथ ही यह कहा कि इस साल नियुक्ति का वर्ष है।

फाईनल मैच में शिसिर बयार की टीम ने अवंतिका दल को एक गोल से हरा कर, विजेता बना। विजेता टीम को विधायक प्रो. मरांडी ने तीस हजार एवं उपविजेता टीम को मुखिया सुशीला मरांडी ने बीस हजार देकर सम्मानित किया। विधायक ने आयोजनकर्ता ग्राम प्रधान सुहागिनी हाँसदा, क्लब के अध्यक्ष बुदी टुडू, सचिव कीनू हेमब्रोम सहित चाँद भैरव क्लब के तमाम पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। मौके पर मोतीलाल हाँसदा, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, कन्हैया भगत, मनोज सोरेन, दामोदर राय, मिरूलाल सोरेन सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हिंदू जागृत मंच द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार के खिलाफ मशाल जुलुश निकाल कर किया गया विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** रविवार को हिंदू जागृत मंच झारखंड प्रदेश द्वारा पहाड़ी मंदिर से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार एवं अत्याचार के खिलाफ मशाल जुलुश निकालकर विरोध दर्ज किया गया मंच के प्रदेश अधिकारी ऋषिनाथ शाहदेव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहां की बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार और उनका नरसंहार बंद हो मोदी जी से आग्रह है कि जिस तरह पाकिस्तान को सबक सिखाया गया उसी तरह बांग्लादेश को भी सबक सिखाया जाए दीपूचंद्र चंद्र जैसे हिंदुओं को इंसाफ दिया जाए और बांग्लादेश को पूरी तरह साफ किया जाएं। साथ हीं मंच के प्रदेश अधिकारी सुजीत सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो क्रूर बर्ताव एवं हिंदुओं का नरसंहार लगातार हो रहा है वो बहुत हीं चिंता का विषय है।भारत सरकार को इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए कड़ा एक्शन लेना चाहिए एनआरसी के तहत बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत लाकर भारत की नागरिकता देनी चाहिए। मंच के निशांत यादव ने कहा की बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार और नरसंहार तत्काल बंद हो भारत का पैदा किया हुआ। देश आज भारत को आंख दिखा रहा है ये भारत के लोगों के लिए असहनीय है। मोदी जी से आग्रह है कि बांग्लादेश पर कार्यवाही करे सेना को खुली छूट दी जाएं ताकि बांग्लादेश को सबक सिखाया जाए ।

इस मशाल जुलुश जो राष्ट्रीय सनातन युवा मंच ने अपना समर्थन दिया। इस मशाल जुलुश में पूनम सिंह, किरण पाठक, रानी मिश्रा, नूपुर जी, चन्दन मिश्रा, सुनील वर्णवाल, अमित अग्रवाल, ऋषभ सिंह, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र यादव, नितिन ओझा, वेद सिंह, विपुल मिश्रा, प्रतीक कुमार , गजन तिवारी, सुमित सोनी, यश लोहार, शशिकांत तिवारी, अशोक पांडेय, आशीष शर्मा, सुनील साहू, नवनीत कुमार, रवि सिंह, बैजू सोनी, रोहित जी, शिवम सोनी, आकाश सिंह, अभिनव कुमार, विशाल सिंह, चन्दन सिंह, कन्हैया शाह, सतीश मिश्रा, सोनू गुप्ता, प्रतीक सिंह, सुनील तिर्की, राहुल तिर्की, राजेश जी, ओमप्रकाश शर्मा, सोनू भारद्वाज, राजा सरकार आदि शामिल हुए।

## जिलाधिकारी ने तहसील बलरामपुर सदर में तटबंधों का किया विस्तृत निरीक्षण

### ●बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जनपद में आगामी वर्षा एवं बाढ़ की संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने तहसील बलरामपुर सदर अंतर्गत कोडरी घाट पर निर्मित तटबंध तथा बेलवा सुल्तानजोत स्थित एमएलटीडी तटबंध का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पूर्व में कराए गए तटबंध कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा बाढ़ से पूर्व आवश्यक सुधारात्मक एवं निवारक कार्यों को समय रहते पूर्ण कराना रहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबंधों की मजबूती, संभावित कटाव, जल प्रवाह की दिशा एवं पूर्व में किए गए कार्यों की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां तटबंधों में गैप, कमजोर स्थान अथवा कटाव की आशंका हो, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर तत्काल भराव एवं सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना तैयार की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी अंतिम समय पर न होकर अभी से योजनाबद्ध ढंग से की जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा तटबंधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जनपद की ड्रेनेज हिस्ट्री, जलभराव वाले क्षेत्र, नदियों एवं नालों की ढाल तथा विगत वर्षों में आई बाढ़ के अनुभवों का विस्तृत अध्ययन कर तटबंध एवं ड्रेनेज से जुड़े कार्यों को योजनाओं में सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान पहाड़ी नालों के ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले जल के निर्बाध एवं सुरक्षित निकास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बाढ़ एवं तटबंध से संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव आमंत्रित कर उन्हें नियमानुसार कार्ययोजनाओं में सम्मिलित करने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकासात्मक एवं सुरक्षा संबंधी कार्य कराए जा सकें। अंत में जिलाधिकारी ने सभी प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिक के पात्र बच्चें प्रवेश परीक्षा हेतु 31 जनवरी तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि अटल आवासीय विद्यालय कोरांव प्रयागराज में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पात्र बच्चों को शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिये कक्षा-6 तथा कक्षा-9 में अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आनलाइन/आफलाइन आवेदन 31 जनवरी 2026 तक कर सकते हैं। किसी भी सूचना एवं जानकारी के लिये उप श्रम आयुक्त उ0प्र0 कार्यालय 9 मेयो रोड प्रयागराज एवं जनपदीय कार्यालय प्रतापगढ़ एवं अटल आवासीय विद्यालय ग्राम बेलहट प्रयागराज के दूरभाष नम्बरों प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय 7408455664, प्रशासनिक अधिकारी अटल आवासीय विद्यालय 9602634182, 9621042143, प्रयागराज के नम्बर 8840326125 तथा प्रतापगढ़ के मोबाइल नम्बर 8573838414 व 9935236616 पर सम्पर्क कर सकते है। उन्होने बताया है कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्रों का वितरण जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त मनरेगा एवं तहसील स्तरीय श्रम कार्यालयों तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने के उपरान्त इन्हीं कार्यालयों में जमा भी किया जा सकता है। साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन upbocw.in पर सकते है।

## बैतालपुर चीनी मिल को पुनः संचालित कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में बैतालपुर चीनी मिल को पुनः संचालित कराने की मांग को लेकर देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना सोमवार को 340वें दिन जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसानों ने धरना स्थल पर नारेबाजी कर अपनी मांगों को दोहराया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि कृषि प्रधान देश में अन्नदाता किसान अपनी जायज मांगों को लेकर लंबे समय से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीनी मिल चलाने का वादा करने वाली सरकार वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2018 से लगातार चुनावी सभाओं में बैतालपुर चीनी मिल कंपलेक्स स्थापित करने की घोषणा की जाती रही है, लेकिन अब तक इसे चलाने की कोई ठोस प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बैतालपुर चीनी मिल नहीं चलाई गई तो किसान गांव-गांव और सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरने में विकास दुबे, पंडित वेद प्रकाश, नईम खान, ब्रह्मा शंकर चौहान, मुन्नीलाल, बकरीदन, अजय सिंह, संजीव शुक्ला, रामनिवास पांडेय, विनय मिश्रा, कृष्ण कुमार गोस्वामी, राजकुमार गोस्वामी, अशोक यादव, राम मदन सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### बिना माता-पिता के युवक को जान का खतरा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरी नांगल निवासी प्रिंस पुत्र स्व.सालिगराम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गांव के भूरे पुत्र धनुषराम जो कि हनुमान मंदिर के पास रहता है गालियां देकर परेशान करता है। उसकी पुत्री जो बोल नहीं पाती है की आड़ में उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है। आरोप है कि भूरे जबरन लड़कर उसकी वीडियो बनाता है। 16 दिसम्बर को वह मंदिर में चोला चढ़ाने के लिए गया तो भूरा ने उसे गालियां दीं और मारपीट कर दी। 3 जनवरी को भी सुबह 9 वह जब वह खेत से आ रहा था कि तभी उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की गयी। पीड़ित ने बताया कि उसके माता-पिता नहीं है, इसलिए वह उसे अकेला पाकर जान से मारने की फिराक में रहता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने भूरा पुत्र धनुषराम के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### नव वर्ष पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने डीपीआरओ को किया सम्मानित



**अम्बेडकर नगर-** उ0प्र0पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष शिवकुमार मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नव वर्ष के पावन अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह से मुलाकात किया साल उढाकर कर पुष्प गुच्छ भेंट कर नव वर्ष की बधाई दी एवं विभागीय समस्याओं पर चर्चा परिचर्चा किया। समस्याओं में प्रमुख रूप से द्वितीय ए सी पी का बकाया एरियर दिलाने,प्रथम एसीपी का बकाया एरियर 8100भुगतान करने,2009का छूटा हुआ इंक्रीमेंट जनवरी माह के वेतन के साथ लगाने, कैशलेश चिकित्सा कार्ड बनाने एवं छूटे हुए सफाई कर्मचारियों का द्वितीय एसीपी लगाने, बकाया एरियर भुगतान इत्यादि समस्याओं के निराकरण की मांग की गई महोदय ने बताया कि इंक्रीमेंट जनवरी में लगाने का आदेश दे दिया गया है, एरियर जनवरी में दिलाया जाएगा एवं अन्य समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर संगठन जिला अध्यक्ष शिवकुमार मौर्य जिला मंत्री राम अजोर पंकज -जिला कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद ब्लाक अध्यक्ष भियांव पन्नालाल, ब्लाक अध्यक्ष बसखारी राजेश कुमार गौतम, कटेहरी ब्लाक अध्यक्ष रामप्रीति, टाण्डा ब्लाक अध्यक्ष राम अजोर जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन राजू मौर्य, शंभूनाथ, गिरीशचंद्र सूरज कुमार, राजू मौर्य धीरेन्द्र कुमार,आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कोतवाली पुलिस की सराहनीय पहल




**साइबर हेल्प डेस्क ने गुम मोबाइल बरामद कर पीड़ित को सौंपा**

**तालबेहट।** कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद कर पीड़ित को सौंपने में सफलता हासिल की है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए आवश्यक दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन करने के बाद भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर आवेदन प्रपत्र अपलोड किए गए। इसके माध्यम से मोबाइल के आईएमईआई नंबरों को ट्रैक कर संबंधित एजेंसियों से प्राप्त डेटा का विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर मोबाइल फोन का पता लगाया गया। बरामद किया गया मोबाइल फोन आकाश पुत्र रूप सिंह, निवासी ग्राम वर्मा विहार, थाना तालबेहट, जिला ललितपुर को सुपुर्द किया गया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक ललितपुर एवं कोतवाली टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्यवाही को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा, उपनिरीक्षक विकास कुमार तथा कांस्टेबल नागेश साहू शामिल रहे।

### जमानत मिलने पर रिहा हुये बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर

**ललितपुर।** बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जमानत मिलने के बाद ललितपुर जेल से रिहा कर दिया गया है। वह तीन साल पांच महीने से ललितपुर जेल में बंद थे। उनकी रिहाई 3 जनवरी की सुबह हुई, जिसके लिए उनके परिजन ललितपुर पहुंचे थे। रिजवान जहीर को बलरामपुर की नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज पप्पू की जनवरी 2022 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 11 जुलाई 2022 को बलरामपुर जेल से ललितपुर जेल स्थानांतरित किया गया था, तभी से वह यहीं बंद थे। ललितपुर जेल में रहने के दौरान नवंबर 2024 में उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें ललितपुर मेडिकल कॉलेज से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इसके अलावा, 31 मई 2025 को जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव के जेल निरीक्षण के दौरान मिलती पाई गई थीं। उनके पास पांच-पांच सौ रुपये की गड्डियां, ब्रांडेड कंपनी के शैंपू, साबुन, गद्दा और तकिया भी बरामद हुआ था। इस मामले के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती, हेड वार्डन वीरेंद्र शाह, राजेंद्र प्रसाद और जेल वार्डन रजनीश यादव को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक शिव मूरत सिंह ने पुष्टि की है कि पूर्व सांसद रिजवान जहीर को 3 जनवरी की सुबह जेल से रिहा कर दिया गया है।

## स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों का प्रशिक्षण संपन्न

**● राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026**

**माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जीआईसी सभागार में कार्यक्रम सम्पन्न**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद ललितपुर में 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है। सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रथम सडक़ सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा विभाग के डीआईओएस ओमप्रकाश के नेतृत्व एवं निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में संपन्न कराया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के समस्त स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों के लिए था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी कालू सिंह थे। प्रशिक्षण मुख्य अतिथि एएसपी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी तथा टीएसआई साकिब हाशमी द्वारा दिया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों को बारीकी से समझाते हुए उन्हें हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा करके गाड़ी न चलने, मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने, ड्राइविंग लाइसेंस को बनवाने, सडक़ सुरक्षा संकेतों का पालन करने आदि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त साइबर अपराध से बचने के तरीकों, मोबाइल की सेटिंग में ऑटो डाउनलोड बंद रखने तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के लिए सुरक्षा मानकों को अपनाने की भी सलाह दी गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी ने ट्रैफिक नियमों के बारे में स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण दिया तथा उन्हें सडक़ सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने सभी छात्रों से ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाने तथा गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने के बारे में हिदायत देते हुए उन्हें किसी भी परिस्थिति में मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने तथा नशा करके गाड़ी न चलाने के बारे में उचित सलाह दी गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर साकिब हाशमी ने भी सभी स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षित किया तथा उनकी अवहेलना करने पर होने वाले चालान तथा जुर्माने के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्रभारी वर्णी जैन इंटर कॉलेज के एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट संजीव कुमार शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष स्काउट रमेश कुमार तिवारी थे। इसमें वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ललितपुर, दीपचंद चौधरी महाविद्यालय ललितपुर तथा पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय ललितपुर के एनसीसी छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट, राजकीय इंटर कॉलेज जखौरा, पी एन इंटर कॉलेज ललितपुर, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर आदि के स्काउट तथा गाइड छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बाहुबली जैन, अनिल राठौड़, बृजेश, विक्रम राजा, मनोज कुमार, लक्ष्मी सिंह, मीरा देवी तथा सभी विद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ साल का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस

**●यआला अधिकारियों ने जनपद की पाली तहसील पहुंचकर सुनी फरियादियों की शिकायतें**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में वर्ष 2026 का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस सभी तहसीलों में आयोजित किया गया, जहां जिले के आला अधिकारियों ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कुछ शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने तहसील पाली पहुंचकर वहां आये फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों ने निस्तारण भी कराया, साथ ही जो शिकायतें शेष बच गई, उनके सम्बंध में विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन के उपरान्त निस्तारण कराने के निर्देश दिये। यह भी निर्देश दिये गए कि शिकायतकर्ताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर कराया जाए।

तहसील पाली में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, पुलिस के 02, पूर्ति के 02, विकास के 03 तथा वन विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस विभाग के 02, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 02, पूर्ति के 04 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 23 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 13, पुलिस के 03, विकास के 02, विद्युत के 04 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व का 01 तथा पुलिस के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, उप जिलाधिकारी निशान्त तिवारी, तहसीलदार पाली, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


### कान में थप्पड़ मारा, सुनाई नहीं दे रहा

**शौच करने जा रहे युवक से मारपीट**

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मसौरा खुर्द में रहने वाले महेन्द्र कुमार सेन पुत्र इमरत सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। अवगत कराया कि बीती 31 दिसम्बर को अपराह्न करीब 2 बजे वह पुराना पुल पर शौच करने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में लक्ष्मीपुरा मोहल्ला निवासी मुक्कू राजा, चिंगारी राजा, एस.राजा, गजेन्द्र सेन ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ उसे रोक लिया और गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उसकी जेब में रखे करीब 5 हजार रुपये भी गिर गये, जो कि खोजने पर नहीं मिले। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके कान में थप्पड़ मारे, जिससे अब उसे सुनाई नहीं दे रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 191 (2) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सर्दी में फेफड़ों का रखे विशेष ध्यान : डा. गौरव

**●भोपाल मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ अब ललितपुर में भी देंगे सेवाएं**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा.रामगोपाल साहू के सुपुत्र एवं एम्स भोपाल के पूर्व चिकित्सक, एलएन मेडिकल कालेज एवं जेके सुपर स्पेसिएलिटी हॉस्पिटल भोपाल के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. गौरव साहू अब ललितपुर में प्रत्येक माह के पहले रविवार को अस्पताल रोड ललितपुर में साहू क्लीनिक में अपनी सेवाएं देंगें। डा. गौरव, छाती व फेंफड़ा रोग विशेषज्ञ है। एक मुलाकात में उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद फेफड़े जल्दी संक्रमित होते है। लेकिन समय समय पर जांच और टीकाकरण से क्रिटिकल स्थिति से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ठण्ड में स्मोग, 2.5 एमपीपीएम अन्दर चले जाने से स्वांस नली को नुकसान पहुंचता है। उन्होने बताया कि सर्दी के दिनो में दमा के मरीजों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। अस्थमा सीओपीडी के रोगियों को विशेष ध्यान रखना चाहिए ऐसे मामलों में खाने वाली दवाइयों की अपेक्षा इनहेलर कारगर होता है। सर्दियों में मास्क लगाकर रहें। सुबह सुबह ठंड में वाकिंग एवं जॉगिंग से बचें। शीतलहर से बचाव रखें। इन्फ्लूएंजा से बचाव के लिए वैक्सीनेशन लिया जा सकता है। 14 दिन से अधिक समय से खांसी चलने पर डॉक्टर से परामर्श करें। खुद से कफ सीरफ या दवा न लें। जनवरी के प्रथम विजिट में उन्होने दो दर्जन से अधिक मरीजों का परीक्षण किया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की उम्मीदें, 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, 2 का मौके पर निस्तारण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** तहसील महरौनी के सभागार में उपजिलाधिकारी रजनीश बाजपेई की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के 3, पुलिस विभाग के 2, पूर्ति विभाग के 4 तथा अन्य विभाग का 1 प्रार्थना पत्र शामिल रहा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि जनता को समय पर राहत मिल सके। इस अवसर पर तहसीलदार महरौनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, लेखपाल एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खेत में पानी लगा रहे किसान से मारपीट

**जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर किया अपमानित, धमकाया**

**ललितपुर।** खेत में पानी लगाते समय गांव के दबंग व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौंरई के शान्तिनगर निवासी पवन अहिरवार पुत्र रामलाल ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में खड़ी फसल में पानी लगा रहा था। तभी गांव के सुल्तान यादव पुत्र पिरकू यादव आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर सुल्तान ने डंडा से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सुल्तान यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 352, एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जसपाल सिंह को मनरेगा जिला प्रभारी बनाये जाने पर कांग्रेस कमेटी ने किया स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कार्यालय पर सम्पन्नहुई। जिसमें सबसे पहले जसपाल सिंह को मनरेगा का जिला प्रभारी बनाये जाने पर उनकामालापहनाकर कर सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान सभी ब्लॉक व नगर अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार मनरेगा योजना के नाम में बदलाव के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंदोलन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा जनहितकारी योजनाओं के नाम बदलने की नीति जनविरोधी है। इसी के तहत आने वाले दिनों में जिला स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मनरेगा का नाम बदलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम का अपमान है। यह योजना करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के जीवन से जुड़ी हुई है। इसका नाम बदलना गरीबों से उनके रोजगार और सम्मान को छीनने जैसा है। कांग्रेस पार्टी इस फैसले का कड़ा विरोध करती हैऔर इसके खिलाफ मजबूती से आंदोलन करेगी। उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों व नगर अध्यक्षों को निर्देश दिए की सभी पदाधिकारी अपने अपने मंडल अध्यक्षों की मीटिंग हर माह करेंगे तथा अपने बूथ कमेटी बना करके शीघ्र जिला कार्यालय में जमा करा दें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, मोहनसिंह चंदेल, तालबेहट ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश शांडिल्य, हीरालाल सेन, तालबेहट नगर अध्यक्ष अमित सिंह बुंदेला, महरौनी नगर अध्यक्ष राकेश सेन आदि उपस्थित थे। संचालन नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने किया।

## वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला

**●श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया।सुबह श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति सरदार अवतार सिंह द्वारा हुई। निशान साहब के चोले की सेवा सरदार रणवीर सिंह परमार, ओंकार सिंह सलूजा द्वारा हुई। पटियाला से आए रागी जत्था इंद्रजीत सिंहजी ने गुरबाणी कीर्तन ब कथा करते हुए बतलाया की श्रीगुरु गोबिन्द सिंह जी ऐसे इतिहास पुरूष थे, जिन्होनें ताउम्र अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाईयां लड़ी। गुरूजी की तीन पीढियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, युद्ध कौशल, महान लेखक और संगीत के पारखी भी थे। गुरु गोबिंद सिंह ने एक खालसा वाणी वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह स्थापित की। साथ ही उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की भी स्थापना की। जिनमें केस, कंघा, कड़ा, कछ, किरपाण शामिल है। ये सिद्धान्त चरित्रनिर्माण के मार्ग थे। गुरु गोबिंद सिंहजी ने अपने जीवन में आनंदपुर, भंगानी, नंदौन, गुलेर, निर्मोहगढ, बसोली, चमकोर, सरसा व मुक्तसर सहित 14 युद्ध किए। इन जंगों में मुगल सूबेदारों ने हर बार मुंह की खाई। सितम्बर 1708 में गुरू जी दक्षिण में नांदेड़ चले गए और बैरागी लक्ष्मण दास को अमृत छका और युद्ध कौशल से पारंगत कर बंदा सिंह बहादुर बनाया और उन्हें खालसा सेना का कमाण्डर बनाकर संघर्ष के लिए पंजाब भेज दिया। पंजाब पहुंच कर बन्दा सिंह बहादुर ने चप्पा चीड़ी की जंग जीती। अक्तूबर 1708 में महाराष्ट्र के नांदेड़ साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपनी आखिरी सांस ली। इस प्रकार से पहले पिता गुरु तेग बहादुर सिंह, फिर चारों पुत्रों ने और बाद में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने स्वयं बलिदान देकर धर्म की रक्षा की। स्वामी विवेकानंद जी ने गुरू गोबिंद सिंह जी को एक महान दार्शनिक, संत, आत्मबलिदानी, तपस्वी और स्वानुशासित बताकर उनकी बहादुरी की प्रशंसा की थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था मुगल काल में जब हिन्दु धर्मो के लोगों का उत्पीडऩ हो रहा था तब श्री गुरू गोबिंद जी ने अन्याय, अधर्म और अत्याचारों के खिलाफ और उत्पीड़ित जनता की भलाई के लिए बलिदान दिया था जो एक महान बलिदान है। इस प्रकार से गुरू गोबिंद सिंह जी महानों में महान थे। इस दौरान श्रीराम हनुमान जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, बब्बू राजा, महेश श्रीवास्तव, दीपक चौबे, ध्रुव राजा, सुरेंद्र राठौड़, आशुतोष चौहान, ओ.पी.रिछारिया, चंद्रशेखर राठौर, दीप सिंह सलूजा, परमजोत सिंह सलूजा, प्रगुण सिंह, प्रभजोत सिंह, विशाल सिंह, आशीष श्रीवास्तव, तय्यब खान, केदार सिंह, बलदेव सिंह, नगर कीर्तन शोभा यात्रा में विशेष सहयोग देने के लिए सरोपा व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। लंगर की सेवा ओंकार सिंह आकाश सलूजा, सरदार अवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह बीके, स्वर्गीय नरेंद्र सिंह सागरी, दूध की सेवा हरकीरत सिंह, बलदेव सिंह, चरण जीत सिंह परिवार द्वारा हुई। इस दौरान ओंकार सिंह, हरविंदर सिंह, मनजीत सिंह सलूजा, परमजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, चरणजीत सिंह, रविंदर सिंह राणा, पत्रकार राजीव श्रीवास्तव, परसन सिंह, पलविंदर सिंह, मेजर सिंह, जसपाल सिंह, मनिंदर सिंह, जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, सतनाम सिंह भाटिया, अशोक स्वर्णकार, रविंद्र पाठक, राजू सिंधी, गोपी सिंधी, कन्हैयालाल सिंधी, ज्ञानी दलजीत सिंह, ज्ञानी राय सिंह, ज्ञानी गुरचरण सिंह, बिंदु कालरा, हरजीत कौर, मनप्रीत कौर सलूजा, अमरजीत कौर सलूजा, मनजीत कौर, मानवेंद्र कौर आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

## बुंदेलखंड की बोली मधुर और अपनेपन से भरी है : मुनि सुव्रतसागर महाराज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** ग्राम पवा की पावन धरा पर आयोजित भजन कार्यक्रम में प्रभु भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए वात्सल्य मूर्ति बुंदेली संत मुनि सुव्रतसागर महाराज ने कहा कि मनुष्य के अच्छे-बुरे कर्म ही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। जैसे कर्म हम करते हैं, वैसा ही फल हमें भविष्य में भोगना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की बोली अत्यंत मधुर है और अपनेपन का बोध कराती है। यहाँ प्रचलित 'हओ' शब्द में अपनत्व झलकता है, जिसे आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज भी बड़े प्रेम से प्रयोग करते थे, जबकि उनका जन्म कर्नाटक में हुआ था। मुनि श्री ने राम-सीता प्रसंग के माध्यम से शाश्वत तीर्थ क्षेत्र अयोध्या का गुणगान करते हुए कहा कि भगवान राम के दक्षिण भारत प्रस्थान के दौरान इस भूमि का भी पावन स्पर्श हुआ होगा।

उल्लेखनीय है कि 12 से 17 जनवरी 2026 तक दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में आयोजित होने वाले श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिम्ब प्रतिष्ठा एवं नव रथ महामहोत्सव के अंतर्गत ग्रामीणों के वात्सल्य निमंत्रण हेतु ग्राम पवा में भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व विधिनायक भगवान एवं तीर्थंकर भगवान के जिनबिम्ब की गोद भराई संस्कार संपन्न हुए, जिसमें सकल जैन समाज एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, वहीं युवाओं ने नृत्य करते हुए भगवान की भक्ति में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुनि सुव्रतसागर महाराज के पावागिरि से पद विहार कर ग्राम पवा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पलक-पांवड़े बिछाकर भव्य स्वागत किया। मुनि श्री ने आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन भी किए। मंगलाचरण विशाल जैन (पवा) ने स्वरचित मुनि सुव्रतसागर वंदना से किया। कार्यक्रम का संचालन पं. सिंघई सौरभ जैन शास्त्री ने किया तथा आभार व्यक्त आनंद जैन (पवा) ने माना।

## खजनी में सपा टिकट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज, सात दावेदार विधान सभा ख़जनी के मैदान में उतरे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** जनपद की खजनी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चुनावी माहौल भले ही अभी औपचारिक रूप से शुरू न हुआ हो, लेकिन सपा में 2027 के संभावित प्रत्याशी अभी से अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए फील्ड में उतर चुके हैं। गांव-गांव, टोला-मोहल्लों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए दावेदार जनता के बीच अपनी पहचान और पकड़ बनाने में जुटे हैं। खजनी विधानसभा के सात प्रमुख दावेदारों में सबसे आगे रूपवती बेलदार का नाम लिया जा रहा है। जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़, सामाजिक समीकरण और सक्रिय जनसंपर्क के चलते उन्हें प्रथम स्थान का दावेदार माना जा रहा है। दूसरे क्रम पर अछैबर प्रसाद रंजन हैं, जो लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन और जनता के बीच संवाद बनाए हुए हैं।

तीसरे नंबर पर घनश्याम राव का नाम चर्चा में है, जिनकी छवि एक कर्मठ और मिलनसार नेता की रही है। वहीं चौथे स्थान पर विद्यासागर उर्फ छोटू अपनी युवाओं में पकड़ और लगातार कार्यक्रमों की वजह से मजबूती से उभर रहे हैं। पांचवें क्रम पर जीएन लाल हैं, जो अपने अनुभव और पुराने राजनीतिक संबंधों के बल पर दावेदारी पेश कर रहे हैं। छठवें स्थान पर राजू और सातवें स्थान पर विजय भाई भी पीछे नहीं हैं। दोनों ही नेता क्षेत्र में लगातार दौरे कर, जनता से सीधे संवाद स्थापित कर अपनी राजनीतिक मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। जिसमे बिधा सागर उर्फ छोटू ,एक बार विधान सभा मे चुनाव लड़ कर भाग्य आजमा चुके है ,वहीं रूपवती बेलदार खजनी विधान सभा से दो बार भाग्य आ चुकी है । कुल मिलाकर खजनी विधानसभा में सपा के टिकट को लेकर अंदरूनी प्रतिस्पर्धा चरम पर है। दावेदारों की सक्रियता से यह साफ है कि आने वाले दिनों में राजनीतिक गतिविधियां और तेज होंगी। अब देखना यह है कि पार्टी नेतृत्व किस चेहरे पर भरोसा जताता है और किसे खजनी से चुनावी मैदान में उतारता है।

### भूसा रखने गयी किशोरी ने लगायी फांसी

**ललितपुर।** मसौरा खुर्द गांव में सोमवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी ने भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की पहचान शिवनारायण कुशवाहा की बेटी रक्षा कुशवाहा के रूप में हुई है। यह घटना सुबह लगभग 7.30 बजे हुई। पिता शिवनारायण कुशवाहा ने बताया कि वह सुबह अपनी बेटी के साथ जानवरों को चारा डालने गए थे। वहां बेटी ने उनसे घर जाने को कहा और इसके बाद भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगा ली। पिता जब दूध लेकर घर लौटे और काफी देर तक बेटी नहीं आई, तो उन्होंने जाकर देखा। रक्षा कुशवाहा भूसा घर में छत के कुंदे से रस्सी के सहारे लटकी मिलीं। पिता ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। किशोरी ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसका पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संक्षिप्त खबरें

## ज़ीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह



**कानपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह ज़ीरो फैटेलिटी के रुप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में आज आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रवर्तन अधिकारियों ने जागरूकता अभियान चलाया। प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा दो पहिया वाहन चालकों व पीछे बैठी सवारी को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व चार पहिया वाहन चालकों व सवारी को सीट बेल्ट लगाने का दिया गया निर्देश। समस्त वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने,नशे की हालत में वाहन न चलाने, रॉन्ग साइड व तेज़ गति से वाहन न चलाने के लिए किया गया जागरूक। साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। और आम जनमानस को पंपलेट भी बांटे गए। एआरटीओ कहकशां के नेतृत्व में यात्री कर अधिकारी मानवेंद्र प्रताप सिंह,दीपक सिंह, अनिल कुमार ने इस जागरूकता अभियान में सराहनीय भूमिका निभाई। यात्री कर अधिकारी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## सजेती पुलिस ने किया लूट की घटना का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, उसके कब्जे से लूटी गई रकम में से दो हजार नकद बरामद किए गए हैं, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, पुलिस आयुक्त कानपुर नगर,व अपर पुलिस आयुक्त,कानून व्यवस्था,,के निर्देश पर चलाएं जा रहें विशेष अभियान के तहत् यह कारवाई की गई है,जोन दक्षिण के पुलिस उपायुक्त के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर के पर्यवेक्षण में थाना सजेती पुलिस ने 4 जनवरी को हुई लूट की घटना का तेजी से अनावरण किया, पुलिस के मुताबिक, पीड़ित की तहरीर पर थाना स्थानीय में मु अ,स,03/26 के तहत् संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है , अमौली थाना सजेती निवासी अर्जुन परमार 29 वर्ष को उसके घर के बाहर से उस समय गिरफ्तार कर लिया,जब वह फरार होने की तैयारी में था, पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया,तलासी के दौरान आरोपी के पास से लूट की रकम 6,600 में से 2000 नकद बरामद हुए, पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है , आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से जेल भेज दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी द्वारा घाटमपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद की तहसील घाटमपुर में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सामान्यतः यह आयोजन शनिवार को होता है, लेकिन सार्वजनिक अवकाश के कारण शासन के निर्देश पर इसे सोमवार को आयोजित किया गया,इस दौरान जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने फरियादियों की शिकायते सुनी, और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के आदेश दिए, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने घाटमपुर तहसील स्थित सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की शिकायतों की सुनवाई की, उन्होंने तहसील परिसर में बाहर लगाए गए विभिन्न काउंटरों और कैंपों का भी निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद फरियादियों से सीधा संवाद किया, राजस्व, पुलिस, विकास कार्यो से जुड़ी शिकायतों की अधिकता देखते हुए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# नंदलाल चौराहे पर स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां: अफसरों की नाक के नीचे सड़न और गंदगी का साम्राज्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गोविन्द नगर के हृदय स्थल 'नंदलाल चौराहा' पर व्याप्त नारकीय स्थितियों को लेकर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों और व्यापारियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। सरकारी संपत्ति को नष्ट करने और चार साल से जनता को बुनियादी सुविधा (यूरिनल) से वंचित रखने के विरोध में स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। प्रकाश वीर आर्य ने कहा कि, 'नाला निर्माण का झांसा देकर सुव्यवस्थित यूरिनल्स को तोड़ना एक सोची-समझी साजिश थी। यह सीधे तौर पर सरकारी संपत्ति की चोरी और सार्वजनिक सुविधाओं का हनन है, जिस पर नगर निगम जोन-5 के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।' वहीं, महिला सुरक्षा और गरिमा का मुद्दा उठाते हुए गुड्डी शर्मा ने तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि, एक तरफ सरकार नारी शक्ति के सम्मान की बात करती है, वहीं शहर के इतने व्यस्त चौराहे पर महिलाओं के लिए एक भी यूरिनल न होना प्रशासनिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

व्यापारिक क्षति पर चिंता व्यक्त करते हुए गुड्डी ने बताया कि गंदगी और सड़न के कारण नंदलाल चौराहे का व्यापार चौपट हो रहा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर आधुनिक पिंक यूरिनल और पुरुष यूरिनल का कार्य आवंटित नहीं हुआ, तो वे नगर निगम के खिलाफ धरने पर बैठने और माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेने को बाध्य होंगे।

मुख्य माँगें:

दोषी ठेकेदार और लापरवाह कनिष्ठ अभियंता (JE) पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही हो।

चौराहे पर तत्काल प्रभाव से नए यूरिनल्स का निर्माण शुरू हो।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इस व्यापारिक केंद्र का सुंदरीकरण किया जाए।व्यापारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत दर्ज करा दी गई है।जिसकी कि संदर्भ संख्या-40016426000907 है।

# डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 08 शिकायतों का हुआ निस्तारण

## ● शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय-डीएम

## डीएम एवं एसपी ने तहसील सदर में गरीबो एवं असहायों को कम्बल का किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 131 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 131 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 16, विकास विभाग से 3, खाद्य विभाग 02, चकबन्दी विभाग 01, विद्युत विभाग 02 एवं 58 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राम आसरे यादव ने बताया कि गाटा संख्या 164 रकबा 0.0930 जनता विद्या पीठ गांधीनगर ग्राम का नाम इब्राहिमपुर दर्ज अभिलेखों में है। राम लखन पाल, राम अजोर पाल व राम आसरे पाल आदि ने विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया गया कि जांच कराकर शीघ्र शिकायत का निस्तारण करायें।शिकायतकर्ता आलोक कुमार सिंह निवासी यादवपुर पोस्ट अजगरा ने शिकायत किया कि प्रार्थी के गांव यादवपुर में गाटा संख्या 82/0.037 हे0 खलिहान के नाम अंकित सुरक्षित भूमि है जिस पर गांव के अयूब अली जबरन कमरा व बरामदा बना लिये है व निर्माण कार्य अभी भी जारी है, सार्वजनिक उपयोग की भूमि खलिहान को कब्जे से मुक्त कराये जाय इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का निस्तारण कराया जाये। डीएम ने प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाय। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ सिटी प्रशान्त राज, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील परिसर में गरीबों एवं असहायों को कम्बल का वितरण किया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 61 में से 8 शिकायतों का निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील डुमरियागंज में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता एवं विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-41, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-09, विकास-04, अन्य-07 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 08 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 175 करोड़ के निवेश से 65 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट, 2027 तक होगा पूर्ण

## ● घाटमपुर में 35 मेगावाट सोलर पार्क को रफ्तार, डीएम ने किया प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** तहसील घाटमपुर क्षेत्र के काटर में प्रस्तावित 35 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क को लेकर प्रशासनिक तैयारियों में तेजी आ गई है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को प्रस्तावित स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना से जुड़े कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। सोलर पार्क का निर्माण वेदु इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डीएम को बताया कि सोलर पार्क की स्थापना के लिए अति ऊर्जा स्रोत विभाग के नाम कुल 65.315 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जिसे सोलर पार्क विकास कंपनी को लीज पर प्रदान किया गया है। यह परियोजना 175 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित की जा रही है, जिसके लिए इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत एमओयू भी संपादित हो चुका है।

अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना के निर्माण चरण में बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार मिलेगा, जबकि संचालन के दौरान 1000 से अधिक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सोलर पार्क का निर्माण कार्य वर्ष दिसंबर 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

बताया गया कि सोलर पार्क के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कंपनी का चयन कर लिया गया है। वर्तमान में आवश्यक विभागीय स्वीकृतियां और डिस्कॉम स्तर की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य बिना विलंब प्रारंभ कराया जाए। सोलर पार्क तक पहुंच के लिए सभी मौसमों में उपयोगी सड़क निर्माण को भी आवश्यक बताया गया। इस संबंध में ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के साथ बैठक कर वैकल्पिक मार्ग चिन्हित किया गया है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित एजेंसियों को सड़क निर्माण का प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने गौशाला किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा कान्हा गौशाला नगर पंचायत डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 105 गौवंश संरक्षित थे। जिलाधिकारी ने स्टाक रजिस्टर, डाक्टर/अधिकारी निरीक्षण रजिस्टर को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा गौवंश को गुण व केला खिलाया गया। डाक्टर द्वारा कम निरीक्षण किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोकने तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निरीक्षण दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डाक्टर द्वारा गौवंश की नियमित जांच करें। गौवंश हेतु हरा चारा, भूसा, पोषाहार की व्यवस्था ठीक रखने तथा गौवंश को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

# न्यायालय,अधिवक्ता और वादकारी, तीनों न्याय व्यवस्था के मूल स्तंभ - जिला जज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** न्यायालय,अधिवक्ता और वादकारी,तीनों न्याय व्यवस्था के मूल स्तंभ हैं। यह बात नव वर्ष के उपलक्ष्य में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा नव वर्ष के अवसर पर जिला जज रविन्द्र सिंह से शिष्टाचार भेंट के दौरान जिला जज रविन्द्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की गरिमा, न्यायालय की मर्यादा और वादकारियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से ही सच्चा एवं प्रभावी न्याय संभव है। नववर्ष में हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक न्यायार्थी को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो। जिला जज रविन्द्र सिंह ने आगे कहा कि बार और बेंच के मध्य आपसी सहयोग, अनुशासन एवं सकारात्मक संवाद से न केवल न्यायिक प्रक्रिया सुदृढ़ होती है, बल्कि आम जनता का न्यायपालिका पर विश्वास भी और अधिक मजबूत होता है। भेंट करने वालों में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर पूर्व अध्यक्ष सम्पत लाल यादव पूर्व उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र सिंह गौर राजेन्द्र द्विवेदी जितेन्द्र बाबू आनंद मोहन कटियार योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान सर्वेंद्र सिंह सुलेखा यादव महेन्द्र सिंह विश्वनाथ सिंह रोहित शुक्ला रहे।इस अवसर पर सभी भेंटकर्ता अधिवक्ताओं ने जिला जज श्री सिंह को आश्वस्त किया कि अधिवक्ता समाज न्यायालय के साथ पूर्ण सहयोग करते हुए वादकारियों के हितों की रक्षा एवं न्यायिक गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

# जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद में 05 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि माघ मेला प्रयागराज के विभिन्न पर्वो एवं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि, 02 मार्च को होलिका दहन एवं 04 मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। इसी बीच विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा यूपी बोर्ड एवं अन्य परीक्षाएं भी सम्भावित है। जिला मजिस्ट्रेट ने त्योहार पर विशेष सतर्कता बरते जाने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित करने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 05 मार्च 2026 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नहीं कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बन्दूक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्युटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डी0जे0, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी।

कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे विभिन्न जातियों, धार्मिक व भाषायी समुदायों के बीच मतभेद बढ़े अथवा घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आईटी गैजेट्स सहित इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रनिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र के आसपास 01 किमी0 की परिधि में फोटो कापियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। समस्त कक्ष निरीक्षक/स्टॉफ अथवा परीक्षार्थी उक्त उपकरणों को लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करेंगे।कोई भी परीक्षार्थी बिना परीक्षा सम्पन्न हुए सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा और न ही उत्तर पुस्तिका बाहर ले जायेगा। परीक्षा की समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्न-पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा।

# जिला मजिस्ट्रेट ने माघ मेला में 43 सेक्टर, 09 जोनल व 5 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगायी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने जनपद प्रयागराज में आयोजित हो रहे महामाघ मेला-2026 के विभिन्न स्नान पर्वो के अवसर पर शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 09 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 05 सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी है। उन्होने जोनल मजिस्ट्रेट के रूप अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बीएम सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुशील कुमार व डा0 रवि प्रकाश सिंह, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग संजय राय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ओम प्रकाश चौरसिया व अजय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 देवेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता सिंचाई शैलेन्द्र कुमार प्रजापति व जिला अभियन्ता जिला पंचायत कृष्ण कुमार भाष्कर की ड्यूटी लगायी है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में उपजिला मजिस्ट्रेट सदर, रानीगंज, पट्टी, लालगंज व कुण्डा की ड्यूटी लगायी गयी है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी के रूप में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट ने महामाघ मेला हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी, ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आदि को दिशा निर्देश निर्गत किया है।

## ऑटो रिक्शा की टक्कर से बालक घायल

**सिद्धार्थनगर ।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर कस्बा के पास सोमवार दोपहर ऑटो रिक्शा की टक्कर से छ साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक की पहचान बिस्कोहर कस्बा के वार्ड नम्बर 13 पंडित दीनदयाल नगर निवासी रमजान के पुत्र इब्राहिम ( 6 ) के रूप में हुई है। घायल बालक के पिता रमजान ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी बच्चे के साथ बाजार जा रहे थे, तभी ऑटो रिक्शा की टक्कर से बालक चोटिल हो गया। घायल बालक को स्वंजन आनन-फानन में इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी इटवा रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे बलरामपुर ले गए। चौकी प्रभारी अमित कुमार शाही ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

# मारपीट के मामले में ग्राम प्रधान समेत 11 लोगों पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा पुलिस चौकी अंतर्गत लीलाडिहवा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों का माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में इलाज चल रहा है। मोहाना थाना क्षेत्र के लीलाडिहवा में दो दिन पूर्व आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़ गये। मारपीट में एक महिला सहित 7 लोगों को गम्भीर चोटें आयी हैं। बताया जाता है कि गांव के सिवान में शुक्रवार को दर्जनों युवक क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान किसी बात को लेकर लीलाडिहवा निवासी रामसुभग व इंद्रजीत के बीच कहासुनी हो गयी। मामला हाथापाई तक पहुंच गयी। दोनों युवकों के घर वाले भी मौके पर पहुंच कर बीच बचाव किये और आपस में सुलह समझौता कर लिए। इसी विवाद को लेकर शनिवार की देर शाम रामसुभग के घर वाले इंद्रजीत के घर पर जाकर विवाद करने लगे। मामला मारपीट तक पहुंच गयी। दोनों पक्षों के बीच खूब लाठी डंडे व ईट पत्थर चले। मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में प्रकाश, हरिकेश, रामकेश, कुसुम, नरेश, राजेन्द्र, सूरज, श्रीपति को काफी चोट आई है। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में चल रहा है, इस मामले थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## ● फरियादियों की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील उतरौला में सोमवार को जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार भी उपस्थित रहे। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने भूमि विवाद, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। इसके लिए संबंधित अधिकारी नियमित निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान नियमों के अनुरूप, पारदर्शी एवं निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि सार्वजनिक स्थलों की उपयोगिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण हो चुके परिवार रजिस्टरों के स्थान पर नए परिवार रजिस्टर तैयार कराने के निर्देश दिए, जिससे अभिलेखों का अद्यतन और सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित हो सके।

उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में तहसील तुलसीपुर एवं बलरामपुर में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां जनशिकायतों को सुना गया और उनके निस्तारण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम उतरौला, सीओ उतरौला, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक का प्रदेश की कबड्डी टीम में चयन, कस्बा के खेल प्रमियों में दौडी खुशी की लहर




**हमीरपुरः-** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 के लिए प्रदेश की कबड्डी टीम में सुमेरपुर कस्बे के युवक को टीम का सदस्य बनाया गया है। इससे उसके परिवार और कस्बा के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। खेलो इंडिया बीच गेम्स के आयोजन में कस्बे के वार्ड संख्या आठ के निवासी अंशुल को 6 सदस्यीय टीम में चयन किया गया है। यह टीम दमन एंव द्वीप में 5 जनवरी से 9 जनवरी के मध्य होने वाले मैचो में खेलेगा। इस गेम्स में आठ प्रांतो की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इसके लिए पोल ए एंव पोल बी टीमें बनी है। पोल ए में आंध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दमन एवं द्वीप की टीमें शामिल की गई है और पोल बी में राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र की टीमें शामिल हैं। कस्बे के युवक के टीम में शामिल किए जाने पर उसके घर परिवार में हर्ष का माहौल है।

### सफाई कर्मियों ने की शीतकालीन वर्दी की मांग



**हमीरपुरः-** मौजूदा समय में पड रही भीषण सर्दी, कोहरा और शीत लहर के चलते सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देकर शीतकालीन वर्दी की मांग की है। नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों और आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने कामता प्रसाद के नेतृत्व में नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद को सौंपे ज्ञापन में बताया कि इस समय क्षेत्र में भीषण ठण्ड पड रही है ऐसे में सभी सफाई कर्मचारियों को सुबह घर से निकलने और सफाई करने में परेशानी होती है इस लिए सभी को शीत कालीन वर्दी उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान ब्रज किशोर, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार,आशा देवी और सुरेश कुमार सहित अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ ने बताया कि उनके द्वारा ज्ञापन दिया गया है उन्हें जल्द ही शीतकालीन वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी।

### सड़क निर्माण के लिए सड़क पर बैठे ग्रामीण



**हमीरपुरः-** मौदहा विकासखण्ड के मजरा परसदवा डेरा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर डेरा वासियों ने सड़क पर डेरा जमाकर अनशन शुरू कर दिया है।इनका कहना है कि बरसात के दिनों में डेरा का पड़ोसी गांवों व मुख्यालय से संपर्क कट जाता है। लोगों को आवागमन के लिए बैलगाड़ी का सहारा लेना पड़ता है। सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी कई बार गुहार लगाई है लेकिन उनकी यह समस्या जस की तस बनी हुई है। डेरा में एक प्रसूता को बैलगाड़ी में ले जाने का वीडियो वायरल हुआ था जिसपर अधिकारियों ने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। डेरा के दर्जनों ग्रामीणों ने पुनः भुलसी छानी मार्ग पर सड़क निर्माण करवाने की मांग कर अनशन और प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। सड़क निर्माण न होने पर पसदवा डेरा के ग्रामीणों ने सोमवार से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। अनशन में राम प्रकाश, चुन्नू यादव, गयादीन धीरज, बद पाल, दनकू, बच्चू,अशर्फी, दिवाकर, संपत, मुन्नी, रेखा, रामदुलारी, राजेंद्र निषाद, अरुण निषाद, शिव गुलाम, छोटेलाल, माता दीन व समलिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं होता तब तक उनका यह क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा।

# आईआईटी दिल्ली में 'हिंदुत्व की शाश्वत प्रासंगिकता' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ हिन्दू एकेडमिशियन (डब्लू ए एच? ए?) के तत्वाधान में 'हिंदुत्व की शाश्वत प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 300 से अधिक प्रोफेसरों एवं शिक्षाविदों ने सहभागिता की! इस संगोष्ठी का विहिप क्षेत्रीय संगठन मंत्री नीरज दनौरिया समेत गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों के साथ विधिवत उद्घाटन किया!कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए डब्लू ए एच ए के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. नचिकेत तिवारी ने कहा कि हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति को लेकर समाज में अनेक भ्रांतियाँ फैली हुई हैं। हिंदुत्व का मूल अधिष्ठान ज्ञान है, जिसमें वेद, बौद्ध दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा, संत परंपरा और विविध भाषाओं का समावेश है। हिंदुत्व की मूल पहचान ही ज्ञान है।साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भारत को विश्वगुरु बनना है, तो उसे हिंदुत्व के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है और राष्ट्र की शिक्षा नीति श्रीराम के सिद्धांतों से प्रेरित होनी चाहिए। संगोष्ठी का प्रथम सत्र 'सामाजिक समरसताः हिंदू जीवन शैली का सार' विषय पर केंद्रित रहा। इस सत्र में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए बंधुत्व और एकात्मता की भावना आवश्यक है, जिसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर ने निरंतर संघर्ष किया। हिंदुत्व के मूल में सामाजिक एकत्व निहित है, जो भारतीय राष्ट्रीय एकता के लिए अनिवार्य है।इस अवसर पर डॉ. के. जी. सुरेश ने कहा कि सामाजिक समरसता एक सतत प्रक्रिया है और भारत इस दिशा में सही मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने शिक्षा पद्धति में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया।संगोष्ठी में दस गुरु परंपरा के ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि यदि यह परंपरा न होती, तो उत्तर-पश्चिम भारत विशेषकर पंजाब की सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति अत्यंत जटिल हो सकती थी। भारत की संस्कृति और धर्म की अक्षुण्णता हजारों वर्षों के संघर्ष का परिणाम है, जिसे हिंदुत्व के सिद्धांतों ने संरक्षित किया।

दूसरा सत्र 'पंजाबः संस्कृति, चुनौतियाँ और परिवर्तन' विषय पर आयोजित हुआ। इस सत्र में डॉ. अशमिंदर सिंह बहल ने कहा कि पंजाब में युवाओं में नशे की समस्या बढ़ रही है, जिसका एक कारण पड़ोसी देश से जुड़ी परिस्थितियाँ भी हैं। युवाओं का निरंतर पलायन और धर्मांतरण जैसी चुनौतियाँ पंजाब की संस्कृति को प्रभावित कर रही हैं, जिनके समाधान हेतु सरकार को त्वरित और ठोस निर्णय लेने होंगे।विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक ने कहा कि पंजाब की समस्याओं पर निर्भीकता से विचार करना होगा। उन्होंने गुरु नानक देव जी गुरु रविदास और गुरु परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'एक ओंकार' के मंत्र में निहित निर्भयता पंजाब की सांस्कृतिक शक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक स्वार्थों के कारण पंजाब में विद्वेष फैलाया गया, जबकि यह भूमि संस्कृत, धर्म और भारतीय परंपरा से एक रही है।

उन्होंने बताया कि बजरंग दल पंजाब में नशा मुक्ति हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। संगोष्ठी का तृतीय सत्र 'हिंदू मूल्यः सामाजिक परिवर्तन की दिशा' विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में गुरु शिष्य परंपरा और सांस्कृतिक निरंतरता, भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और भारतीय मूल्यों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। भारत के भविष्य एवं सामाजिक परिवर्तन के लिए मानवीय मूल्य को लेकर चलने की बात कही कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और शिक्षाविदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## पैतृक संपत्ति विवाद में भाइयों पर जबरन निर्माण का आरोप, पुलिस से शिकायत



**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कैलाशपुर कोटवा मदनिया गांव में पैतृक संपत्ति को लेकर भाइयों के बीच विवाद सामने आया है। गांव निवासी राम रतन ने अपने ही भाइयों पर पैतृक जमीन पर जबरन मकान निर्माण करने और उन्हें उनके हिस्से से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित राम रतन के अनुसार, उनके भाई राम औगर, श्री देव, मंशाराम और हरि पैतृक मकान में उनके हिस्से की जमीन पर बिना सहमति के निर्माण कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि भाई उन्हें पैतृक संपत्ति में हिस्सा देने से साफ इनकार कर रहे हैं। राम रतन का कहना है कि जब उन्होंने निर्माण कार्य रोकने का विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज की और मारपीट की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक, आरोपित भाइयों ने कहा कि 'हम लोग तुम्हें यहां हिस्सा नहीं देंगे, जो करना है कर लो, हम किसी से नहीं डरते। 'पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है और आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर पैतृक मकान पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को रुकवाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# घर से निकलते ही कीचड़ में पड़ते हैं पैर, स्वच्छता मिशन की उड़ रही धज्जियां




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर :-** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन योजना राठ कस्बे में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कस्बे के कई मोहल्लों में हालात बद से बदतर बने हुए हैं। जगह-जगह कीचड़ से लबालब सड़कों के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को लगभग आधा सैकड़ा मोहल्लेवासियों ने तहसील पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपते हुए साफ सफाई कराने और सड़क निर्माण की मांग की है। मामला नगर के सिकंदरपुरा वार्ड नंबर-1 का है, जहां इन दिनों मोहल्ले की सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। हालत यह है कि राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी इसी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जमे कीचड़ की समय से सफाई न होने के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि करीब 10 वर्ष पूर्व यहां सड़क डाली गई थी, लेकिन जिस व्यक्ति के नाम जमीन दर्ज है, वह रास्ता देने से इनकार कर रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। मोहल्ले के निवासियों संजय चौरसिया, लाखन राजपूत, जीतू राजपूत, दीपक साहू, संतोष कुमार, अनिल कुमार, ओमप्रकाश, दुर्गादीन, अली मोहम्मद, मंजू, फूलवती, खेमचंद साहू, बृजेंद्र साहू, पवन, रामकुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से न सड़क बनी है, न पानी निकासी की व्यवस्था है। कई बार नगर पालिका राठ में शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# साल का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस चढा ठण्ड की भेंट

## ● दो दर्जन शिकायतों में सिर्फ दो निस्तारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुरः-** साल के पहले और शनिवार की जगह सोमवार को हुए समाधान दिवस पर ठण्ड की मार पड गई और जिला स्तरीय समाधान दिवस में मात्र दो दर्जन शिकायतें दर्ज की गई।कस्बे के तहसील सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी की मौजूदगी में आए दो दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में मात्र दो ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका।इस मौके पर उप जिलाअधिकारी, तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी समेत आला अधिकारी मौजूद रहे।

नगर के तहसील परिसर के स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने की। इस मौके पर 25 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख उनके निदान की गुहार लगाई हालांकि मौके पर राजस्व के केवल दो ही फरियादी के मामले का निस्तारण हो सका, सबसे अधिक मामले राजस्व, राशनकार्ड,पानी व विद्युत से संबंधित रहे। समाधान में बिवांर निवासी रघुराज विश्वकर्मा ने शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि पशु अस्पताल की जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसमें प्रधान प्रतिनिधि भरत कुमार व विवांर थाने की आवासीय बिल्डिंग अवैध निर्माण किया गया अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने की शिकायत दर्ज कराई।वही अरतरा गांव की महिला रानू देवी व कस्बे के हैदरिया मुहल्ले के एफ टी बादशाह ने राशन कार्ड में नाम कटने की शिकायत दर्ज कराई।

अपरजिला अधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों का निस्तारण अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर समय रहते पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ काम करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह, तहसीलदार शेखर मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय समेत जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे। शनिवार के बजाय सोमवार में समाधान दिवस होने पर लोगो को जानकारी का अभाव होने पर 12बजे तक कोई फरियादी नही आया।

# रकबा घटने से सफेद ज्वार की मांग प्रभावित, विदेशों में भी की जाती है निर्यात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** बुंदेलखंड की सफेदा ज्वार का रकबा घटने से इसकी कीमतों में गजब को उछाल आया है मौजूदा समय में यह सफेदा ज्वार पांच हजार प्रति कुंतल से लेकर छह हजार रुपए तक बिक रही है।

कालांतर में सफेदा ज्वार बुंदेलखंड में खरीफ की प्रमुख फसलों में शुमार थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। किसानों का मुंह इससे भंग हुआ है और इसकी जगह पर धान एवं तिल की फसलों को किसान तवज्जो दे रहे हैं। यही कारण है कि जनपद में इसका रकबा बेहद कम रह गया है?। सरीला ब्लॉक के कुछ हिस्से में इस उत्पादन का आज भी बरकरार है। बाकी सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा, मुस्कुरा, राठ, गोहाण्ड में इसका क्षेत्रफल बहुत कम हो गया है प्रतिवर्ष रकबा घटने से इसकी मांग में इजाफा हो रहा है। इस वर्ष सफेदा ज्वार का अधिकतम खुदरा मूल्य पांच हजार से लेकर छह हजार रुपए प्रति कुंतल है रकबा घटने से इस वर्ष सफेदा ज्वार मंडी में दिसंबर के बजाय जनवरी में आना शुरू हुई है वह भी गैर जनपदों से यहां लाकर बेची जाती है। कस्बे की गल्ला मंडी एशिया में सफेदा ज्वार की सबसे पुरानी मंडी है यहां की सफेदा ज्वार देश के सभी प्रांतों में जाती है। इसके अलावा कई मुस्लिम देशों में इसको भेजा जाता है। गल्ला मंडी के व्यापारी कुंज बिहारी पांडे, विपिन कुमार, अभिषेक शिवहरे, रमाकांत गुप्ता, राघवेंद्र पांडे, उदित नारायण तिवारी, संतोष गुप्ता, राजू गुप्ता आदि ने बताया कि जिले में सफेदा ज्वार का उत्पादन नगण्य हो गया है। इस वर्ष सफेदा ज्वार बांदा, चित्रकूट, छतरपुर, कबरई, महोबा से यहां लाकर बेची जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि मौजूदा समय में जसपुरा, पैलानी, बबेरू, अतर्रा, करतल, बदौसा, फतेहगंज, कर्वी, मानिकपुर, मऊ, लौंडी, गौरिहार, श्रीनगर आदि जगहों में सफेदि ज्वार मंडी में आना शुरू हुई है।

मंडी के व्यापारियों ने बताया कि सफेदा ज्वार की सर्वाधिक मांग दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान से होती है। इसके अलावा सऊदी अरब, अफगानिस्तान, कुवैत, यमन, दुबई, ओमान, ईरान, ईराक, केन्या, तंजानिया आदि देशों में भी जाती है। व्यापारियों के अनुसार सफेदा ज्वार का ज्यादातर प्रयोग पशुचारे के रूप में किया जाता है। कस्बे की गल्ला मंडी में सफेदा ज्वार की खरीद फरोख्त के लिए पूरे देश में अंग्रेजी शासन के समय से मशहूर है। अंग्रेजों के जमाने से यहां से ज्वार और सनई मालगाड़ी के माध्यम से बाहर ले जाया जाता था।

# बिसवां केवल एक नगर नहीं बल्कि कृषि परिश्रम व्यापार और संस्कारों की समृद्ध भूमि हैः-महानारायण वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)** विधानसभा बिसवा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता,पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जनसेवक महानारायण वर्मा 'महान' ने एक प्रेसवार्ता के माध्यम से अपनी विकास दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बिसवां केवल एक नगर नहीं, बल्कि कृषि, परिश्रम, व्यापार और संस्कारों की समृद्ध भूमि है, जिसे योजनाबद्ध विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में यातायात अव्यवस्था, संकरी सड़कें, भारी वाहनों का दबाव, ट्रैफिक प्रबंधन की कमी तथा उच्च व प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता शामिल है। इन समस्याओं का समाधान केवल कागजी योजनाओं से नहीं, बल्कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, ईमानदार क्रियान्वयन और जनभागीदारी से संभव है।

महानारायण वर्मा ने कहा कि बिसवां विधानसभा क्षेत्र का विकास चार मजबूत स्तंभों–औद्योगिकीकरण, शिक्षा, महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए रोजगार–पर आधारित होना चाहिए। क्षेत्र कृषि प्रधान है, जहां गन्ना, गेहूं और अन्य फसलों पर आधारित लघु व मध्यम उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। फूड प्रोसेसिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, पैकेजिंग उद्योग और कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उद्योगों की स्थापना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार उपलब्ध होंगे। कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। 'युवक, कुशल और आत्मनिर्भर'–यही बिसवां के युवाओं की पहचान बने, यही लक्ष्य है। उन्होंने आगे पत्रकारों को बताया कि शिक्षा को मजबूत भविष्य की आधारशिला बताते हुए उन्होंने कहा कि बिसवां में बेहतर सार्वजनिक महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और सुदृढ़ प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं, प्रशिक्षित शिक्षक और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। श्री वर्मा ने आगे कहा कि महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर जोर



देते हुए उन्होंने कहा कि महिला स्वास्थ्य केंद्रों की मजबूती, नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण कार्यक्रम और मातृ-शिशु देखभाल सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता होगी। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा।

उन्होंने आगे पत्रकारों को बताया कि स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को लेकर उन्होंने कहा कि स्वच्छ सड़कें, बेहतर जल निकासी और साफ सार्वजनिक स्थल बिसवां की पहचान बनेंगे। वहीं बिसवां-लखनऊ मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाकर व्यापार व उद्योग को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि विधानसभा बिसवा एक विकसित बिसवां के रूप में मानचित्र में नजर आए।जहां हर नागरिक का सम्मान हो, अवसर और सुरक्षित भविष्य महसूस कर सके।

## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड आयु सीमा में छूट की मांग की

**कोंच(जालौन):** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा हाल ही में जारी की गई आरक्षी [illegible] और जेल वार्डर भर्ती के विज्ञापन ने हजारों युवाओं की चिंता बढ़ा दी है। विज्ञापन में आयु सीमा में छूट न मिलने के कारण नाराज अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन कोंच उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह को सौंपा है।

**क्या है पूरा मामला?** भर्ती बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या PRPB-B(07)/2025 दिनांक 31/12/2025 जारी किया गया है। इसमें पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 22 वर्ष निर्धारित की गई है। युवाओं का तर्क है कि लंबे समय से भर्ती का इंतजारः जेल वार्डर और अन्य समकक्ष पदों पर अंतिम भर्ती वर्ष 2018 में आई थी। पिछले 7 सालों से कोई नई भर्ती न आने के कारण लाखों युवा निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके हैं। अभ्यर्थियों ने पत्र में याद दिलाया कि 18 नवंबर और 15 दिसंबर 2025 को गोरखपुर और लखनऊ के 'जनता दरबार' में मुख्यमंत्री ने स्वयं आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देने का आश्वासन दिया था। SI भर्ती का उदाहरणः युवाओं का कहना है कि 2025 की उप-निरीक्षक (SI) भर्ती में भी 3 साल की छूट दी गई थी, जबकि उसकी पिछली भर्ती 2021 में ही हुई थी। ऐसे में PAC और जेल वार्डर भर्ती में यह छूट न देना अन्यायपूर्ण है। अजय कुमार, संगम, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवालय गौतम सहित दर्जनों अभ्यर्थियों ने मांग की है कि अधिकतम आयु सीमा को 22 वर्ष से बढ़ाकर 25 वर्ष किया जाए। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष आयु छूट का प्रावधान तुरंत लागू हो। युवाओं का कहना है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया, तो प्रदेश के लाखों योग्य युवा इस भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

# आगामी त्योहारों से पहले स्वच्छता पर प्रशासन सख्त, डीएम ने दिए व्यापक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई(जालौन):** आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कैंप कार्यालय से वर्चुअल समीक्षा बैठक कर संबंधित विभागों को स्पष्ट और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्रों की मलिन व घनी बस्तियों में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न होने देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान अनिवार्य रूप से चलाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक वार्ड में सुबह 5 बजे से 8 बजे तक सफाई कर्मियों की बीट निर्धारित कर सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कराने और शाम की दूसरी पाली में भी कूड़ा उठान सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने नगर निकायों के अधीन सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में नियमित साफ-सफाई एवं विसंक्रमण कराने के निर्देश दिए। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर सूक्ष्म कार्ययोजना बनाने, दिन में एंटी-लार्वा स्प्रे और शाम के समय फॉगिंग कराने को कहा गया। इसके साथ ही मलिन बस्तियों में ब्लीचिंग पाउडर, मैलाथियान डस्ट और चूने के नियमित छिड़काव पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के दौरान एकत्र कूड़े को तत्काल सेनेटरी लैंडफिल साइट या निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जाए और किसी भी स्थिति में सड़कों पर कूड़ा या सिल्ट न छोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के अनुरूप कूड़े के संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन, प्रसंस्करण और निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जनसामान्य में व्यक्तिगत एवं पर्यावरणीय स्वच्छता, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के उपयोग तथा एईएस/जेई व अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन के क्रॉस-कनेक्शन की नियमित जांच, लीकेज की त्वरित मरम्मत और पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने पर भी जोर दिया। डीएम ने नगर निकाय, जलकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी प्रतिदिन फील्ड में जाकर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करें और नियमित निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने दो टूक कहा कि स्वच्छता और जनस्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा की कोमल ने धोबीपछाड़ मारकर फैजापुर के अजय को दी पटखनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** मुस्करा विकासखंड के बिहूनी गांव में चल रहे दंगल आयोजन के दूसरे दिन विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी ने पहलवानों के हांथ मिलवाकर शुभारंभ किया।दंगल में पहली कुश्ती रिंकू हरियाणा और सौरभ कानपुर की हुई जिसमें पहलवानों ने अपने अपने दांव पेंच दिखाए जिसमें रिंकू हरियाणा ने विजय प्राप्त की दूसरी कुश्ती बादल रायबरेली और विकास जालौन की हुई जिसमें बादल रायबरेली ने विकास को चित कर दिया और तीसरी कुश्ती लुआ राजस्थान और श्याम खरेला जिसमें श्याम खरेला ने लुआ राजस्थान को चित कर दिया जिसके बाद बाबा पहलवान लक्ष्मण दास अयोध्या और आशिक खलीपार जिसने हजारों दर्शकों का मन मोह लिया उसके बाद महिला कुश्ती में कोमल पहलवान हरियाणा और अजय फैजापुर के बीच हुई जिसमें दर्शकों का मन मोह लिया दोनों पहलवानों ने अपने अपने दांव पेंच दिखाए जिसमें कोमल पहलवान हरियाणा ने अजय फैजापुर पहलवान को पटकनी दे दी दंगल में लगभग तीन दर्जन कुश्ती हुई जिसमें जीते हुए पहलवानों को कमेटी द्वारा ईनाम दे कर सम्मानित किया गया हजारों की संख्या में आस पास से आए दर्शकों की भीड़ रही दंगल ग्राउंड पूरा भरा रहा जिसमें मुख्य अतिथि में भरत अनुरागी विधायक प्रतिनिधि राठ , जनक राजपूत जिओ उदीसा फिलिंग



स्टेशन इंडो फार्म ट्रैक्टर एजेन्सी मुस्करा उपस्थित रहे जिसका संचालन इंजी धर्मेन्द्र सक्सेना, डॉ अजीत राजपूत, महेश अनुरागी, संजय प्रजापति, अंकुर तिवारी, अनिल खटीक मौजूद रहे।